हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
जोहार
नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • गुरुवार • 01.01.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 157 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## डीआरडीओ ने दो प्रलय मिसाइलों का किया सफल प्रक्षेपण, पाकिस्तान के 10 बड़े शहर निशाने पर

### वायु सेना और भारतीय सेना में शामिल करने की तैयारी जल्द होगी शुरू

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** डीआरडीओ ने बुधवार को ओडिशा के तट पर एक ही लॉन्चर से एक के बाद एक दो प्रलय मिसाइलें लॉन्च कीं। दोनों मिसाइलों ने तय रास्ते पर चलते हुए सभी उड़ान मानक पूरे किए, जिसकी पुष्टि ओडिशा के चांदीपुर में लगाए गए ट्रैकिंग सेंसर ने की। सफल परीक्षण के बाद अब इस मिसाइल प्रणाली को वायु सेना और भारतीय सेना के साथ शामिल करने की तैयारी जल्द ही शुरू हो जाएगी। डीआरडीओ ने आज सुबह करीब 10:30 बजे चांदीपुर के आईटीआर से एक ही लॉन्चर से दो प्रलय मिसाइलें एक के बाद एक सफलतापूर्वक लॉन्च कीं। यह उड़ान परीक्षण उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षण के हिस्से के तौर पर किया गया था। दोनों मिसाइलों ने तय रास्ते पर चलते हुए सभी उड़ान उद्देश्य पूरे किए। प्रलय देश में बनी ठोस प्रणोदक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है, जो अलग-



अलग लक्ष्यों पर कई तरह के वॉरहेड ले जाने में सक्षम है। डीआरडीओ ने इस मिसाइल को विकसित किया है, जिसका परीक्षण रेंज 475 किलोमीटर तक था। सतह से सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल की मारक क्षमता 500 किमी. तक है।

यह मिसाइल भारत के प्रमुख सेना कैंप फिरोजपुर, जैसलमेर, भुज से पाकिस्तान के 10 बड़े शहर लाहौर, फैसलाबाद, गुजरांवाला, रावलपिंडी, इस्लामाबाद, बहावलपुर, मुल्तान, लाहौर, कराची, हैदराबाद, सुक्कुर को निशाना बना सकती है। इस मिसाइल को पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर तैनात किये जाने की मंजूरी सरकार से मिल चुकी है। मिसाइल की जद में पाकिस्तान के कई प्रमुख एयरबेस और महत्वपूर्ण चीनी ठिकाने आएंगे। इस मिसाइल को उच्च-स्तरीय दुश्मन ठिकानों, जैसे हवाई अड्डे, आपूर्ति डिपो और सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले के लिए डिजाइन किया गया है।

इस मिसाइल को रिसर्च सेंटर इमारत, हैदराबाद ने डीआरडीओ की दूसरी प्रयोगशाला रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, उन्नत प्रणाली प्रयोगशाला, आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, रक्षा धातुकर्म अनुसंधान प्रयोगशाला, टर्मिनल बैलिस्टिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान ने भारत डायनामिक्स लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और दूसरे भारतीय उद्योगों के साथ मिलकर विकसित किया है। परीक्षण के लिए मिसाइल प्रणाली को दो विकास-सह-उत्पादन भागीदारों ने एकीकृत किया था। परीक्षण को डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों, वायु सेना और भारतीय सेना के अधिकारियों के साथ-साथ विकास-सह-उत्पादन भागीदारों के प्रतिनिधियों ने देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइलों के एक के बाद एक सफल लॉन्च पर डीआरडीओ, वायु सेना, भारतीय सेना, डीपीएसयू को बधाई देते हुए कहा कि सफल परीक्षण से प्रलय मिसाइल की विश्वसनीयता साबित हुई है।

## सीएम ने आईपीएस रैंक में प्रोन्नत अधिकारियों को दी बधाई, बैज पहनाकर किया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य पुलिस सेवा के कई अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इनमें राम समद, रोशन गुड़िया, अविनाश कुमार, राजेश कुमार, मजरूल होदा तथा दीपक कुमार शामिल थे। उल्लेखनीय है कि इन सभी अधिकारियों को हाल ही में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) रैंक में पदोन्नति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अधिकारियों को आईपीएस की बैज पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी अधिकारियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य सचिव अविनाश कुमार तथा पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा भी उपस्थित थीं। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने भी नव-प्रोन्नत अधिकारियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया।

## मुख्यमंत्री सोरेन से डीजीपी ने की मुलाकात

**रांची :** कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रीमती मिश्रा को पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के पद पर नियुक्ति एवं पदस्थापन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



### शुभकामना संदेश

नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर *प्रत्यूष नवबिहार* की ओर से पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं हॉकरों सहित सभी शुभेच्छुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

–संपादक

### एक नजर

#### राष्ट्रपति ने देशवासियों को दी नववर्ष की बधाई

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नव वर्ष 2026 की पूर्व संध्या पर देश-विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि नव वर्ष का अवसर नई ऊर्जा और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक है। यह आत्ममंथन करने और नए संकल्प लेने का भी अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर हमें राष्ट्र के विकास, सामाजिक सौहार्द और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कामना की कि वर्ष 2026 सभी के जीवन में शांति, सुख और समृद्धि लेकर आए तथा एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए नई ऊर्जा का संचार करे।

#### दर्द निवारक दवा 'निमेसुलाइड' पर प्रतिबंध

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने त्वरित दर्द से मुक्ति दिलाने वाली दवा 'निमेसुलाइड' के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी है और साथ ही इसके किसी भी 100 मिलीग्राम से अधिक मात्रा वाले मौखिक फॉर्मूलेशन की बिक्री पर भी रोक लगा दी है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि 'निमेसुलाइड' के मानव शरीर पर विपरीत प्रभाव हो सकते हैं और इस दवा के विकल्प भी आसानी से उपलब्ध हैं। इसको देखते हुए ड्रग एवं कॉस्मेटिक एक्ट, 1940 के अनुच्छेद 26ए का उपयोग करते हुए ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड के परामर्श पर प्रतिबंध लगाए जाते हैं।

## दिल्ली में ईडी की बड़ी छापेमारी, 5.12 करोड़ कैश और 8.80 करोड़ की ज्वेलरी जब्त



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के सर्वप्रिय विहार इलाके में मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए व्यापक स्तर पर छापेमारी की है। यह तलाशी अभियान 30 दिसंबर 2025 को शुरू किया गया था, जो अब तक लगातार जारी है। इस कार्रवाई के दौरान ईडी को करोड़ों रुपये की नकदी और भारी मात्रा में कीमती संपत्तियां बरामद हुई हैं, जिससे मामले की गंभीरता और दायरा और अधिक स्पष्ट हो गया है।

छापेमारी के दौरान ईडी के जांच अधिकारियों ने ₹5.12 करोड़ की बड़ी नकद राशि जब्त की है। नकदी की मात्रा इतनी अधिक थी कि उसकी गिनती के लिए बैंक अधिकारियों को विशेष रूप से कैश काउंटिंग मशीनों के साथ मौके पर बुलाना पड़ा। नकदी अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखी गई थी, जिसे तलाशी के दौरान बरामद किया गया।

नकदी के अलावा ईडी ने एक सूटकेस में भरे हुए सोने और हीरे के कीमती आभूषण भी जब्त किए हैं। इन गहनों की अनुमानित कीमत करीब ₹8.80 करोड़ बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि ये आभूषण अवैध धन से खरीदे गए हो सकते हैं और इन्हें संपत्ति के रूप में छिपाकर रखा गया था।

इसके साथ ही ईडी को एक बैग से कई चेक बुक, महत्वपूर्ण वित्तीय दस्तावेज और विभिन्न संपत्तियों से जुड़े कागजात भी मिले हैं। इन दस्तावेजों की कुल अनुमानित वैल्यू करीब ₹35 करोड़ आंकी जा रही है। जांच एजेंसी इन दस्तावेजों की गहनता से जांच कर रही है, ताकि धन के स्रोत, लेनदेन की कड़ियां और इसमें शामिल लोगों की भूमिका का पता लगाया जा सके।

फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय की टीम पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों की जांच के बाद मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क से जुड़े और भी अहम खुलासे हो सकते हैं। मामले में आगे की कार्रवाई जांच के निष्कर्षों के आधार पर की जाएगी।

## बांग्लादेश की पहली महिला पीएम खालिदा जिया को अंतिम विदाई, भारत समेत कई देशों के नेता शामिल

एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया की नमाज-ए-जनाजा जातीय संसद भवन के साउथ प्लाजा में आयोजित की गई, जहां हजारों लोग दिग्गज नेता को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्रित हुए।

रिपोर्ट के अनुसार, जनाजे की नमाज बैतुल मुकर्रम राष्ट्रीय मस्जिद के खतीब ने पढ़ाई, जबकि बीएनपी स्थायी समिति के सदस्य नजरुल इस्लाम खान ने कार्यवाही की देखरेख की। सुबह से ही मानिक मियां एवेन्यू में मातम मनाने वालों का तांता लगा रहा, जिसमें बीएनपी के नेता और पार्टी कार्यकर्ता ढाका और फेनी, ब्राह्मणबारिया, मयमनसिंह, कुमिला, गाजीपुर, मुंशीगंज और नारायणगंज जैसे जिलों से नमाज-ए-जनाजा में शामिल होने के लिए पहुंचे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस अंतिम संस्कार की प्रार्थना में शामिल होने



और अपनी अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए संसद परिसर पहुंचे। नमाज-ए-जनाजा के बाद यह घोषणा की गई कि खालिदा जिया को राजधानी के शेर-ए-बांग्ला नगर में उनके पति, पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बगल में दफनाया जाएगा।

भारत ने अंतिम संस्कार में अपनी भागीदारी की औपचारिक पुष्टि कर दी है। बांग्लादेश संगबाद संगस्था (बीएसएस) ने भारतीय उच्चायोग के प्रवक्ता के हवाले से बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर बुधवार सुबह एक विशेष विमान से ढाका पहुंचे, जो सुबह 11:30 बजे उतरा और बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त ने उनका स्वागत किया। अपने आगमन के बाद, जयशंकर ने बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान से मुलाकात की और भारत की ओर से संवेदना व्यक्त की।

एक्स पर एक पोस्ट में, जयशंकर ने कहा, ढाका पहुंचने पर, मैंने बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष और बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक निजी पत्र तारिक रहमान को सौंपा। जयशंकर ने कहा, ₹मैंने उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक निजी पत्र सौंपा। मैंने भारत सरकार और भारत की जनता की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की। जयशंकर ने खालिदा जिया की विरासत और द्विपक्षीय संबंधों के लिए इसके महत्व का भी उल्लेख किया। उन्होंने आगे कहा, मुझे विश्वास है कि बेगम खालिदा जिया की दूरदृष्टि और मूल्य हमारी साझेदारी के विकास का मार्गदर्शन करेंगे। अलग से, भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने कहा कि अपनी यात्रा के दौरान, जयशंकर ने भारत की जनता और सरकार की ओर से संवेदना व्यक्त की क्योंकि बांग्लादेश पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक मना रहा है। एक्स पर एक पोस्ट में, हामिदुल्लाह ने कहा कि जयशंकर ने लोकतंत्र को मजबूत करने में खालिदा जिया की भूमिका को स्वीकार किया और आगामी फरवरी 2026 में होने वाले चुनाव के माध्यम से बांग्लादेश के लोकतांत्रिक परिवर्तन के बाद द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के बारे में आशावाद व्यक्त किया।

## ₹20,668 करोड़ के दो प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी, 374 किमी लंबे नासिक-अक्कलकोट कॉरिडोर से 17 घंटे की होगी बचत

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सड़क परिवहन और कनेक्टिविटी के लिहाज से देश के लिए बुधवार का दिन बेहद खास रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने दो बड़ी सड़क परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। इन परियोजनाओं पर कुल 20,668 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार के इस फैसले का सीधा असर आम आदमी की जिंदगी, सफर में लगने वाले समय और माल ढुलाई की लागत पर पड़ने वाला है। इस मंजूरी के बाद महाराष्ट्र और ओडिशा के कई जिलों की तस्वीर बदलने वाली है, जिससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।



इस फैसले का सबसे बड़ा फायदा महाराष्ट्र को मिलने जा रहा है। सरकार ने नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी है, जिसके लिए 19,142 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट तय किया गया है। यह सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि एक 6-लेन वाला एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर होगा। इसका मतलब है कि यह पूरी तरह से नया रास्ता होगा, जिसे तेज गति और सुरक्षित यात्रा के लिए डिजाइन किया गया है।

इस कॉरिडोर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह पश्चिम तट को पूर्वी तट से जोड़ने में एक अहम कड़ी साबित होगा। यह प्रोजेक्ट नासिक, अहिल्यानगर (अहमदनगर), धाराशिव और सोलापुर जैसे महत्वपूर्ण शहरों को सीधे कनेक्टिविटी देगा। नक्शे पर देखें तो यह मार्ग दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और निमार्णाधीन चेन्नई-कुरनूल कॉरिडोर के बीच एक सेतु का काम करेगा। इससे न केवल यात्रियों को फायदा होगा, बल्कि लॉजिस्टिक्स के लिए भी यह किसी वरदान से कम नहीं है। आम यात्री के लिए सबसे बड़ी राहत की खबर यह है कि इस कॉरिडोर के बनने से यात्रा के समय में भारी कमी आएगी। वर्तमान में जिस सफर को तय करने में लंबा समय लगता है, उसमें अब करीब 17 घंटे की बचत होने का अनुमान है। सरकार के मुताबिक, इस नए रास्ते से यात्रा की दूरी भी करीब 201 किलोमीटर कम हो जाएगी। डिजाइन के लिहाज से इसे 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के लिए तैयार किया जा रहा है, हालांकि औसत गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे मानी गई है। सोचिए, जिस सफर में पहले 31 घंटे लगते थे, वह अब घटकर लगभग आधा रह जाएगा। यह न केवल समय बचाएगा बल्कि ईंधन की खपत कम करके प्रदूषण घटाने में भी मदद करेगा। साथ ही, यह पुणे-नासिक एक्सप्रेसवे की जरूरतों को भी पूरा करेगा, जिसकी मांग लंबे समय से की जा रही थी। महाराष्ट्र के अलावा, ओडिशा के लिए भी 1,562 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी मिली है। इसके तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-326 का चौड़ीकरण किया जाएगा।

## मौसम विभाग ने झारखंड के 10 जिलों में आज घने कुहासे का जारी किया येलो अलर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य के 10 जिलों में घना कुहासे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के जिन जिलों में घना कुहासा छाने का अलर्ट जारी किया गया है उनमें दक्षिण-पूर्वी और उत्तरी जिले (देवघर, गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, चतरा, पलामू, गढवा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां) शामिल हैं। मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की है। इसके बाद पुनः इसमें धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री की गिरावट होने की बात कही है। यह जानकारी मौसम विभाग ने बुधवार को दी।



दिन में सबसे ठंडा पाकुड और रात में सबसे सर्द गुमला पिछले 24 घंटों के दौरान झारखंड का सबसे अधिक ठंडा पाकुड और सबसे सर्द रात गुमला की रही। पाकुड में अधिकतम तापमान 17.8 डिग्री और गुमला में न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इधर, राज्य के वायुमंडल के निचले हिस्से में मध्यम दर्जे की उत्तर से उत्तर-पश्चिमी हवा चलने से रांची सहित विभिन्न जिलों में दिनभर कनकनी महसूस की गई। हालांकि दिन में धूप में तल्खी महसूस की गई। लेकिन शाम होते ही पुनः भारी ठंड महसूस की गई। वहीं,बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार जमशेदपुर में 21.1 और 9 डिग्री, डालटेनगंज में 20.5 और 5.1 डिग्री, बोकारो में 22.5 और 6.1 डिग्री, चाईबासा में 24.4 डिग्री और 8.8 डिग्री, खूंटी में 26.9 और 5.2 डिग्री, लोहरदगा में 26 और 5.1 डिग्री, लातेहार में 21.3 और 11.6 डिग्री और सरायकेला में अधिकतम तापमान 21.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## एक नजर

### एसडीओ ने देर रात जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**बरही :** बरही एसडीओ जोहन टुड्डू ने बीते देर रात बरही चौक पर कंबल वितरण अभियान चलाया। कड़ाके की ठंड से असहाय लोगों को बचाने के लिए एसडीओ बीते रात सड़क पर उतरे। एसडीओ ने बरही के धनबाद रोड, गया रोड और हजारीबाग रोड समेत अन्य स्थानों पर दर्जनों वंचित गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को ठंड से बचाव एवं जीवन की रक्षा को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बरही प्रशासन विपदा की हर घड़ी में हमेश तत्पर रहती है। साथ ही कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। वहीं उन्होंने सामाजिक संस्थाओं को भी समाज एवं मानव सेवा में आगे आने के जरूरत पर बल दिया है। मौके पर कई अन्य लोग मौजूद थे।

### चलकुशा के रंजीत साव का भारतीय सेना में चयन प्रशिक्षण के लिए हुए रवाना



**चलकुशा :** निवासी शंकर साव के छोटे पुत्र रंजीत कुमार साव ने अग्निवीर में सफलता हासिल कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है रंजीत साव मात्र 18 वर्ष के हैं और इतनी कम उम्र में वे भारतीय सेना के लिए चयनित हुए हैं वे ट्रेनिंग के लिए बुधवार को घर से करीब 2 बजे निकले निकलते समय क्षेत्र के जनप्रतिधियों और ग्रामीण लोगों ने उन्हें पुष्प की माला पहना कर उन्हें ट्रेनिंग के लिए विदाई दी रंजीत के पिता राजमिस्त्री हैं। और बेटे के इस उपलब्धि से वे काफी खुश हैं। उन्होंने बताया की हमारा बेटा का सपना था कि वो देश की सेवा करे और इतने कम उम्र में वे इस सफलता को प्राप्त किए हैं। विदाई के दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी पंचायत समिति प्रतिनिधि उमेश साव लखन साव राजकुमार पंडित और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा, चालक बाल-बाल बचा

**हजारीबाग :** चलकुशा थाना क्षेत्र के ग्राम बरियौन की ओर से कटघरा की ओर ईंट लेकर जा रही एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसा अचानक हुआ, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि चालक ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए समय रहते ट्रैक्टर से कूदकर अपनी जान बचा ली। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद जेसीबी मशीन की मदद से ट्रैक्टर को गड्ढे से बाहर निकाला गया।

### नव वर्ष को लेकर पिकनिक स्पॉट पर पुलिस रहेगी चौकस

**बड़कागांव :** आज नव वर्ष के आगमन पर प्रखंड के तमाम पिकनिक स्पॉट पर सैलानियों की काफी भीड़ रहेगी। बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस ने शांति व्यवस्था को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। तमाम पिकनिक स्पॉट एवं चौक चौराहे पर पर पुलिस चौकस रहेगी एवं स्थिति पर नजर बनाए हुए रहेगी। ताकि आपस में किसी प्रकार की लड़ाई झगड़ा मारपीट नहीं हो , ताकि नव वर्ष शांतिपूर्वक संपन्न हो सके। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नव वर्ष के आगाज का जश्न अवश्य मनाएं परंतु नशे से दूर रहें ,नशे के कारण आपस में लोगों का मतभेद होने के बाद हालात मारपीट में तब्दील हो जाती है। इसलिए मिलजुल कर शांतिपूर्वक नववर्ष को मनाए और नशे से दूर रहें।

# पांच लेयर सुरक्षा ध्वस्त, हजारीबाग सेंट्रल जेल से तीन कैदी रस्सी के सहारे फरार

## सुरक्षा पर उठी सवाल, जांच में जुटी पुलिस, छापेमारी जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** पांच लेयर सुरक्षा घेरा के बावजूद हजारीबाग स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा से तीन कैदी फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तीनों कैदी जेल के चार नंबर गुमटी से रस्सी के सहारे फरार हुए। यह घटना रात करीब 1 बजे से 2 बजे के बीच की बताई जा रही है। जांच के दौरान जेल के पीछे की ओर एक रस्सी बरामद की गई है, जो टेंट हाउस में उपयोग किए जाने वाले कपड़े के टुकड़ों से बनाई गई थी। घटनास्थल के निरीक्षण से यह स्पष्ट हुआ है कि रस्सी पहले जेल के अंदर से बाहर फेंकी गई थी, जो चारदीवारी पर लगे




बिजली प्रवाहित तार में फंसी हुई पाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों कैदी शौचालय जाने का बहाना बनाकर बैरक से बाहर निकले और शौचालय की खिड़की के रास्ते फरार हो गए। जेल के बाहरी हिस्से में लगी तार की फेंसिंग भी टूटी हुई पाई गई है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि यह फेंसिंग पहले से ही क्षतिग्रस्त थी। गौरतलब है कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हाई सिक्योरिटी जेल के रूप में जाना जाता है, जहां पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू है और चारदीवारी पर 24 घंटे बिजली प्रवाहित रहने वाला तार लगाया गया है। इसके बावजूद कैदियों का फरार होना जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खडा करता है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। सुरक्षा में हुई चूक को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मियों की पहचान कर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फरार कैदियों की धर पकड़ के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। हालांकि अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि तीनों कैदी कहां के थे और किस जुर्म में बंद है। लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीनों कैदी गिरिडीह जिले के है और उम्र कैद की सजा काट रहे थे। लेकिन यह अधिकारिक पुष्टि नहीं है।

## चलकुशा प्रखंड मुख्यालय में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** चलकुशा प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत सचिव, बीसी आवास प्रभारी, 15वीं वित्त, बीपीएम जेएसएलपीएस, रोजगार सेवक, सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बीडीओ अमृता सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही ई-केवाईसी, दीदी बाड़ी योजना, मनरेगा की पुरानी योजनाओं को बंद करने, केसीसी एवं क्रेडिट लिंकेज को बढ़ाने, अधिकतम संख्या में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के गठन पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने आवास योजना एवं मंईया सम्मान योजना के लाभुकों को अनिवार्य रूप से स्वयं सहायता समूह से जोड़ने का निर्देश दिया, ताकि लाभुकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। बैठक में सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति पर गंभीरता से कार्य करने की बात कही गई।

## चौपारण में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के तहत 46 दोपहिया वाहनों का कटा चालान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** बुधवार को चौपारण थाना क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में थाना परिसर के समीप संचालित किया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन कर चल रहे कुल 46 दोपहिया वाहनों की जांच की गई तथा आवश्यक कागजात नहीं होने और यातायात नियमों की अनदेखी करने पर चालान काटे गए। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा को मजबूत किया जा सके। थाना प्रभारी ने आम लोगों से



### एंटी क्राइम अभियान के तहत सिकरी पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**बड़कागांव :** वर्ष 2025 के अंतिम दिन 31 दिसंबर को सिकरी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने पतरा कलां मुख्य चौक पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया ।वाहन जांच अभियान के दौरान दर्जनों दोपहिया वाहनों के कागजात हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस के जांच की गई! इस दौरान लगभग डेढ़ दर्जन दोपहिया वाहन चालकों के ट्रैफिक नियम का अनुपालन नहीं करने के आरोप में चालान के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को अग्रसारित किया गया। इस संदर्भ में ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने बताया कि वर्ष के अंतिम दिन केरेडारी बड़कागांव मुख्य सड़क के पतरा कलां चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब पी कर वाहन चलाने वालों बगैर हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन के अपडेट कागजात नहीं रखने वालों को चिह्नित कर चालान के लिए भेजा गया है! इस दौरान वाहन चालकों से आग्रह किया गया कि शराब पी कर वाहन ना चलाएं और हमेशा हेलमेट का उपयोग करें।

## धनवार में आंगन महिला मंडल की जविप्र दुकान से दिसंबर माह का राशन गबन, जांच में पुष्टि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही के धनवार गांव के राशन लेने वाले लाभुकों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन देकर आंगन महिला मंडल के अध्यक्ष पर दिसंबर माह का राशन गबन कर लेने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के आवेदन पर बुधवार 31 दिसंबर को बीएसओ संजय कुमार यादव ने आंगन महिला मंडल के धनवार स्थित जन वितरण प्रणाली के दुकान की जांच की और ग्रामीणों के आरोप को सही पाया। जांच के दौरान जन वितरण प्रणाली के दुकान और उससे से जुड़े लाभुकों से पुछताछ की जिसकी वीडियोग्राफी भी की गई। जांच के बाद बीएसओ ने डीएसओ हजारीबाग को रिपोर्ट भेज दी है और कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि धनवार स्थित आंगन महिला मंडल अनुज्ञप्ति संख्या 02/09 की अध्यक्ष अकीना खातून महिला मंडल की अन्य सदस्यों को छोड़कर मनमाने ढंग से गड़बड़ी कर दिसंबर माह का अनाज लाभुकों को नहीं दिया। लाभुकों को दिग्भ्रमित कर उनका फिंगर प्रिंट ई पोश मशीन में ले लिया और राशन वितरण नहीं किया। आंगन महिला मंडल की अध्यक्ष अकीना खातून ने ज्यादा लाभ कमाने के लिए राशन को खुले बाजार में बेच दिया। अकीना खातून ने जनवरी माह का राशन भी उठाव कर लिया है ।जांच के दौरान उनके दुकान में जनवरी माह का खाद्यान्न का स्टाक भी कम पाया गया। बीएसओ संजय यादव ने अनियमितता पाए जाने पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी से तत्काल प्रभाव से अनुज्ञप्ति को निलंबित करने और जविप्र दुकान संचालक आंगन महिला मंडल की अध्यक्ष के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। दूसरी ओर आंगन महिला मंडल की सचिव खैरुन निशा, कोषाध्यक्ष आमना खातून, सदस्य समीना खातून, अमीना खातून, जुलैखा खातून, मुनिया खातून, समीना खातून और रसीदा खातून ने अध्यक्ष अमीना खातून को अध्यक्ष पद से अविलंब बर्खास्त करने और सदस्यों के बीच से अध्यक्ष का चुनाव कराने की मांग की है।

## बाल संस्कार केंद्र की मातृशक्ति शिक्षिकाओं की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और डॉ बसंत दिगंबर आगासे स्मृति सेवा संस्थान से संचालित बाल संस्कार केन्द्र के मातृशक्ति शिक्षकाओं की कार्यशाला बुधवार को होटल आकाश पैलेस में संपन्न हुआ। कार्यशाला में संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत संघ संचालित पांचों संस्कार केन्द्र के सेवा बस्ती और सेवा मोहल्ला के सभी घरों में टोली के साथ गृह संपर्क का अनुभव शिक्षिकाओं ने प्रस्तुत की। क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने पिछले माह संपन्न निर्धारित पाठ्यक्रम की समीक्षा की और आगे के पाठ्यक्रम का अभ्यास कराया। सेवाभावी व्यवसायी लक्ष्मण साव ने बच्चों की अधिक से अधिक उपस्थिति बनाए रखने के लिए खेल, गीत, कविता,के माध्यम से बच्चों के साथ सहजता के अनेक नुस्खे बताए। बतौर विशिष्ट अतिथि आकाश पैलेस होटल के संचालक रामेश्वर पंडित ने बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए शिक्षिकाओं को अभ्यास कराया। शांति मंत्र के साथ कार्यशाला की समाप्ति हुई।

## हजारीबाग में ग्रामीण विकास मंत्री एवं विधायक ने कृष्ण बल्लभ सहाय जी की प्रतिमा का किया लोकार्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** संत कोलंबस कॉलेज के समक्ष के.बी. सहाय पार्क में बुधवार को संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम के प्रखर सेनानी एवं लौह पुरुष कृष्ण बल्लभ सहाय जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिह, हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद व कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से अनावरण किया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि उनके आदर्शों सुशासन, सामाजिक न्याय और निर्भीक जनसेवा को अपने आचरण एवं कार्यशैली में उतारने का संकल्प व्यक्त किया। लोगों को संबोधित करते हुए



विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि कृष्ण बल्लभ सहाय का संपूर्ण जीवन सत्य, साहस, सिद्धांतनिष्ठा और जनहित के प्रति अडिग नेतृत्व का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर स्वतंत्र भारत के शासनकाल तक हर परिस्थिति में संविधानिक मूल्यों, न्याय और लोकतंत्र की मजबूती के लिए कार्य किया। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने यह सिद्ध किया कि सशक्त नेतृत्व वही होता है, जो दबाव में भी सही और जनहित के पक्ष में निर्णय लेने का साहस रखे। विधायक प्रसाद ने कहा कि कृष्ण बल्लभ सहाय जी को लौह पुरुष इसलिए कहा गया, क्योंकि वे अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। सत्ता उनके लिए लक्ष्य नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम थी। उनका जीवन आज के जनप्रतिनिधियों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है, जो यह सिखाता है कि राजनीति में ईमानदारी, सादगी और साहस ही सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने आगे कहा कि स्थापित की गई यह प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक है। यह प्रतिमा हर युवा को यह संदेश देगी कि नेतृत्व पद या शक्ति से नहीं, बल्कि चरित्र और मूल्यों से पहचाना जाता है। हमें केवल माल्यार्पण तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि उनके विचारों को अपने निर्णयों और कार्यों में उतारना है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने आयोजक समिति, स्थानीय नागरिकों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कृष्ण बल्लभ सहाय जी के दिखाए मार्ग सुशासन, सामाजिक न्याय और निर्भीक जनसेवा–पर चलकर ही क्षेत्र, राज्य और समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीओ एवं एसडीपीओ ने पिकनिक स्पॉट का किया निरीक्षण



**बरही :** बरही एसडीओ जोहन टुड्डू एवं एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बुधवार को ज्वाहर घाट और चमेली झरना का निरीक्षण किया। नववर्ष पर यहां पिकनिक मनाने के लिए बड़ी संख्या में सैलानियों की भीड़ जुटती है। एसडीओ ने सबसे पहले पिकनिक स्पॉट का जायजा लिया, इसके अलावा पिकनिक के दौरान होने वाली प्रत्येक गतिविधि, स्नान घाटों पर पानी की गहरी तथा सैलानियों के डूबने की आशंका आदि का आकलन किया। साथ ही इस दौरान उन्होंने कहा कि नववर्ष पर पिकनिक के दौरान विधि – व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पिकनिक स्थलों पर गश्त लगाती रहेगी, इसके बाद सभी पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस की नजर रहेगी। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि पिकनिक मनाने वालों से शराब पीकर बाइक नहीं चलाने, पिकनिक के दौरान गहराई वाली पानी में नहीं उतरने तथा शाम ढलने के पूर्व ही घर लौट जाने की अपील की है।

### वेक्टर क्लासेज के मेधावी विद्यार्थियों ने नालंदा पावापुरी और राजगीर का किया शैक्षिक भ्रमण



**बरही :** किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने की अनूठी पहल में, हजारीबाग रोड स्थित प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान वेक्टर क्लासेज ने अपने चयनित मेधावी विद्यार्थियों के लिए बिहार के ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षिक भ्रमण करवाया। छात्रों ने विश्व प्रसिद्ध प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहरों, पावापुरी के पवित्र जल मंदिर और राजगीर के विश्व शांति स्तूप का दौरा कर भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं आध्यात्मिक विरासत से सीधा साक्षात्कार किया। इस यादगार यात्रा में दिव्या कुमारी, उत्कर्ष गुप्ता, साक्षी सिंह, शिल्पी गुप्ता, स्नेहा कुमारी, रेशमी कुमारी,रानी कुमारी, शिल्पी कुमारी, पायल, चंचला, कृति शर्मा, आराध्य कुमारी, रिया कुमारी, कल्पना कुमारी, दिपिका कुमारी, सेजल कुमारी, ज्योति कुमारी, पल्लवी शर्मा, विशाल कुमार, विवेक पंडित, मानी कुमारसहित कई होनहार छात्र शामिल हुए। संस्थान के प्रमुख शिक्षक सुरेंद्र मंडल, दामोदर शर्मा, रोशन आलम, बबलू गुप्ता तथा प्रबंधन टीम की पूरी सहभागिता से भ्रमण अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रहा। संस्थान निदेशक दीपक गुप्ता ने कहा, हमारा उद्देश्य छात्रों को केवल परीक्षा की तैयारी ही नहीं, बल्कि जीवन का व्यापक दृष्टिकोण देना है। ऐसे शैक्षिक भ्रमण से छात्रों में इतिहास के प्रति जिज्ञासा जागृत होती है और वे अपनी जड़ों से जुड़कर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। यह भ्रमण छात्रों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक साबित हुआ, बल्कि उन्हें प्राचीन भारत की महानता का प्रत्यक्ष अनुभव कराया।

### पाण्डेयबारा पंचायत में मुखिया रेखा देवी के नेतृत्व में किया गया कंबल वितरण



**चौपारण :** प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयबारा पंचायत भवन में बुधवार को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से सैकड़ों जरूरतमंद, गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पंचायत की मुखिया रेखा देवी ने किया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए आयोजित इस मानवीय पहल में पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। मुखिया रेखा देवी ने कहा कि पंचायत का उद्देश्य है कि कोई भी जरूरतमंद ठंड में असहाय न रहे। आने वाले दिनों में भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे। कंबल पाकर लाभुकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में पूर्व पसंस मोइन अंसारी, वार्ड सदस्य गणेश गुप्ता, कुसुम देवी, प्रतिमा देवी, इशरत परवीन, अंजुमारा, पूर्व वार्ड सदस्य चंचला देवी, कानतो देवी, संगीता देवी, रमन कुमार, रुखसाना खातून सहित पंचायत सहायक हेमंत पांडे, अरविंद पांडे, अंकित कुमार, मीरा कुमारी, प्रशांत पांडे, विवेक पांडे और विशाल पांडे मौजूद रहे।

### आईएफडबलूजे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का बरही अनुमंडल इकाई ने किया स्वागत

**बरही :** आईएफडब्लूजे यानी इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहन कुमार का झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के नेतृत्व में बरही में स्वागत किया गया। मौके जिला अध्यक्ष बिपिन बिहारी पाण्डेय, अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित अनुमंडल सचिव सोनू पंडित, मो उस्मान, सुजित प्रधान, योगेन्द्र प्रजापति सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहन कुमार अपने निजी कार्य से बिहार से बंगाल के आसनसोल जा रहे थे ।इसी दौरान बरही के होटल क्वालिटी इन में शिष्टाचार मुलाकात किया गया। इस क्रम में संगठन की मजबूती एवं विस्तार पर गहन विचार विमर्श किया गया। वहीं चर्चा के दौरान आगमी जनवरी महीने में राज्य स्तरीय बैठक करने पर सहमति बनी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहन कुमार ने कहा कि इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट देश का सबसे पुराना एवं सशक्त पत्रकार संगठन है, जो पत्रकारों के हित की बात करता है। यह संगठन पत्रकार सुरक्षा सहित कई मुद्दों पर अपना कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि झारखंड में संगठन को मजबूत करने की सार्थक पहल की जा रही है। जल्द ही राज्य स्तरीय आईएफडब्लूजे की बैठक होगी और प्रत्येक जिले में संगठन को मजबूत बनाया जाएगा।

### कैनरी हिल में योग शिविर के जरिए गूँजा स्वास्थ्य और साधना का संदेश

**हजारीबाग :** झारखंड के हजारीबाग स्थित प्रसिद्ध कैनरी हिल के मनोरम वातावरण में आयोजित 10 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर अपने पूरे शबाब पर है। 25 दिसंबर से शुरू हुए इस शिविर के पाँचवें दिन साधकों में जबरदस्त उत्साह और अनुशासन देखने को मिला। प्राकृतिक सुंदरता के बीच सकारात्मक ऊर्जा के साथ मंगलवार का सत्र सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। वैज्ञानिक पद्धति से प्रशिक्षण क्षेत्र के जाने-माने और अनुभवी योग प्रशिक्षक प्रीतम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को योग की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। मंगलवार को श्वसन तंत्र को मजबूत करने और मानसिक शांति के लिए प्राणायाम और ध्यान कराया गया। शरीर में स्फूर्ति और लचीलापन लाने के लिए सूर्य नमस्कार कराया गया। विभिन्न शारीरिक व्याधियों से मुक्ति और आंतरिक मजबूती के लिए वैज्ञानिक योगासन कराया गया।

## एक नजर

### गार्ड का शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

रांची : रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित सुप्रभात अपार्टमेंट से बुधवार को संदेहास्पद स्थिति में एक व्यक्ति के शव को पुलिस ने बरामद किया है। अपार्टमेंट के बाथरूम में उसका शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। मृतक की पहचान अपार्टमेंट में तैनात गार्ड प्रकाश लोहरा के रूप में की गई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस इस मामले में हत्या और खुदकुशी दोनों पहलू से जांच कर रही हैं। पुलिस को मृतक के मोबाइल फोन के वॉलपेपर में एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें "सॉरी पापा" लिखा हुआ हैं। मोबाइल फोन को जब्त कर लिया गया है और उसकी तकनीकी जांच की जा रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) को बुलाकर जांच पड़ताल की जा रही है। थाना प्रभारी दीपिका ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सीसीएल ने 11 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

रांची : सीसीएल मुख्यालय, रांची में बुधवार को सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दिसंबर 2025 में मुख्यालय से सेवानिवृत्त हुए 11 कर्मचारियों को सम्मान के साथ विदाई दी गई। इसके अलावा, सीसीएल के अलग-अलग क्षेत्रों में भी अपने-अपने स्थानों पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए कार्यक्रम हुए। इस तरह आज मुख्यालय और सभी क्षेत्रों से कुल 118 कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। मुख्यालय में आयोजित समारोह के दौरान एक छोटी फिल्म भी दिखाई गई, जिसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने काम के अनुभव, यादें और भावनाएं साझा कीं। यह फिल्म सभी के लिए भावुक और यादगार रही। मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में डॉक्टर, महाप्रबंधक, अधिकारी, नर्स, कर्मचारी और फोरमैन शामिल थे, जिन्होंने लंबे समय तक सीसीएल में ईमानदारी और मेहनत से सेवा दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र मौजूद रहे। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को आगे के जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।


## NOTICE



I, Suman Kumari, W/O Agamlal Mahto, R/O Vill–Turup, P.O–Hesal, P.S–Angara, Dist–Ranchi, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare by Affidavit no.- 06239 Dated: 27/12/2025 as follows: That my correct name as per Aadhaar, PAN and educational documents is SUMAN KUMARI (Aadhaar No. 2586 1166 0554). That my name is recorded as SUMAN MAHTO in my husband's Service Book. That SUMAN KUMARI and SUMAN MAHTO refer to one and the same person, i.e., myself.


# रांची में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान रिटायरमेंट के दिन ही मिले पेंशन लाभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय के ब्लॉक-ए स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में एक विशेष पेंशन दरबार सह सेवा निवृति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को उनके लंबे एवं समर्पित सेवा काल के लिए सम्मानित करना तथा सेवानिवृत्ति के ही दिन सभी पेंशनरी लाभ प्रदान करना था, जो जिला प्रशासन की संवेदनशील एवं कर्मचारी हितैषी पहल का प्रतीक है।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने स्वयं कुल 12 सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं एक आदेशपाल, एक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को स्मृति चिह्न (मोमेंटो), शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि शिक्षक समाज के निर्माणकर्ता होते हैं।

उनके योगदान से ही आने वाली पीढ़ियां मजबूत बनती हैं। उपायुक्त ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि सेवानिवृत्ति के ठीक उसी दिन सभी रिटायरमेंट लाभ प्रदान करना एक बड़ी उपलब्धि है, जो शिक्षकों के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सलाह दी कि वे स्वयं को व्यस्त रखें, समाज सेवा में सक्रिय रहें तथा नए कार्यों में नई उपलब्धियां हासिल करें। उपायुक्त ने कहा, ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको लंबी आयु एवं उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करे। जीवन की इस नई पारी में आप सभी नई ऊंचाइयों को छूएं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज एवं जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के कर्मियों को विशेष धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी तीन जनवरी को मुख्यमंत्री आभार यात्रा में लेंगे भाग : पुष्कर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड आंदोलनकारी तीन जनवरी को हजारों की संख्या में मुख्यमंत्री आभार यात्रा में भाग लेंगे। उक्त बाते बुधवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

उन्होंने कहा कि रांची में 3 जनवरी मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की ओर से कचहरी रोड स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री आभार यात्रा कार्यक्रम धूम धाम से किया जाएगा। यह यात्रा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सरकार के पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के रूप में आश्रितों को नियोजन में तथा प्रमाण पत्र आंदोलनकारी के रूप में देकर सम्मानित दिए जाने को लेकर किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक एवं पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो भाग लेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल से वृहद झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी बादल महतो, झारखंड आंदोलनकारियों के इतिहास लिखने वाले झारखंड आंदोलनकारी अनुज कुमार सिन्हा एवं वनांचल के स्थान पर झारखंड शब्द को स्थापित करने वाले वयोवृद्ध सुविख्यात आंदोलनकारी पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि रांची के बहू बाजार चौक से ही मुख्यमंत्री आभार यात्रा मुख्य पथ अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम पहुंचेंगे जहां जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। कला-संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का वार्षिक कैलेंडर भी जारी किया जाएगा। आंदोलनकारी अपनी-अपनी व्यवस्था के साथ संगठन का लाल-हरा झंडा एवं परंपरागत अस्त्र - शस्त्र लिए रहेंगे।

## राज्य के 264 प्रखंडों में छह जनवरी से लगेगा स्वास्थ्य मेला : शशि प्रकाश झा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : राज्य में 6 से 10 जनवरी 2026 तक प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला राज्य के 264 प्रखंडों में CHC और PHC स्तर पर लगाया जाएगा। इसे लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।

अभियान निदेशक ने बताया कि मेले के दौरान टीबी, मलेरिया, परिवार नियोजन सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोगों की मुफ्त जांच और दवा का वितरण किया जाएगा। मेले में आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड बनाए जाएंगे और पात्र लाभुकों को वितरित किए जाएंगे। आयुष पद्धति से जुड़ी जानकारी भी लोगों को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मेले में बीपी और शुगर की जांच, आंखों की जांच और जरूरतमंदों को चश्मा वितरण की व्यवस्था रहेगी। सभी कैंप में सिकल सेल स्क्रीनिंग और ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य केंद्रों की उचित ब्रांडिंग करने और विभिन्न सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री को प्रदर्शित करने का निर्देश भी दिया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के सभागार से आयोजित की गई। इस दौरान राज्य टीबी पदाधिकारी डॉ. कमलेश ने जिलों के साथ टीबी कार्यक्रम की समीक्षा की। वहीं नोडल आईसी ऑफिसर डॉ। लाल माझी ने प्रखण्ड स्वास्थ्य मेला की पूरी रूपरेखा की जानकारी दी।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी जिलों के सिविल सर्जन, एसीएमओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डीपीसी, ब्लॉक स्तर के मेडिकल ऑफिसर सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। राज्य स्तर से आईसी और डाटा सेल के परामर्शी भी बैठक में मौजूद रहे।

## कांग्रेस को भ्रष्टाचार रुकने से परेशानी : सांसद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने कांग्रेस द्वारा जी राम जी योजना (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन - ग्रामीण) पर किए जा रहे दुष्प्रचार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गांव, गरीब एवं किसान विरोधी पार्टी है। भ्रष्टाचार एवं लूट रुकने से उसे परेशानी हो रही है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में आदित्य साहू ने कहा कि जी राम जी योजना के पक्ष में भाजपा कार्यकर्ता अभियान चलाएंगे। भाजपा कार्यकर्ता जनता को नए अधिनियम की खूबियों को जनता के बीच लेकर जाएंगे। और कांग्रेस के दुष्प्रचार का पदार्फाश करेंगे। आगामी 8 से 10 जनवरी तक भाजपा कार्यकर्ता सभी मंडलों में जी राम जी योजना की विशेषताओं को बताएंगे। जनता को कांग्रेस पार्टी के दुष्प्रचार के खिलाफ जागरूक करेंगे। आदित्य साहू ने कहा कि जब मनरेगा में फजीर्वाड़ा, भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो गयी, कई सुधार के प्रयासों के बावजूद स्थिति नहीं बदली तो फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने विकसित भारत 2047 के संकल्पों को धरातल पर उतारने और उसमें ग्रामीण भारत की बुनियादी सुविधाओं को विकसित कर गांव को आज की आवश्यकताओं के अनुरूप मुख्यधारा में तेजी से जोड़ने के लिए जी राम जी योजना का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि मनरेगा भ्रष्टाचार, लूट का केंद्र बन गया था। झारखंड ने तो लूट में मिसाल कायम किया। खूंटी जिले में 24 करोड़ के गबन उजागर होने पर कैसे एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को जेल जाना पड़ा, यह आप जानते हैं। झारखंड के लगभग सभी जिलों में मनरेगा में घोटाले उजागर हुए हैं।

## भगवान महावीर अस्पताल में मरीजों के आंखों का हुआ ऑपरेशन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : भगवान महावीर आंख अस्पताल की ओर से वर्ष 2025 के अंतिम दिन नई रोशनी नया उजाला के संदेश के साथ बुधवार को मोतियाबिंद मरीज के लिए नए रूप से नव वर्ष मनाया गया।

इस अवसर पर मोतियाबिंद के मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के अध्यक्ष संतोष पाटनी ने बताया कि ऑपरेशन किए गए सभी मरीज नए साल में अपनी आंखों की नई रौशनी के साथ नए साल का स्वागत करेंगे। अस्पताल के पीआरओ पौरुष जैन ने बताया कि भगवान महावीर अस्पताल और रीसर्च सेंटर संस्था की ओर से पिछले दो साल में हजारों निशुल्क नेत्र चिकित्सा की गई है। इसमें दूर दराज के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाए जा चुके हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष संतोष पाटनी, पूरणमल जैन, कमल जैन, पंकज सेठी, डॉ वीके जैन, गोविंद सराओगी, जितेंद्र छाबड़ा, अमित रारा, डॉ प्रत्यूष प्रणव सहित अन्य की भूमिका रही।

# अबुआ सरकार की पहल से बेटियों को नई उड़ान, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से लाखों बालिकाएं हो रहीं सशक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : अबुआ सरकार किशोरियों और महिलाओं को शिक्षित एवं सशक्त बनाने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है, ताकि झारखण्ड एक स्वस्थ, सशक्त और समावेशी प्रदेश के रूप में आगे बढ़ सके। इसी सोच को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के मार्गदर्शन में झारखण्ड सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की शुरूआत की गई।

इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत स्कूल में अध्ययनरत पात्र किशोरियों को कक्षा आठवीं से बारहवीं तक चरणबद्ध रूप से कुल 40 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है, जिससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहे और आर्थिक बाधाओं के कारण कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न हो। इस योजना का उद्देश्य न केवल शैक्षिक भागीदारी बढ़ाना है, बल्कि बाल विवाह, बाल श्रम और लैंगिक असमानता जैसी सामाजिक कुरीतियों पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए किशोरियों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सम्मानपूर्ण जीवन की ओर अग्रसर करना भी है।

### करोड़ों की सहायता, लाखों लाभार्थी

समाज कल्याण निदेशालय, महिला एवं बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार–

- वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7,28,332 बालिकाओं को कुल 344 करोड़ 80 लाख रुपये
- वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7,18,272 बालिकाओं को 365 करोड़ 98 लाख रुपये तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7,38,687 बालिकाओं को 368 करोड़ 71 लाख रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है।

### ऑनलाइन पोर्टल से पारदर्शी प्रक्रिया

वर्तमान वित्तीय वर्ष से आवेदन प्रक्रिया को और अधिक सरल व पारदर्शी बनाने के लिए आवेदन सीधे विद्यालयों के माध्यम से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के आधिकारिक पोर्टल पर कराया जा रहा है। इससे लाभार्थियों के चयन, दस्तावेजों के सत्यापन और भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। भुगतान की पूरी जानकारी, अस्वीकृत आवेदनों के कारण एवं आवश्यक सुधार संबंधी सूचनाएं संबंधित विद्यालयों के साथ साझा की जा रही हैं, ताकि किसी भी बालिका को योजना के लाभ से वंचित न होना पड़े।

### वर्तमान स्थिति

इस वित्तीय वर्ष में अब तक 5,92,308 बालिकाओं के आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,97,006 बालिकाओं को 71 करोड़ 76 लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष लाभार्थियों के भुगतान की प्रक्रिया प्रगति पर है। इस वर्ष कुल 270 करोड़ रुपये व्यय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अबुआ सरकार की यह योजना झारखण्ड की बेटियों के लिए न केवल आर्थिक सहयोग है, बल्कि उनके सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम भी है। आठवीं से बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत सभी पात्र बालिकाओं से अपील है कि वे अपने विद्यालय के माध्यम से शीघ्र आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाएं और शिक्षा व सशक्तिकरण की नई उड़ान भरें।

### ऐसे करें संपर्क

अधिक जानकारी या आवेदन संबंधी सहायता के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक/इएएड अथवा प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### आरपीएफ ने गांजा के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार



रांची : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) मुरी एवं आरपीएफ फ्लाइंग टीम रांची की संयुक्त चेकिंग में ट्रेन संख्या 13352 एक्सप्रेस (अल्लेप्पी–धनबाद) के सामान्य कोच से 13 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। संदिग्ध अवस्था में बैठे व्यक्ति की पहचान मोहम्मद अरमान अंसारी (32 वर्ष) के रूप में हुई। आरपीएफ पोस्ट मुरी से उपनिरीक्षक पवन कुमार ने बुधवार को बताया कि कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर मुरी रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म–1 पर अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि सामान्य कोच की जांच के दौरान एक व्यक्ति दो बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में बैठा पाया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मोहम्मद अरमान अंसारी (32) बताया। इस संबंध में सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त/आरपीएफ, रांची को दी गई, जो मौके पर पहुंचे और सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करते हुए बैगों की तलाशी ली गई, जिसमें दोनों बैग से गांजा जैसे पदार्थ के कुल पांच पैकेट, एक मोबाइल फोन तथा एक सामान्य श्रेणी का रेलवे टिकट बरामद किया गया। बरामद पदार्थ की जांच डीडी किट से करने पर गांजा पाया गया। आगे की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त गांजा ओडिशा के रायगढ़ा से लाया गया था तथा इसे अवैध रूप से झारखंड ले जाकर बेचने की योजना थी। इसके बाद तस्कर और बरामद गांजा को जीआरपी मुरी को सुपुर्द किया गया। बरामद गांजा का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग छह लाख पचास हजार है। इस कार्रवाई में आरपीएफ फ्लाइंग टीम रांची से सहायक उपनिरीक्षक अनिल कुमार, स्टाफ प्रदीप और वी एल मीणा शामिल थे।

### जिला परिषद निधि से पीसीसी पथ का हुआ शिलान्यास



अनगड़ा : सिरका पंचायत के गेतलसूद रोड सरना स्थल के समीप जिप सदस्य अनुराधा मुंडा के कर कमलों से 15वीं वित्त जिला परिषद निधि से दो सो दस फिट पी.सी.सी पथ निर्माण कार्य के शिलान्यास किया गया इस अवसर पंचायत के मुखिया रोशन लाल मुंडा, पंचायत समिति सदस्य सावित्री देवी, रामसाय मुंडा, ग्राम प्रधान बाबूलाल मुंडा, नरेश साहू, मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, साहेबराम महतो, संजय नायक, संतोष महतो, बलराम महतो, विपिन मुंडा, फलिंदर महतो, संजय महतो, राजू महतो जी सहित अन्य एवं स्थानीय उपस्थित।

### राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में झारखंड को मिला दो कांस्य पदक




रांची : मध्य प्रदेश के गुना जिला स्थित उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली बॉक्सिंग प्रतियोगिता (एसजीएफआई) के अंडर–14 बालक वर्ग में झारखंड के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों ने दो कांस्य पदक जीतकर राज्य को गौरवान्वित किया है। टीम के कोच प्रवीण कुमार सिंह ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए यह जानकारी दी। प्रतियोगिता में झारखंड के नन्हे बॉक्सरों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए अंडर–36 किलोग्राम भार वर्ग में आकाश रजक और अंडर–42 किलोग्राम भार वर्ग में राहुल कर्मकार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसका नेतृत्व कोच सह मैनेजर प्रवीण कुमार सिंह और अशरफ अली ने किया। प्रवीण सिंह ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि बीते 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के 34 राज्य और इकाइयों के 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में झारखंड की बॉक्सिंग टीम स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची की अगुवाई में हिस्सा लिया था। इस अवसर पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि वर्ष 2025 के अंतिम दिन राष्ट्रीय स्तर पर बॉक्सिंग खिलाड़ियों की ओर से दो पदक जीतना राज्य के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने इसे राज्य में उभरती खेल प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बताया।

### आरपीएफ ने 14,100 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चलाया अभियोजन

रांची : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रांची मंडल की ओर से वर्ष 2025 (जनवरी से 31 दिसंबर 2025 तक) के दौरान यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे संपत्ति की रक्षा तथा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए अनेक प्रभावी और सराहनीय कार्य किए गए हैं। आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार, रेलवे अधिनियम के अंतर्गत कुल 14,131 मामलों का पता लगाया गया, जिनमें 14,100 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर अभियोजन चलाया गया तथा 17,98,530 रुपये जुमार्ना वसूला गया। टिकट दलालों के विरुद्ध कार्रवाई के अंतर्गत 13 मामलों में 13 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 2,06,540.25 रुपये मूल्य के टिकट बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त 14 पर्सनल यूजर आईडी एवं 2 एजेंट आईडी का पता लगाया गया। टिकट रहित यात्रियों के विरुद्ध चलाए गए अभियानों के दौरान 688 ड्राइव आयोजित की गईं, जिनमें 44,790 व्यक्तियों से कुल 30,24,24,651 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। सिगरेट एवं तंबाकू अधिनियम के अंतर्गत 538 व्यक्तियों से 1,07,600 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। रेलवे हेल्पलाइन 139 के माध्यम से प्राप्त 2,407 शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया गया। यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित आईपीसी के अंतर्गत 54 मामले पंजीकृत किए गए, जिनमें 20 मामलों का सफलतापूर्वक पता लगाते हुए 20 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' एवं 'डिग्निटी' के तहत कुल 339 व्यक्तियों को रेस्क्यू किया गया, जिनमें 172 बालक, 149 बालिकाएं, 12 पुरुष एवं 6 महिलाएं शामिल हैं। मानव तस्करी के विरुद्ध 'ऑपरेशन एएचटी' के अंतर्गत 12 मामलों का पता लगाकर 62 बच्चों- महिलाओं को मुक्त कराया गया तथा 15 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। 'ऑपरेशन जीवन रक्षा' के तहत वर्ष 2025 में चार अवसरों पर आरपीएफ के सतर्क एवं साहसी कर्मियों द्वारा चलती ट्रेनों से गिरते यात्रियों की जान बचाई गई, जो उनकी तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# बोकारो में कर्ज के बोझ तले टूटा परिवार पति-पत्नी और मासूम की संदिग्ध मौत

## मकान मालिक पर बंधक बनाने का आरोप, कर्ज विवाद को लेकर पुलिस सभी पहलुओं से कर रही जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**बोकारो :** हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर-9ए में स्थित एक झुग्गी-झोपड़ी में बुधवार को एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों में पति-पत्नी कुंदन कुमार तिवारी (बिहार के बांका जिले निवासी), उनकी पत्नी रेखा कुमारी और दो वर्षीय पुत्र श्रेयांश कुमार शामिल हैं। पति-पत्नी के शव फंदे पर लटके मिले, जबकि बच्चे का शव कमरे के अंदर पड़ा था।मकान मालिक परमेश्वर ने पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद हरला थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस को शक है कि दंपती ने पहले बच्चे की हत्या की और फिर आत्महत्या कर ली। सभी शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।मां का गंभीर आरोपः मृतका रेखा की मां तुपकाडीह निवासी जितनी देवी ने मकान मालिक परमेश्वर पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि दामाद कुंदन ने मकान मालिक से कर्ज लिया था। कर्ज न चुका पाने पर 10 दिन पहले मकान मालिक ने बेटी, दामाद और नाती को बंधक बना लिया था। मायके वालों से पैसे मांग रहा था और न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था।मकान मालिक का खंडनः परमेश्वर ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कुंदन ने उनसे 12 लाख रुपये का कर्ज लिया था, लेकिन बंधक बनाने या धमकी की कोई बात सही नहीं है।डीएसपी बोले- कर्ज से जुड़ा मामलाः बोकारो सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह कर्ज से जुड़ा मामला लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। आगे की कार्रवाई उसी के अनुरूप होगी। इलाके में शोक और दहशत का माहौल है।

# नए साल पर बदल जाएगा कई ट्रेनों का टाइम टेबल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** ट्रेनों को तय समय पर परिचालन करने के लिए संचालन समय में बदलाव किया गया है। नए साल यानी पहली जनवरी से परिवर्तित समय से ट्रेनों का संचालन होने लगेगा। संचालन समय में 10 मिनट से 30 मिनट तक बदलाव किया गया है। रेलवे ने यह निर्णय यात्रियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया है। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के ट्रेनों को सही समय पर चलाने के लिए संचालन समय में कुछ बदलाव किया गया है। बताया गया कि दो सेक्शन की ट्रेनें एक साथ चलने के कारण ट्रेन लेट होने की संभावना बढ़ जाती है। ट्रेन लेट हो जाती है। इन समस्याओं के समाधान और तय समय पर परिचालन के मद्देनजर ट्रेनों के संचालन समय में बदलाव किए गए हैं। इससे यात्रियों के साथ रेलकर्मियों को ट्रेन संचालन में सुविधा होगी। दुर्घटना की संभावना भी नहीं रहेगी। कोहरा में भी ट्रेनें ज्यादा विलंब नहीं होगी। इधर कोडरमा गया धनबाद एवं कोडरमा कोवार होते हुए मधुपुर तथा कोडरमा से हजारीबाग टाउन बडकाकाना के लिए होकर चलने वाली आसनसोल हटिया इन्टरसीटी एक्सप्रेस वन्दे भारत गया मुम्बई मेल सहित ग्रेड कोड सेक्सन पर चलने वाली वीवीआईपी राजधानी एक्सप्रेस दुरून्तो एक्सप्रेस सहित कई मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के समय सारणी 31 दिसम्बर तक कोडरमा पहुॅचेगी इसके बाद ही पता चलेगा कि ट्रेन कितना समय परिवर्तित हुआ है। आरक्षण टिकटों में भी अभी ट्रेनों का बदलाव के समय नहीं दिया जा रहा है। ऐसे सफर करने वाले यात्रियों को 139 पर जानकारी प्राप्त कर स्टेशन पर पहुॅचने की सलाह दी जा रही है।

# बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान से समाज में होगा सकारात्मक बदलाव : गिरजानन्द

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** नव वर्ष के आगमन से पूर्व बुधवार को असाहय विकास मंडल की ओर से गरगा डेम में बेटी बचाओं -बेटी पढ़ाओं विषय पर जागरूकता कार्यक्रम सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि नेहरू युवा केन्द्र के लेखा सह कार्यक्रम अधिकारी मेरा युवा भारत केन्द्र के गिरजा नन्द रतनाकर ने कहा कि बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगी। सरकार की यह योजना से बेटियों की शिक्षा को नया बल मिला है। देशभर में जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए समाज की सोच बदलने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस अभियान से ग्रामीण इलाकों में भी अब बेटियों की पढ़ाई को प्राथमिकता दी जा रही है। स्थानीय प्रशासन और सामाजिक संस्थाएँ मिलकर अभियान को सफल बना रही हैं। वहीं संस्था के अध्यक्ष जेपी शर्मा ने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य और पोषण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षा से बेटियाँ आत्मनिर्भर बनेंगी। बेटी बचाओझबेटी पढ़ाओ एक सशक्त और समान समाज की ओर बड़ा कदम है। इसी दौरान संस्था के कार्यक्रम और आगे की कार्य योजना की भी समीक्षा की गयी। वहीं मुख्य अतिथि द्वारा महिलाओं और बच्चियों कों उपहार देकर सम्मानित किया गया। किरण शर्मा, पूनम देवी, कुसुम देवी, अंजू देवी, गीता देवी, चंदा कुमारी, चिंता देवी, संध्या कुमारी, नम्रता कुमारी, अनुप्रिया शर्मा,श्वेता शर्मा,संजना, विशाल प्रकाश शर्मा, अमरजीत कुमार के अलावे असहाय महिला विकास मंडल के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, कोडरमा में टाटा मोटर्स शोरूम सील




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** आय से अधिक संपत्ति के मामले में कार्रवाई करते हुए एसीबी की टीम ने कोडरमा के झुमरीतिलैया शहर स्थित टाटा मोटर्स के शोरूम में छापेमारी की गई है। छापेमारी के बाद शोरूम को सील कर दिया है।

सील करने के पूर्व एसीबी की टीम ने काफी देर तक शोरूम के अंदर कागजातों की जांच की और कई कागजातों के साथ शोरूम से लेनदेन से जुड़े हिसाब किताब और कम्प्यूटर का सीपीयू भी अपने साथ ले गई है। हजारीबाग और रांची एसीबी की टीम से तकरीबन 10 अधिकारी छापेमारी के लिए पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक निलंबित आईएएस विनय चौबे से जुड़े मामले में यह कार्रवाई की गई है। देर शाम एसीबी की टीम कार्रवाई के लिए रांची - पटना रोड स्थित शगुन बैंक्विट में संचालित टाटा मोटर्स के शोरूम पहुंची थी। एसीबी के इंस्पेक्टर सुदामा राम ने बताया कि शोरूम से संचालिका स्निग्धा सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला है, जिसके आलोक में कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल शोरूम को सील कर दिया गया है। बता दें कोडरमा के आलावा अन्य जिले मे भी यह छापेमारी एक साथ हुई है।

# उपमुखिया ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** सतगावां प्रखंड अन्तर्गत अम्बाबाद पंचायत भवन में मंगलवार को उपमुखिया पूजा कुमारी के द्वारा गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस शिविर में उपमुखिया ने पंचायत के विभिन्न गांवों के सैकड़ों गरीबों को कंबल मुहैया कराया। इस संबंध में उपमुखिया पूजा कुमारी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि विगत कई सालों से लगातार पंचायत के वैसे असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण करते हैं जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए सही से कपड़े नहीं रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम हमेशा पारदर्शी तरीके से कंबल वितरण का कार्यक्रम करते हैं लेकिन यह कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही तैयारी करते हैं और क्षेत्र में घूम घूम कर वैसे लोगों की सूची बनाते हैं जो पूरी तरह लाचार व बेवस हों। उन्होंने कहा कि ऐसा कर हमें काफी आत्म संतुष्टि मिलती है क्योंकि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं लेकिन गरीब तबके के लिए एक अदद कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में यह सहयोग उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

# राज्य सरकार लूट खसोट की योजनाओं को दे रही प्राथमिकता : डॉ नीरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** कोडरमा विधायक और प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव के प्रयासों का प्रतिफल है कि कोडरमा से सटे फुलवरिया गांव में पहली बार बिजली पहुंची। कई ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति मिली तो पेयजल और नागरिक सुविधा के अन्य कार्यों को गति मिली है। बुधवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर विधायक डॉ नीरा यादव ने तीसरी बार विधायक बनने के एक साल पूरा होने पर मीडिया के माध्यम से अपनी उपलब्धियों को रखा। उन्होंने बताया कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी जनहित के कई मामलों को रखा। इनमें जेटेट की परीक्षा आयोजित करने, डोमचांच के वार्ड 5 को नगर पंचायत से हटाने और जेएसएमडीसी में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के नियमितीकरण का मामला शामिल है। इसके साथ ही हाउस अरेस्ट कर ऑनलाइन ठगी के मामले को भी उन्होंने प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लि के शेष 6 कर्मियों को न्यायालय के आदेश के बाद भी आज तक नियमतिकरण का लाभ नहीं दिया गया। उन्होंने सरकार से शेष 6 कर्मियों को नियमतिकरण का लाभ देने की मांग की। इसके साथ ही विधायक डॉ नीरा यादव ने सरकार से जेटेट की परीक्षा जल्द कराने की भी मांग की। उन्होंने कोडरमा के सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी सुरेश प्रसाद गुप्ता से 51 लाख की ऑनलाइन ठगी का मामला भी प्रमुखता से रखा। विधायक डॉ नीरा यादव ने बताया कि डोमचांच के वार्ड 5 में कोई नागरिक सुविधा नहीं मिलती है पर होल्डिंग टैक्स से लेकर अन्य टैक्स की मांग की जा रही है। वहां के लोगों ने नगर पंचायत से हटाकर ग्राम पंचायत में शामिल करने की मांग की है, जिसे विधानसभा के सत्र में रखा गया। विधायक ने यह भी कहा कि विधानसभा का सत्र भी छोटा रखा गया, वहीं सवाल रखने और जवाब देने की प्रक्रिया भी जटिल कर दी गयी ताकि विपक्ष जनहित के मामले या सवाल कम या नहीं रख सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समस्याओं के प्रति ना तो गंभीर है और ना ही समाधान चाहती है। अभी पूरे झारखंड में सिर्फ लूट खसोट हावी है और लूट खसोट की योजनाओं को ही प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार विकास का कोई काम नहीं करना चाहती है और ना ही कोई विजन है। बावजूद वे कोडरमा के विकास को लेकर कृतसंकल्पित हैं। नए साल में कोडरमा में इंजीनियरिंग कॉलेज चालू होगा तो वहीं मेडिकल कॉलेज निर्माण को और गति मिलेगी। इन प्रमुख योजनाओं की शुरूआत तब हुई थी जब राज्य में भाजपा की सरकार थी। वहीं जिला मुख्यालय कोडरमा में हॉल्ट निर्माण का वे प्रयास करेंगी, जिसकी मांग कई सालों से लोग कर रहे हैं।

## एक नजर

### झारखंड रग्बी टीम में बोकारो के छह खिलाड़ी चयनित

**बोकारो :** नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने को लेकर झारखंड रग्बी टीम की घोषणा कर दी गई। यह जानकारी देते हुए बोकारो जिला रग्बी संगठन के शेख नसीमुद्दीन ने बताया कि नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने को लेकर झारखंड रग्बी टीम में बोकारो जिला के कुल 6 खिलाड़ी चयनित किए गए हैं। चयनित रग्बी खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि झारखंड रग्बी टीम में चयनित बोकारो के छह खिलाड़ियों में बालक वर्ग में आशीष राय, उमंग कुमार व सूरज कुमार शामिल किए गए हैं। जबकि बालिका वर्ग में महक साहू, सिया कुमारी व कुमारी शीतल को शामिल किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रग्बी टीम के कोच मोहम्मद आरिफ ने बताया कि बोकारो जिला के चयनित सभी रग्बी खिलाड़ी डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 रानी पोखर के छात्र व छात्राएं है 'उन्होंने बताया कि बोकारो के सभी चयनित खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन की बदौलत झारखंड रग्बी टीम में चयनित किए गए हैं। इसके साथ ही बोकारो के चयनित खिलाड़ी नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में भी झारखंड टीम की ओर से बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### बीजीएच में सफाईकर्मी गणेश राम की भावपूर्ण विदाई

**बोकारो :** बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में कैटेगरी ए के सफाईकर्मी गणेश राम की सेवानिवृत्ति के अवसर पर जय झारखंड मजदूर समाज की बीजीएच शाखा ने बुधवार को अस्पताल परिसर में हर्षोल्लासपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीजीएच के निदेशक प्रभारी डॉ. बी. करुणामय, इंजीनियर इनचार्ज डॉ. अभय किशोर, झामुमो के केंद्रीय सदस्य व जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बीके चौधरी, उपाध्यक्ष हसन इमाम व कार्यालय मंत्री आरबी चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजीएच यूनियन नेता बिक्की कुमार ने की।डॉ. विभूति ने समारोह की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि अब तक ठेका कर्मियों के लिए ऐसा भव्य आयोजन नहीं हुआ था, लेकिन बीके चौधरी ने सफाई मजदूरों के सम्मान में नया अध्याय जोड़ा है। बिक्की कुमार ने कहा कि जय झारखंड मजदूर समाज झामुमो संस्थापक अध्यक्ष स्व. गुरुजी की नीतियों को आत्मसात कर कार्य कर रहा है। इसी सोच से समाज के निचले पायदान पर रहने वाले सफाईकर्मियों के लिए महामंत्री के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. विभूति व डॉ. अभय की उपस्थिति से लगभग 400 मजदूरों का हौसला बढ़ा है। गणेश राम को फूलमाला, अंगवस्त्र, सूटकेस व मिठाई भेंट कर उनके सपरिवार उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### सनराइज पब्लिक स्कूल जामगड़िया में वार्षिक महोत्सव का हुआ आयोजन

**बोकारो :** चास प्रखण्ड जाममोडिया स्थित सनराइजन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनबाद सांसद ढुलु महतोव विशिष्ट चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह उपस्थित थे। उनका स्वागत विद्यालय के प्रचार्य विकाश तिवारी, डायरेक्टर सुरेश चंद्र तिवारी पुर्व मुखिया नेपाल चन्द्र महतो एवं अन्य सहयोगियों ने किया गया। विधालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट का सम्मान शॉल, गीता एवं गुलदस्ता के द्वारा किया गया। अतिथि ने बच्चों को शिक्षा व स्वस्थ्य के बारे जानकारी देते कहा शिक्षक शिल्पकार व बच्चों पत्थर स्वरूप होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### हाथियों के झुंड ने मचाई भारी तबाही, घर तोड़े, फसल रौंदी, मवेशियों की मौत



**बोकारो :** बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड अंतर्गत महुआ टांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम दहरा बेड़ा, टोला नया डीह में बीती रात करीब 2 बजे जंगली हाथियों के झुंड ने जबरदस्त तबाही मचाई। हाथियों ने बलिया सोरेन के घर पर धावा बोलकर एल्बेस्टर तोड़ दिया, घर में रखे 8 कुंटल चावल और 2 बोरी आलू खा लिए तथा बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को कुचलकर चूर-चूर कर दिया। इतना ही नहीं, बगल में बंधे दो सूकरी के मासूम बच्चों को रौंदकर मार डाला और खेतों में लगी आलू की फसल को तहस-नहस कर दिया। पास के सूरज करमाली के घर की दीवार व खिड़की तोड़ दी गई। गनीमत रही कि परिवार के सदस्य दूसरे दरवाजे से निकलकर जान बचा ले गए। वहीं, संजय मुर्मू की बारी में लगी आलू की फसल भी हाथियों ने रौंदकर नष्ट कर दी। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है, साथ ही वन विभाग पर आक्रोश बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि हाथियों की लगातार आवाजाही के बावजूद वन विभाग की ओर से न गश्ती हो रही है, न अलर्ट सिस्टम और न ही कोई सुरक्षा इंतजाम। उन्होंने वन विभाग से तत्काल राहत, मुआवजा और प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। स्थानीय प्रशासन ने मामले को संज्ञान में ले लिया है।

### ह्यूमैनिटी प्रोग्रेसिव हैंड्स फाउंडेशन ने नववर्ष पर 500 गरीब छात्रों को दी मुफ्त शिक्षा की सौगात

**बोकारो :** सामाजिक संस्था ह्यूमैनिटी प्रोग्रेसिव हैंड्स फाउंडेशन ने नए वर्ष के अवसर पर समस्त भारतवासियों को हार्दिक नववर्ष की बधाई दी है। संस्था ने घोषणा की है कि वह 500 ऐसे मेधावी छात्रों को चुनेंगी, जो दसवीं और बारहवीं पास कर उच्च शिक्षा लेना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण असमर्थ हैं। इन छात्रों को संस्था जीरो फीस पर चुनिंदा कॉलेजों और कोर्स में प्रवेश दिलाएगी, साथ ही रहने-खाने की पूर्ण व्यवस्था भी करेगी। चास, बोकारो स्थित यह फरवरी 2024 में स्थापित गैर-लाभकारी संगठन समाज सेवा में सक्रिय रही है और आगे भी अपना दायित्व निभाएगा। संस्था ने समाज के हर वर्ग से इस संकल्प को साकार करने में योगदान देने की अपील की है। ऐसे प्रयास से गरीब छात्रों को उच्च शिक्षा के द्वार खुलेंगे और वे समाज में अपनी पहचान बना सकेंगे।

### जिला समन्वय समिति की बैठक में 2025 की उपलब्धियों की समीक्षा, उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी सम्मानित



**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा वर्ष 2025 में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभागों और पदाधिकारियों के कार्यों की सराहना की गई। सिविल सर्जन कोडरमा डॉ. अनिल कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि सदर अस्पताल, कोडरमा में आयुष्मान भारत मद से अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का निर्माण किया गया है, जिससे अब जिले में ही जटिल शल्य चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इसके अतिरिक्त अनुमंडलीय अस्पताल डोमचांच में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेटरी, 20 बेड का आईसीयू तथा प्रखंड स्तर पर ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण पूर्ण किया गया है। टीबी उन्मूलन की दिशा में सभी बिरहोर टोलों में मोबाइल एक्स-रे के माध्यम से विशेष स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी देते हुए आवासीय पठन-पाठन कार्यक्रम, प्रोजेक्ट रेल टेस्ट सहित अन्य शैक्षणिक पहलों का उल्लेख किया। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेखा रानी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दी जा रही समावेशी शिक्षा, पठन-पाठन एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त ऋतुराज, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त रवि जैन एवं अपर समाहर्ता पूनम कुजूर द्वारा अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बैठक में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा कर्मी उपस्थित रहे।

### बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ सहाय की 128वीं जयंती मनाई गई

**मरकच्चो :** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित लाल नगर में चित्रांश परिवारों के द्वारा एकीकृत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ सहाय की 128 वीं जयंती मंगलवार को मनाई गई ।इस मौके पर चित्रांश परिवार के सदस्यों ने बारी-बारी से स्वर्गीय के बी सहाय के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प चढ़ाकर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गौरीशंकर प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद ,धरणीधर प्रसाद ,मुकुल चंद्र प्रसाद, दिलीप कुमार सिन्हा ,प्रदीप कुमार सिन्हा,बिनोद कुमार सिन्हा, प्रमोद सहाय, प्रेम कुमार सिन्हा ,बिनोद कुमार सिन्हा, सत्यप्रकाश सहाय, सोहम कुमार सिन्हा, श्रेयस कुमार सिन्हा,रणजीत कुमार सिन्हा, जय मंगल प्रसाद सिन्हा, पिंकू कुमार सिन्हा , सत्यनारायण प्रसाद,केशव कुमार सिन्हा, सोनू कुमार सिन्हा , मोनू कुमार सिन्हा ,प्रियांशु कुमार सिन्हा,रतन देवी विद्यावती देवी,सच्चिलता सिन्हा, ममता सिन्हा,प्रतिमा सिन्हा,बुलबुल सिन्हा,रूमा देवी, नीता सिन्हा,भारती सिन्हा,प्रिंसी प्रेरणा, रानी सिन्हा, रुचि सिन्हा,वर्षा सिन्हा,रानी कुमारी आदि के नाम शामिल हैं।

### मासूम सैफ के शव के शेष अवशेषों की तलाश में नदी किनारे चला व्यापक सर्च अभियान



**कोडरमा :** लापता मासूम सैफ की हत्या के बाद उसके शव के कुछ अवशेषों की आशंका को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने नदी क्षेत्र में व्यापक सर्च अभियान चलाया। यह अभियान मायका अंचल इंस्पेक्टर सुजीत कुमार के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही। सर्च अभियान के दौरान नदी के चारों ओर संदिग्ध स्थलों को चिन्हित कर गहन तलाशी ली गई। इस क्रम में जेसीबी मशीन की मदद से लगभग 4 से 5 स्थानों पर खुदाई कराई गई, ताकि यदि कोई अवशेष दबे हों तो उन्हें बरामद किया जा सके।

## एक नजर

### अमृत विकास ट्रस्ट ने दो सौ दिव्यांगजनों के बीच बांटे कंबल

**पटमदा** : बनकुचिया में अमृत विकास ट्रस्ट जमशेदपुर की तरफ से दिव्यांग संगठन समिति पटमदा द्वारा चिन्हित दो सौ दिव्यांगजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अमृत विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष बबलू महतो, सचिव विशाल महतो, कोषाध्यक्ष राम बहादुर सिंह, भजहरि महतो, प्रदीप महतो, मुखिया गुरुचरण हेंब्रम, मनीष महतो, अंबुज महतो, ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो, परीक्षित महतो, भीष्म नाथ महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### सरिया अंचल को मिला नया सर्किल इंस्पेक्टर, सुजीत कुमार साव ने संभाला पदभार



**सरिया** : सरिया अंचल को नया सर्किल इंस्पेक्टर (सीआई) मिल गया है। नए सीआई का नाम सुजीत कुमार साव है। यह उनकी पहली पोस्टिंग है और सरिया में उनका यह प्रथम कार्यकाल होगा। जानकारी के अनुसार, सुजीत कुमार साव को कल ही जॉइनिंग लेटर प्राप्त हुआ था और आज उन्होंने सरिया अंचल में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। अंचल अधिकारी संतोष कुमार ने उन्हें जॉइनिंग करवाई और शुभकामनाएं दीं। नए सीआई के आने से अंचल में राजस्व एवं भूमि सुधार संबंधी कार्यों में गति आने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने भी नए अधिकारी का स्वागत किया है। सुजीत कुमार साव ने पदभार संभालते ही कहा कि वे अंचल के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

# टाटा लीज नवीकरण से पहले विस्थापितों की सुरक्षा और मुआवजे की मांग, डीसी को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर** : जिले के विभिन्न मौजों के रैयत खतियानधारी एवं टाटा विस्थापित आदिवासी-मूलवासी परिवारों के अधिकारों को लेकर झारखंड मूलवासी अधिकार मंच के बैनर तले एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मंच के मुख्य संयोजक हरमोहन महतो ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड सरकार के उप सचिव मिथिलेश कुमार नीरज द्वारा भेजे गए पत्र के आलोक में उपायुक्त को आवश्यक कागजात एवं विस्थापितों की सूची सौंपी। इस दौरान टाटा लीज नवीकरण से पूर्व 18 मौजा क्षेत्र के टाटा विस्थापित आदिवासी एवं मूलवासी रैयतों की जमीन की सुरक्षा, जमीन वापसी, जबरन एवं अनैतिक तरीके से अधिग्रहित भूमि का मुआवजा तथा विस्थापन प्रमाण पत्र जारी करने की मांग रखी गई। मुख्य संयोजक हरमोहन महतो ने कहा कि वर्ष 1967 में तत्कालीन बिहार सरकार द्वारा रैयत एवं सरकारी भूमि के सर्वे की अनुमति दी गई थी, लेकिन नियमों का पालन नहीं किया गया। कृषियुक्त भूमि, रैयती भूमि, जलाशय स्रोत एवं ग्रामसभा के अधिकार क्षेत्र की अलग पहचान किए बिना ही 1908 एवं 1937 के खतियानधारी आदिवासी-मूलवासी रैयतों की जमीन टाटा कंपनी को हस्तांतरित कर दी गई, जो कानूनन गलत है। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि वर्ष 1996 में बनाए गए खतियान के आधार पर टाटा कंपनी को किए गए भूमि हस्तांतरण को निरस्त कर 1908 व 1937 के खतियान के आधार पर पुनः जांच-पड़ताल कर वास्तविक रैयतों की पहचान की जाए और योग्य विस्थापितों को शीघ्र विस्थापन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव को भी भेजी गई है।

इस मौके पर रामचंद्र महतो, वासुदेव गौड़, नगेन्द्र नाथ प्रधान, मलिंदर सिंह, उपेन्द्रनाथ पांडा, समतुल सिंह, राम सिंह, मिथिलेश गौड़, पहाड़ सिंह, राजेन भूमिज, रवि रजक, संजय रजक, अबोध सिंह, भरत गौड़, गौर हेंब्रम, कुजरी बोदरा, कमलाकांत गौड़, आशीष कुमार गौड़, सोनाराम मांझी, मीना महतो सहित कई विस्थापित मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नववर्ष पर राजदाह धाम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, अंचल अधिकारी ने किया निरीक्षण

**सरिया** : नव वर्ष 2026 के स्वागत में पवित्र राजदाह धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बुधवार को अंचल अधिकारी संतोष कुमार ने सुरक्षा बलों के साथ राजदाह धाम का गहन निरीक्षण किया और थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।साथ ही, राजदाह धाम ट्रस्ट के सदस्यों को भी सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने के स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए। माइकिंग के माध्यम से आने वाले सैलानियों एवं श्रद्धालुओं को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं, साथ ही सुरक्षा सावधानियों का पालन करने की अपील की गई। जैसे— भीड़ में सतर्क रहें, अनावश्यक सामान न रखें और आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। राजदाह धाम, जो अपनी दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है, नववर्ष पर श्रद्धा व उत्साह का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। प्रशासन की यह सक्रियता श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित व आनंदमय नववर्ष उत्सव की गारंटी दे रही है।

### सरिया थाना क्षेत्र का 2025: चुनौतियों और प्रयासों का मिश्रित साल

**सरिया** : गिरिडीह जिले में बसा सरिया थाना क्षेत्र, पत्थर की खानों और हरे-भरे पहाड़ों के बीच एक शांत लेकिन जीवंत इलाका है। साल 2025 इस क्षेत्र के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा। जहां एक तरफ कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस ने दिन-रात मेहनत की, वहीं कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं ने लोगों के मन में चिंता की लकीरें खींच दीं।साल की शुरूआत से ही सरिया पुलिस सक्रिय नजर आई। चोरी की कई वारदातों में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों को पकड़ा गया। अगस्त में पेठियाटांड में हुई बड़ी चोरी के मामले में पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर लोगों का भरोसा जीता। सितंबर में एक ही रात में तीन घरों में चोरी की घटनाएं हुईं, तो दिसंबर में चिचाकी बाजार की ज्वेलरी दुकान से लाखों के गहने उड़ाए गए। इन घटनाओं ने रातों की नींद उड़ा दी, लेकिन पुलिस की सतर्कता से कई मामलों का खुलासा हुआ और अपराधी सलाखों के पीछे पहुंचे।कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सरिया थाना ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। पुलिस मित्रों का सम्मान समारोह हो या रात्रिकालीन गश्त हर कदम पर शांति बनाए रखने की कोशिश दिखी। राजनीतिक तनाव भी कम नहीं था। अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा वाले चबूतरे को लेकर विवाद हुआ, जहां दिन में श्रद्धांजलि दी गई और रात में प्रशासनिक कार्रवाई हुई। ऐसे मौकों पर पुलिस ने संयम बरतकर स्थिति को संभाला। घरेलू विवादों से उपजे तनाव भी सामने आए, लेकिन पुलिस की मध्यस्थता से कई मामलों का समाधान हुआ। हालांकि, कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं दिल को दहला गईं। चोरी की बढ़ती वारदातों ने व्यापारियों में असुरक्षा पैदा की। नया साल 2026 सरिया थाना क्षेत्र के लिए शुभ हो झ अपराध मुक्त, शांतिपूर्ण और समृद्ध। पुलिस और जनता का यह साथ आगे भी बना रहे, ताकि हर घर में खुशियां लौटें और डर की छाया दूर हो जाए। आइए, नई शुरूआत के साथ उम्मीद की किरण को मजबूत करें।

### तिरूलडीह थाना प्रभारी बने कौशल कुमार

**ईचागढ़** : सरायकेला जिले के तिरूलडीह थाना प्रभारी बने कौशल कुमार। बुधवार को कौशल कुमार ने तिरूलडीह थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने थाना क्षेत्र की विधि-व्यवस्था को मजबूत करने, अपराध नियंत्रण और जनहित में त्वरित कार्रवाई को प्राथमिकता देने की बात कही।नवनियुक्त थाना प्रभारी कौशल कुमार ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। उन्होंने आम जनता से पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर सख्ती से नकेल कसी जाएगी। साथ ही लंबित मामलों के निष्पादन, नियमित गश्ती और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि नव वर्ष के अवसर पर सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी और फर्स्ट ड्राइव के तहत वाहन जांच अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं और सुरक्षित तरीके से नव वर्ष मनाएं।

# शहीद दिवस पर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर डीसी एवं एसपी ने जारी किये दिशा-निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला** : शहीद दिवस के अवसर पर दिनांक 01 जनवरी 2026 को शहीद स्थल, खरसावाँ में । मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जिला आगमन कार्यक्रम के मद्देनजर आरसीडी गेस्ट हाउस में उपायुक्त, सरायकेला-खरसावाँ नितिश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत द्वारा सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग के दौरान कार्यक्रम की अत्यधिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, प्रोटोकॉल अनुपालन, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन व्यवस्थाओं तथा विभागीय समन्वय से संबंधित सभी आवश्यक दिशा-निर्देश स्पष्ट रूप से दिए गए। सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रातः 06:00 बजे तक अनिवार्य रूप से अपने-अपने कार्य प्रतिनियुक्ति स्थलों पर उपस्थित रहें तथा पूर्ण सतर्कता, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करने आने वाले श्रद्धालुओं के साथ सहयोगात्मक, मर्यादित एवं शालीन व्यवहार बनाए रखने के भी स्पष्ट निर्देश दिए गए, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा अथवा मनोभावना आहत न हो। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्देश दिया गया कि सभी निर्धारित मार्गों एवं स्थलों पर स्थापित जूताझचप्पल स्टैंड में ही श्रद्धालु अपने जूतेझचप्पल रखें। इसी प्रकार, सभी वाहनों को केवल निर्धारित वाहन पार्किंग स्थलों में ही पार्क करने का निर्देश दिया गया, ताकि आवागमन बाधित न हो एवं व्यवस्था सुव्यवस्थित बनी रहे।


# रानीझरना में दो करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : पटमदा प्रखंड के गोबरघूसी पंचायत के रानीझरना में करीब दो करोड़ की लागत से पुल का निर्माण होगा। जिसका शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू के हाथों किया गया। उन्होंने कहा कि उस क्षेत्र में रहने वाले सबर सहित अन्य संप्रदाय के लोगों को वर्षा के दिनों में झरना से काफी अधिक मात्रा में वर्षा का पानी बहने से कई माह तक समस्या का सामना करना पड़ता था।रोगियों को अस्पताल पहुंचाना,मुख्यालय जाने सहित कई प्रकार की समस्या थी। विधायक मंगल कालिंदी के प्रयास से यह सपना साकार हुआ। ग्रामीणों में। खुशी की लहर है। पूर्व उपमुखिया नीलरतन पाल ने कहा कि पुल के निर्माण से काफी समस्या का समाधान हो गया।यदि सरकार यहां तक पहुंचने का रास्ता बन जाने से ये क्षेत्र एक पिकनिक स्थल के रूप में विकसित हो सके।ग्राम प्रधान बेलू सिंह ने भी कहा कि क्षेत्र को एक बड़ा उपहार मिला जो काफी लंबे समय से लोगो का मांग था। कार्यक्रम में पार्षद प्रदीप बेसरा, ग्राम प्रधान खगेन सिंह, नील रतन पाल, सुभाष कर्मकार, बासुदेव मंडल, सना रतन सिंह, सुफल टुडू, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# नववर्ष पर सैलानियों की पहली पसंद बना लिट्टीपाड़ा का लीलातरी जलाशय



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : नया साल नई उमंग, नई खुशियों और नई उम्मीदों का प्रतीक होता है। हर कोई चाहता है कि नववर्ष की शुरूआत परिवार और दोस्तों के साथ यादगार पलों के साथ हो। इस वजह से नववर्ष के मौके पर लोग प्रकृति के करीब समय बिताने के लिए पिकनिक स्थलों का रुख करते हैं। जंगल, पहाड़, जलप्रपात, जलाशय और हरियाली से घिरे स्थान इस मौसम में खास आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं। अगर आप भी कोई ऐसी जगह की तलाश में हैं तो एक बार पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र में स्थित लीलातरी जलाशय का चक्कर जरूर लगायें। यह स्थल नववर्ष के अवसर पर सैलानियों की पसंदीदा जगह बनकर उभरा है। शांत वातावरण और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर यह जलाशय लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। चारों ओर फैले हरे-भरे यूकेलिप्टस के पेड़, कल-कल बहता पानी, नहरों की जलधाराएं और खेतों की हरियाली यहां आने वालों को सुकून का अहसास कराती है। पक्षियों की मधुर चहचहाहट इस स्थल की खूबसूरती को और बढ़ा देती है। जिले से लगभग 30 से 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह जलाशय अब पाकुड़ का प्रमुख पिकनिक स्पॉट बन चुका है। दिसंबर से फरवरी के बीच, खासकर एक जनवरी को, यहां गोड्डा, दुमका, रामपुरहाट, बीरभूम, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा, बरहेट, बहरहरवा सहित आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। नववर्ष के दिन यहां मेला जैसा माहौल देखने को मिलता है। सैलानियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन भी सतर्क रहता है। नववर्ष के मौके पर लिट्टीपाड़ा थाना की पुलिस जलाशय परिसर में तैनात रहती है, ताकि लोग बेफिक्र होकर पिकनिक का आनंद ले सकें। आने वाले नववर्ष 2026 में यदि आप भी परिवार और दोस्तों के साथ घूमने या पिकनिक की योजना बना रहे हैं, तो लिट्टीपाड़ा का लीलातरी जलाशय एक बार अवश्य आएं और प्रकृति की गोद में यादगार लम्हों का आनंद उठाएं।

# सिमडेगा में वाहन जांच अभियान, 62 वाहनों पर चालान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : 31 दिसंबर 2025 को उपायुक्त कंचन सिंह, सिमडेगा एवं पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अर्शी, सिमडेगा के निदेर्शानुसार कंट्रोल रूम के समीप विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया।

जांच अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की जांच की गई। इस क्रम में बिना हेलमेट, आवश्यक दस्तावेजों के अभाव सहित अन्य यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले कुल 62 वाहनों पर कार्रवाई की गई। संबंधित वाहनों से कुल 1,71,650 का ऑनलाइन चालान काटा गया।

अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने तथा सभी वैध दस्तावेज साथ रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से इस प्रकार का जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–59/2025–26**

1. विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 09.01.2026 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 10.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 10.01.2026 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः –1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Special repair of G.S.R. Morabadi having capacity 3 Lakh Gallon RCC sump and other mis work at Morabadi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi | 23,91,403.00 | 48,000.00 | 5000.00 | 1 माह |
| 2. | Repairing of Roof Through water proof treatment plaster & painting work of Outer wall and Boundary wall, pipe line, Drain and changing off PVC Tank at D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 15,95,122.00 | 32,000.00 | 5000.00 | 1 माह |
| 3 | PCC Work and drainage work in front of Pahari mandir pump house, construction of different size sluice valve chamber and Others Miscellaneous Wprk at Ratu Road Water Tower Campus under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 7,81,104.00 | 16,000.00 | 1250.00 | 15 दिन |
| 4 | Renovation of W.T.P. Laboratory with Provision for Bathroom Renovation, Septic Tank, and Drain Construction under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 16,26,495.00 | 33,000.00 | 5000.00 | 1 माह |
| 5 | Renovation of Chlorinator Room and Filter Bed Building at W.T.P., Gonda, Ranchi under D. W. & S. Divi sion, Gonda, Ranchi. | 23,65,153.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 1 माह |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR.NO.369810 Drinking Water and Sanitation(25-26):D


# भगवान बिरसा मुंडा शिक्षण केंद्र सह पुस्तकालय एवं जेपीएससी-जेएसएससी निःशुल्क कोचिंग का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : ज़िले में प्रोजेक्ट प्रयास हुनर से होनहार तक के अंतर्गत आज भगवान बिरसा मुंडा शिक्षण केंद्र सह पुस्तकालय, पाकुड़ एवं जेपीएससी एवं जेएसएससी की निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का शुभारंभ उपायुक्त मनीष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती एवं जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार एवं एडीपीओ पीयूष कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि यह अध्ययन एवं मार्गदर्शन केंद्र विद्यार्थियों के लिए दूरदृष्टि, समर्पण एवं कठिन परिश्रम का परिणाम है। इसका उद्देश्य पाकुड़ जिले के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय, स्मार्ट एवं एकीकृत शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र में विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट क्लास, सेल्फ स्टडी की व्यवस्था, फॉर्म भरने एवं प्रिंटआउट जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। आनेवाले समय में परिसर में कैफेटेरिया, रीडिंग रूम एवं औषधीय (मेडिसिनल) गार्डन का भी विकास किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि ठंड के मौसम में छात्र- छात्राएं खुले वातावरण में ग्रुप डिस्कशन कर सकें, इसके लिए भी विशेष व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने पुस्तक दान की अपील करते हुए स्वयं अपने माता-पिता की ओर से पुस्तक दान करने की घोषणा की। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि रास्ता केवल दिशा दिखाता है, चलना स्वयं पड़ता है। यह कोई नहीं बता सकता कि कल किसका चयन होगा, लेकिन यह निश्चित है कि जो मेहनत करेगा, वही अपने लिए अवसर बनाएगा। जन्म से सभी समान नहीं होते, लेकिन परिश्रम से हर व्यक्ति जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से परिसर को स्वच्छ, अनुशासित एवं सकारात्मक बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि यह केंद्र इन्वॉल्वमेंट- फ्रेंडली वातावरण के साथ विकसित किया गया है। भविष्य में यहां अनुभवी शिक्षक, अधिकारी एवं विशेषज्ञ भी कक्षाएं लेंगे। पुस्तकालय को और अधिक समृद्ध किया जाएगा।


GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला**

National Career Service

**भर्ती कैम्प– 2026**

**सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला के तत्वाधान में दिनांक–03.01.2026 दिन (शनिवार) को पूर्वाह्न 10:30 से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

**स्थान– जिला नियोजनालय, गुमला कार्यालय परिसर में।**

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required Essential | Experience if any | Age (Min. / Max Year) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | SIS LIMITED | Security Guard (Only For Male.) | 100 | $10^{th}$ pass | Nil. | 18 to 40 years. | 15,000/- to 28,000/- Per Month. | Pan India |
| | | Security Supervisor (Only For Male.) | 20 | $12^{th}$ Pass | Nil. | 21 to 40 years. | 16,000/- to 30,000/- Per Month. | Pan India |
| 2 | LIC OF INDIA, GUMLA BRANCH. | LIC Bima Sakhi (Only For Female.) | 50. | $10^{th}$, $12^{th}$ Above Pass. | No | 30 to 65 Years. | Commission Plus 7,000/- Stipend, Per Month. | Gumla, Jharkhand. |

नोट :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण **Self Attested Copies of Aadhar Card, Pan Card, Educational Mark sheet and Residential, Caste Certificate (यदि हो तो)** उसकी एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ भर्ती कैम्प में उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है, चूँकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

❖ किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।

PR 369753 (Labour Employment and Traning)25-26*D

# चिनाब पर भारत का निर्णायक कदम पाकिस्तान में मचा राजनीतिक भूचाल

दक्षिण एशिया की राजनीति में आज जल, प्राकृतिक संसाधन से अधिक रणनीति, संप्रभुता और सुरक्षा का अहम हथियार बन चुका है। चिनाब नदी पर भारत द्वारा उठाया गया ताजा कदम इसी बदले हुए भू-राजनीतिक यथार्थ का सशक्त उदाहरण है। दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के दूसरे चरण को जैसे ही भारत सरकार की पर्यावरणीय समिति से मंजूरी मिली, इस फैसले की गूंज सरहद पार पाकिस्तान तक सुनाई देने लगी। वहां की राजनीति में खलबली मच गई, आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए और एक बार फिर सिंधु जल समझौता चर्चा के केंद्र में आ गया है। भारत के लिए यह ऊर्जा आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय हित का सवाल है, जबकि पाकिस्तान इसे अपने अस्तित्व और जल अधिकारों से जोड़कर देख रहा है। भारत सरकार की पर्यावरण विभाग की विशेषज्ञ समिति ने 27 दिसम्बर को जम्मू-कश्मीर स्थित दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के स्टेज-2 को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की है। वस्तुतः यह मंजूरी मिलते ही पाकिस्तान की सियासत में बेचैनी साफ दिखाई देने लगी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की वरिष्ठ सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री शेरी रहमान ने इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत पर 'पानी को हथियार बनाने' का संगीन आरोप लगाया। उनके अनुसार, यह कदम क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा है और अंतरराष्ट्रीय समझौतों की भावना के विरुद्ध है। शेरी रहमान का दावा है कि साल 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुए इस समझौते के तहत पाकिस्तान को चिनाब, झेलम और सिंधु नदियों के जल पर अधिकार प्राप्त हैं, जबकि भारत को रावी, ब्यास और सतलुज नदियों का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। रहमान का आरोप है कि भारत ने एकतरफा तरीके से सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया है, जो न तो कानूनी है और न ही नैतिक रूप से स्वीकार्य। पाकिस्तान की आपत्ति केवल दुलहस्ती परियोजना तक सीमित नहीं है। शेरी रहमान ने भारत द्वारा चिनाब घाटी में संचालित या प्रस्तावित कई अन्य परियोजनाओं को भी विवादास्पद करार दिया। उन्होंने सावलकोट, रेटल, बड़सर, पाकल डुल, क्वार, कीरू और किरथाई जैसी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि भारत सुनियोजित ढंग से इन सभी पर काम तेज कर रहा है। पाकिस्तान का तर्क है कि इन परियोजनाओं के कारण भविष्य में उसके हिस्से के पानी में कटौती हो सकती है, जिससे उसकी कृषि, खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। दूसरी ओर भारत का दृष्टिकोण इससे एकदम अलग और स्पष्ट है। भारत बार-बार यह दोहराता रहा है कि सिंधु जल समझौते में उसे पश्चिमी नदियों पर वैध अधिकार प्राप्त हैं। भारत इन नदियों पर रन-ऑफ-द-रिवर परियोजनाएं स्थापित कर सकता है। दुलहस्ती परियोजना इसी श्रेणी में आती है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण से अधिक स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन है। वहीं इस पूरे घटनाक्रम को हालिया सुरक्षा परिदृश्य से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इसी वर्ष 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने भारत-पाक संबंधों में पहले से मौजूद तनाव को और गहरा कर दिया। इस हमले में 22 निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या कर दी गई थी। जांच एजेंसियों की रिपोर्ट में पाकिस्तानी आतंकवादियों की संलिप्तता सामने आने के बाद भारत सरकार ने बेहद सख्त रुख अपनाया। इसके बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का फैसला लिया और पाकिस्तान के साथ जल प्रवाह से जुड़ी तकनीकी जानकारियां साझा करना बंद कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस संदर्भ में कई बार दो टूक शब्दों में कह चुके हैं कि 'पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।' यह कथन अब केवल राजनीतिक बयान नहीं माना जाना चाहिए, यह भारत की नई रणनीतिक सोच का प्रतीक बन चुका है। भारत का मानना है कि जब तक पाकिस्तान अपनी धरती से संचालित आतंकवाद पर ठोस और निर्णायक कार्रवाई नहीं करता, तब तक किसी भी प्रकार के सहयोग या संवाद का आधार नहीं बन सकता।

# पारिवारिक परंपरा को बोझ नहीं, वैश्विक समाधान समझें

**ललित गर्ग**




वैश्विक परिवार दिवस, शान्ति और साझेदारी का एक दिन, संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिवर्ष 1 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दी समारोह, 'शान्ति में एक दिन' से विकसित हुआ। समग्र विश्व एक वैश्विक ग्राम है और हम सभी इस बृहत्-परिवार का हिस्सा हैं। भारत ने तो वसुधैव कुटुम्बकम् का उद्घोष करते हुए समूची दुनिया को एक परिवार ही माना है। वैसे भारत की परिवार परम्परा दुनिया के लिये अनुकरणीय है। हम सभी एक परिवार हैं, चाहे हमारी नागरिकता, धर्म, जाति, सीमाएं या नस्ल कुछ भी हो। समग्र मानव जाति को एक साथ आना चाहिए और प्रेम और शान्ति में विश्वास करना चाहिए और विश्व में सुख और आशा लाने हेतु इसका अभ्यास करना चाहिए। संसार संघर्षों, युद्धों, उपद्रवों, कष्ट और पीड़ा से भरा पड़ा है। यदि हम सभी एक साथ आएं और दुनिया को प्रेम और धैर्य से ठीक करें, तो हम सभी खुशी से और अपने हृदयों में आशा के साथ रह सकते हैं। वैश्विक परिवार दिवस विविधता एवं एकता और विश्व शान्ति और अहिंसा महत्त्व के बारे में जागरूकता लाता है।

इस दिवस की शुरूआत 1997 में हुई जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नव सहस्राब्दी के पहले दिन से विश्व के बच्चों के लिए शांति और अहिंसा की संस्कृति के अंतर्राष्ट्रीय दशक की शुरूआत की। लिंडा ग्रोवर ने अमेरिका में इसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसे बढ़ावा देने के अन्य प्रयासों में 'वन डे इन पीस - जनवरी 1, 2000' जैसी पुस्तकें शामिल थीं। यह पुस्तक भविष्य में एक ऐसे दिन की अवधारणा पर आधारित थी जहाँ केवल शांति हो और कोई युद्ध न हो। हालांकि, यह एक नए शांतिपूर्ण विश्व की शुरूआत मात्र थी और 1999 में, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को उस वर्ष के पहले दिन को शांति निर्माण की रणनीतियों को विकसित करने के लिए समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए, संयुक्त राष्ट्र ने 2001 में वैश्विक परिवार दिवस को वार्षिक आयोजन घोषित कर दिया।

प्रत्येक वर्ष परिवार की भूमिका, उसकी बदलती संरचना और सामाजिक प्रासंगिकता पर विचार करने का अवसर देने वाला वैश्विक परिवार दिवस आज के समय में केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि वह आधुनिक समाज की सबसे गहरी विडंबनाओं और चुनौतियों को उजागर करने वाला एक चिंतन-दिवस बन गया है। परिवार मानव जीवन की वह मूल इकाई है, जहाँ व्यक्ति का भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक निर्माण होता है। भारतीय संदर्भ में परिवार केवल रक्त-संबंधों का समूह नहीं रहा, बल्कि वह संस्कारों की पाठशाला, शांति, सहयोग एवं सौहार्द की प्रयोगभूमि और जीवन-मूल्यों का आधार रहा है। इसी परिवार-परंपरा ने भारत को सदियों तक सामाजिक स्थिरता, अहिंसा, सहिष्णुता और मानवीय करुणा का देश बनाए रखा। आज विडंबना यह है कि जिस भारतीय परिवार व्यवस्था को दुनिया एक आदर्श मॉडल के रूप में देख रही है, उसी भारत में वह धीरे-धीरे उपेक्षा और विस्मृति का शिकार होती जा रही है।

वैश्वीकरण, शहरीकरण, प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावादी जीवनशैली ने परिवार को सुविधा-केंद्रित इकाई में बदल दिया है। संयुक्त परिवारों का विघटन, एकल परिवारों का बढ़ना और रिश्तों में औपचारिकता का प्रवेश इस परिवर्तन की स्पष्ट पहचान है। माता-पिता दोनों के कार्यरत होने की स्थिति में बच्चों के साथ समय बिताना एक चुनौती बन गया है। परिणामस्वरूप बचपन, जो कभी परिवार के स्नेह, संवाद और अनुभवों से संवरता था, आज स्क्रीन, अकेलेपन और भावनात्मक रिक्तता के बीच पनप रहा है। बच्चों के जीवन में माता-पिता की अनुपस्थिति केवल समय की कमी नहीं है, बल्कि वह सुरक्षा, संवाद और मार्गदर्शन की कमी भी है। परिवार का वह सहज वातावरण, जहाँ प्रश्न पूछे जा सकते थे, गलतियाँ स्वीकार की जा सकती थीं और भावनाएँ साझा की जा सकती थीं, आज धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। बुजुर्ग, जो कभी परिवार की धुरी हुआ करते थे, अनुभव और संस्कार के संवाहक थे, आज कई घरों में हाशिये पर खड़े दिखाई देते हैं। उनके पास समय नहीं, धैर्य नहीं और कभी-कभी सम्मान भी नहीं बचा। यह स्थिति केवल पीढ़ियों के बीच दूरी नहीं बढ़ा रही, बल्कि समाज को उसके नैतिक आधार से भी वंचित कर रही है।

दूसरी ओर, यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि वैश्विक स्तर पर आज परिवार की भूमिका को नए सिरे से समझा जा रहा है। पश्चिमी देशों में, जहाँ अत्यधिक व्यक्तिगत स्वतंत्रता ने सामाजिक अकेलेपन को जन्म दिया, अब परिवार, साझेदारी और सामूहिक जीवन की पुनर्स्थापना पर गंभीर विमर्श हो रहा है। इसी क्रम में वैश्विक परिवार दिवस को केवल परिवार के रूप में नहीं, बल्कि शांति, सहयोग और साझेदारी के प्रतीक के रूप में भी देखा जाने लगा है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को शांति और साझेदारी के वैश्विक दिवस के रूप में भी परिवार और मानवीय संबंधों के महत्व को रेखांकित किया जाता है। यह संकेत देता है कि परिवार केवल निजी जीवन की इकाई नहीं, बल्कि वैश्विक शांति और सामाजिक संतुलन की आधारशिला भी है।

दुनिया भर में संस्कृतियाँ और धर्म अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि पूरी मानव जाति एक बड़ा परिवार है जो एकजुट होकर ही जीवित रह सकती है। इस वर्ष वैश्विक परिवार दिवस की थीम 'परिवार, शिक्षा और कल्याणः आज और भविष्य' इस तथ्य की ओर संकेत करती है कि परिवार की भूमिका केवल बच्चों को पालने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह शिक्षा का पहला केंद्र और कल्याण का स्थायी आधार है।

वैश्विक परिवार दिवस की प्रासंगिकता इसी बिंदु पर सबसे अधिक उभरकर सामने आती है कि परिवार केवल रहने की व्यवस्था नहीं, बल्कि जीने की संस्कृति है। परिवार में बिताया गया समय निवेश है, व्यय नहीं। बच्चों के साथ संवाद, बुजुर्गों के साथ सहभागिता और रिश्तों के बीच संवेदनशीलता समाज के दीर्घकालिक स्वास्थ्य की गारंटी है। यदि आज परिवार टूट रहे हैं, तो उसका प्रभाव केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह सामाजिक असंतुलन, मानसिक तनाव और मूल्यहीनता के रूप में व्यापक रूप से सामने आएगा। इस संदर्भ में आवश्यक है कि हम परिवार को नए दृष्टिकोण से देखें। आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। कार्य और परिवार के बीच प्राथमिकताओं का पुनर्निर्धारण हो। डिजिटल सुविधाओं के साथ मानवीय संवाद को भी उतना ही महत्व दिया जाए। बच्चों के लिए समय निकालना दायित्व नहीं, बल्कि भविष्य के समाज में निवेश के रूप में समझा जाए। बुजुर्गों को केवल सहारा नहीं, बल्कि मार्गदर्शक के रूप में पुनः स्वीकार किया जाए।

वैश्विक परिवार दिवस और शांति व साझेदारी का वैश्विक संदेश हमें यह सिखाता है कि परिवार जितना सशक्त होगा, समाज उतना ही शांत और सहयोगी बनेगा। परिवारों में संवाद होगा तो समाज में टकराव कम होंगे। परिवारों में साझेदारी होगी तो राष्ट्रों के बीच भी सहयोग की भावना मजबूत होगी। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत अपनी पारिवारिक परंपरा को बोझ नहीं, बल्कि वैश्विक समाधान के रूप में देखे। अंततः वैश्विक परिवार दिवस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है। यदि परिवार सशक्त हुए तो शांति, साझेदारी और मानवीय मूल्यों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। भारतीय परिवार परंपरा आज भी प्रासंगिक है, आवश्यक है कि हम उसे समयानुकूल रूप देते हुए अपने जीवन के केंद्र में पुनः स्थापित करें, क्योंकि मजबूत परिवार ही मजबूत समाज और शांत विश्व की आधारशिला होते हैं।

# नए साल की शुरूआत एक नई सोच के संकल्प के साथ करें

**विजय केसरी**

नए साल की शुरूआत एक नई सोच के संकल्प के साथ प्रारंभ करें। बीते साल के अनुभवों से सबक लेकर एक नई दृष्टि के साथ आगे कदम बढ़ाएं। इसके साथ ही नकारात्मक विचारों को कभी भी मन मस्तिष्क में हावी न होने दें। एक नई सोच, एक नई ऊर्जा, सकारात्मक दृष्टिकोण से चीजों को देखें, परखें और आगे बढ़ें। फिर देखिए, जीवन की दिशा और दशा ही बदल जाएगी। वर्तमान में जीने के संकल्प का संकल्प लीजिए। नूतन वर्ष 2026 हम सबों के समक्ष एक अवसर के रूप में उपस्थित हुआ है। इस नूतन वर्ष में एक नई ऊर्जा, उत्साह और उमंग के साथ जीवन जीने का संकल्प लेना चाहिए। यह सच मानिए, नव वर्ष पर आपके संकल्प करेंगे सपनों को साकार। बस! आपकी सोच सदा सकारात्मक होनी चाहिए। सकारात्मक सोच ही आपके जीवन की दिशा और दशा बदल सकती है। नकारात्मक सोच से सदा स्वयं को दूर रखें। आपकी उर्जा और उत्साह, आपसे दूर नहीं है बल्कि ये दोनों अव्यक्त शक्तियां आपके अंदर ही विद्यमान है। बस! जरूरत है, उस सोच को पैदा करने की, जिसके पैदा होते ही ऊर्जा और उमंग उत्पन्न हो जाते हैं। बीती बातों पर व्यर्थ की चिंता कर समय और शरीर न गंवाएं। हम सभी यह भलीभांति जानते हैं कि जो बीत गई, सो बात गई। नव वर्ष से यह विशेष रुप से ध्यान रखें कि नकारात्मक विचारों को मस्तिष्क में आने नहीं दीजिए। आपके दृढ़ संकल्प से ही नव वर्ष के सपने पूरे होंगे।

दैनांदिन जीवन में हम सबों का व्यवहार सहज, सरल और मृदुभाषी होना चाहिए। नूतन वर्ष पर यह विशेष रूप से ध्यान रहे कि जीवन में दुःख आए तो घबराएं नहीं और सुख में ज्यादा इतराएं नहीं। एक गीतकार ने कितना सही लिखा है कि 'ना सर उठा के जियो ,ना सर झुका के जियो, गमों का दौर आए तो मुस्कुरा के जियो। सच पूछा जाए तो संघर्ष से ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है। जितने भी महापुरुष हुए, सबों के जीवन में भारी संकट रहे थे। महापुरुषों ने इन संकटों के बीच रहकर अपने व्यक्तित्व का विकास किया था। इसलिए महापुरुष हजारों साल बीत जाने के बाद भी पूजे जाते हैं।

नव वर्ष पर अपनी चर्चा को आगे बढ़ाऊं इससे पहले सभी देशवासियों व विश्वासियों को नए साल की बधाई देता हूं। साथ ही ईश्वर से कामना करता हूं कि सबों का जीवन सुखमय हो, सभी निरोग हों, सभी दीघार्यु हों। सभी के घरों में सुख, समृद्धि और शांति का वास हो। नए साल में प्रवेश के प्रथम दिन की बात ही बड़ी निराली होती है। लोग इस दिन का इंतजार पिछले दो-तीन महीने से करते हैं। लोग नए साल का जश्न बड़े ही धूमधाम के साथ मनाते हैं। नए साल का सभी लोगों के जीवन में बड़ा महत्व होता है। कई लोग आज के इस महत्वपूर्ण दिन को खुद को एक नए संकल्प के साथ जोड़कर जीवन की शुरूआत करते हैं।

संकल्प का किसी के भी जीवन के विकास में बड़ा योगदान होता है। संकल्प लोगों के जीवन में एक नई ऊर्जा प्रदान करता है। जितने भी महापुरुष हुए, उन सबों के जीवन का अध्ययन कर देखा जाए तो उन सबों का संपूर्ण जीवन संकल्प से बंधा हुआ था। अगर उनके जीवन संकल्पों से बंधे नहीं होते तो शायद वे इतने महान कार्य कर नहीं पाते। संत तुलसीदास जिन्होंने रामचरितमानस की रचना की थी। उनके जीवन पर गौर करें। वे पत्नी के प्रेम में घनघोर बारिश में उनसे मिलने के लिए चले गए थे। पत्नी से मिलने के क्रम में रास्ते में कितनी रुकावटें आई, इसकी परवाह किए बिना वे पत्नी से मिले थे। उनकी अर्धांगिनी संत तुलसीदास की आतुरता देखकर आश्चर्यचकित हो गई थी। तब उन्होंने अपने पति से कहा था कि जिस हाड़ मांस के शरीर से आप इतना प्रेम करते हैं। यह तो सिर्फ खून और मज्जा से बना हुआ है। अगर आप सच्चे मन से परमपिता परमेश्वर से प्रेम करते तो आपके जीवन की दिशा और दशा ही बदल जाती। यह बात संत तुलसीदास के मन मस्तिष्क को एक नई चेतना पैदा कर दी थी। वे कई दिनों तक अपनी पत्नी की कही बातों पर विचार करते रहे थें। तब वे एक संकल्प के साथ गुरु राम दास के चरणों पर गिर पड़े थे। गुरु के आदेश के बाद वे राम भक्ति में लीन हो गए। भगवान राम की भक्ति से प्रेरणा पाकर उन्होंने रामचरित मानस जैसे महाकाव्य की रचना की थी। अब संत तुलसीदास के जीवन पर एक बार फिर से विचार करें। अगर वे पत्नी के ही प्रेम में लीन रहते तब क्या इतने महान काम कर सकते थे? पत्नी की बातों से प्रेरणा पाकर, उनसे सबक लेकर उन्होंने अपने जीवन को एक नए संकल्प के साथ बांधा और एक असाधारण काम कर लिया था। समय के साथ संत तुलसीदास जी मृत्यु को प्राप्त हो गए। किंतु आज विश्व भर में रामचरितमानस की चर्चा और पाठन होती है। वे अपनी कृति के माध्यम से सदा सदा के लिए अमर हो गए।

आज 2026 का पहला दिन है। यह बहुत ही बेहतर अवसर है, हम सब के जीवन के लिए। आप अब तक जितने साल भी इस धरा पर जीवन के जी चुके हैं। उस पर गौर करें। आप कौन हैं? क्या करना चाहते हैं? आपके जीवन का उद्देश्य क्या है? आप क्या बनना चाहते हैं? थोड़ा रुक कर शांत मन से विचार करें। इसका उत्तर आपके ही मन मस्तिष्क में कहीं छुपा हुआ है। आप अपने जीवन को किस दिशा पर ले जाना चाहते हैं? यह विचार आपको ही करना है। जीवन में रुकावट कहां और क्यों हो रही है? इस पर भी विचार करने की जरूरत है। अब तक के जीवन शैली से प्रेरणा लेकर, हुई गलतियों से सीख लेकर एक नए संकल्प के साथ जीवन की शुरूआत करनी है। निश्चित ही जीवन को एक नई दिशा मिल जाएगी और सफलता भी मिलेगी। इस तरह इस दुनिया में ऐसे कई लोग हुए जिन्होंने अपनी असफलताओं से बहुत कुछ सीखा। वे अपनी गलतियों से भी बहुत कुछ सीखा और स्वयं को एक नए संकल्प के साथ बांधकर बुलंदियों को छुआ। करोड़ों लोग आज के इस शुभ अवसर पर मौज मस्ती में ही जीवन को बिता देते हैं। मैं यह नहीं कहता कि जीवन में मौज मस्ती न हो। मौज मस्ती भी करें। इसकी कतई मनाही नहीं है। सवाल यह उठता है कि हम मौज मस्ती से भी कुछ सीखें। मौज-मस्ती व आनंद के लिए ही हम सब यह करते हैं। आपके जीवन में यह आनंद हमेशा रहे। इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। आज दुनिया भर के अधिकांश लोगों के अंदर की खुशी खत्म सी हो गई है। इसका सबसे बड़ा कारण मनुष्य ही है। हम सबों ने बाहरी जीवन को ही सब कुछ मान लिया है। कृत्रिम हंसी चेहरे पर आ गई है। अंदर की हंसी गायब हो गई है। तब भला सच्ची शांति कैसे मिल सकती है? आज हमें यह संकल्प लेने की जरूरत है कि हमारे अंदर जो विचार है, वह उसी रूप में बाहर भी प्रकट हो। हम अंदर से ईमानदार रहेंगे, तभी बाहरी तौर पर ईमानदार होने के अधिकारी होंगे। बाहरी रूप से हम सब ईमानदार बने हुए हैं और अंदर से बेईमान है। यह बात लोग भले ही ना जाने लेकिन आपका मन इस बात को भलीभांति जानता है। तब भला आपके जीवन में शांति कहां से आ सकती है? इसलिए जरूरी है कि खुद को उत्कृष्ट बनाए और दूसरे को भी उत्कृष्ट बनने के लिए प्रेरित करें। तभी एक बेहतर समाज का निर्माण हो सकता है। आज की बदली परिस्थिति में जहां चंहुओर वैमनस्यता, आपाधापी और हिंसा व्याप्त है। इससे मुक्ति का एक ही मार्ग है, खुद को उत्कृष्ट बनाए और दूसरे को उत्कृष्ट बनने के लिए प्रेरित करें।

## सूडोकु नवताल- 7661

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7660 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# मानवता के मुखौटे में छिपा एजेंडा: लंदन के खालिस्तानी समर्थक और बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार

**कैलाश चन्द्र**

आज वैश्विक मंच पर कुछ ऐसे समूह सक्रिय हैं जो स्वयं को मानवाधिकारों का ठेकेदार और उत्पीड़ितों की आवाज बताने में पीछे नहीं रहते। लंदन, टोरंटो और यूरोप के कई शहरों में सक्रिय खालिस्तानी समर्थक इसी श्रेणी में आते हैं। ये लोग भारत में कथित अल्पसंख्यक अत्याचारों के नाम पर प्रदर्शन करते हैं, नारे लगाते हैं और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं लेकिन यही लोग जब बांग्लादेश, पाकिस्तान या अन्य इस्लामी देशों में हिन्दुओं पर हो रहे संगठित अत्याचारों, नरसंहार, बलात्कार और मंदिर विध्वंस की घटनाओं का सामना करते हैं तो उनकी तथाकथित मानवता अचानक मौन धारण कर लेती है। यह मौन सामान्य नहीं है। यह चयनित संवेदना का परिणाम है, जो किसी नैतिक मूल्य से नहीं उपजा है, यह एक सुनियोजित राजनीतिक एजेंडे से संचालित है। कई बार स्थिति इससे भी आगे बढ़ जाती है, जब बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध के बजाय ये समूह 'जय बांग्लादेश' जैसे नारे लगाते दिखाई देते हैं। यह आचरण स्पष्ट करता है कि इनके लिए मानवाधिकार सार्वभौमिक मूल्य नहीं बल्कि राजनीतिक औजार मात्र है। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि लंदन और पश्चिमी देशों में सक्रिय अधिकांश खालिस्तान समर्थक संगठन मानवीय चिंता के लिए खड़े न होकर भारत-विरोधी नैरेटिव को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से खड़े किए गए हैं। इनमें से अनेक लोग अवैध प्रवासी हैं, कुछ स्थानीय वेलफेयर योजनाओं पर निर्भर हैं और कुछ का संबंध छोटे आपराधिक गिरोहों, ड्रग मनी, हवाला और धन-शोधन नेटवर्क से जुड़ा रहा है। जब आर्थिक आधार ही संदिग्ध और अंधेरे स्त्रोतों से आता हो, तब विचारधारा और राजनीतिक रुख भी उसी दिशा में ढल जाता है। ऐसे में इनकी राजनीति को 'मानवाधिकार आंदोलन' कहना सत्य का अपमान होगा। यह वस्तुतः फंडिंग आधारित, एजेंडा चालित और भारत-विरोधी राजनीति है।

इस पूरे तंत्र के पीछे गहरा और खतरनाक गठजोड़ काम करता है, जिसे कई सुरक्षा विश्लेषणों में आईएसआई-खालिस्तानी-इस्लामिस्ट गठजोड़ के रूप में चिन्हित किया गया है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' लंबे समय से भारत को 'हजार घावों से कमजोर करने' की रणनीति पर काम करती रही है। इसी रणनीति के अंतर्गत खालिस्तानी अलगाववादियों को वित्तीय सहायता, प्रचार संसाधन और अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराए जाते हैं। लंदन और यूरोप में सक्रिय कुछ इस्लामी कट्टरपंथी नेटवर्क और संगठन इन्हें लॉजिस्टिक सहायता देते हैं। इन सभी का साझा उद्देश्य एक ही है- भारत को वैश्विक मंच पर बदनाम करना और उसकी सामाजिक-सांस्कृतिक एकता पर प्रश्नचिह्न लगाना।

ऐसे गठबंधन के लिए बांग्लादेश या पाकिस्तान में हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचार कोई मुद्दा नहीं बनते क्योंकि वे इनके 'विक्टिम बनाम पर्पट्रेटर' नैरेटिव में फिट नहीं बैठते। इनके वैचारिक ढांचे में मुसलमान सदैव पीड़ित और भारत अथवा हिन्दू समाज सदैव उत्पीड़क के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यदि ये लोग बांग्लादेश में हिन्दू लड़कियों पर हो रहे अत्याचार, परिवारों के कत्लेआम और मंदिर विध्वंस की निंदा करेंगे तो यह पूरा झूठा नैरेटिव ध्वस्त हो जाएगा और इनके इस्लामी सहयोगी उनसे दूरी बना लेंगे।

यही कारण है कि जब बांग्लादेश में हिन्दुओं के गाँव जलाए जाते हैं, महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार होता है और सैकड़ों परिवार पलायन को मजबूर होते हैं तब ये तथाकथित मानवाधिकार रक्षक चुप रहते हैं। यह चुप्पी उनकी सच्चाई उजागर करती है। उनके लिए मानवाधिकार नहीं बल्कि राजनीतिक गठबंधन और फंडिंग अधिक महत्वपूर्ण है।

अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों जैसे रडअर लंदन, हार्वर्ड और टोरंटो विश्वविद्यालयों में वर्षों से लेफ्ट-इस्लामिस्ट-खालिस्तानी गठजोड़ सक्रिय देखा जा सकता है। इनके सेमिनार, शोधपत्र और अभियानों का केंद्रीय विचार यही होता है कि 'भारत एक दमनकारी राष्ट्र है, मुसलमान हमेशा पीड़ित हैं और खालिस्तानी अलगाववादी उनके स्वाभाविक सहयोगी हैं।' इस वैचारिक पूर्वाग्रह के कारण बांग्लादेश या पाकिस्तान में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार इनके लिए असुविधाजनक सत्य बन जाते हैं। इसलिए या तो इन घटनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया जाता है या फिर इन पर बोलने वालों को 'दक्षिणपंथी' और 'नफरत फैलाने वाला' बताकर चुप कराने की कोशिश की जाती है।


लंदन की सड़कों पर 'जय बांग्लादेश' के नारे लगाना इसी नैरेटिव हाइजैकिंग का हिस्सा है। इसका उद्देश्य पीड़ित हिन्दू परिवारों की पीड़ा को दबाकर भारत-विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाना है। यह व्यवहार बताता है कि इनकी राजनीति नैतिकता, करुणा या मानवता पर आधारित नहीं है, बल्कि धन, गठबंधन और भारत-विरोधी सोच पर टिकी हुई है।

ऐसे में हम सभी को स्पष्ट रूप से समझना होगा कि लंदन और अन्य पश्चिमी देशों में सक्रिय खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियाँ किसी स्वतःस्फूर्त जनआंदोलन का परिणाम नहीं हैं। यह एक सुनियोजित, फंडेड और राजनीतिक रूप से इंजीनियर किया गया प्रयास है, जिसमें मानवता केवल मुखौटा है। वास्तविक उद्देश्य भारत को बदनाम करना, उसकी सामाजिक एकता को कमजोर करना और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसके विरुद्ध वातावरण बनाना है। अतः इन परिस्थितियों में भारत और विश्व के विवेकशील नागरिकों का दायित्व है कि वे मानवाधिकार के नाम पर चल रहे इस पाखंड को पहचानें और सच्चे पीड़ितों विशेषकर बांग्लादेश और पाकिस्तान में उत्पीड़ित हिन्दुओं की आवाज को मजबूती से उठाएँ।

**(लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**1 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.40 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कुंभ | 09.26 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.59 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.30 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 14.10 बजे से |
| शुक्र | धनु में | मिथुन | 16.08 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 18.21 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 20.37 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 22.49 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | तुला | 01.00 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.15 ब.से |
| | | धनु | 05.31 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का पहला दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** पौष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 22.23 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रोहिणी 22.49 बजे को समाप्त।
**योग** शुभ 17.13 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 12.07 बजे तदनन्तर तैतिल 22.23 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 01'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872576
**जूलियन दिन** 2461041.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रज्जब
**तारीख** 11
**विशेष** रोहिणी व्रत, गुरु प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### ठंड व कोहरे से साहिबगंज में जनजीवन प्रभावित



**साहिबगंज:** जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शीतलहर के साथ कोहरे का कहर जारी है। पिछले पांच दिनों में छह डिग्री सेल्सियस तापमान गिरने से ठंड के तेवर चढ़ गये हैं। बुधवार को कुछ घंटों के लिए धूप खिली तो लोगों ने राहत ली। वहीं तेज पछिया हवा ने भी परेशानी बढ़ा दी है। सुबह 10 बजे के बाद ही कोहरा पूरी तरह छट पाया। इस दौरान स्कूल जानेवाले बच्चों व दिहाड़ी मजदूरों को काफी परेशानी हुई। एनएच 80 पर वाहनों की रफ्तार थम गयी थी। न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। चिकित्सक ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चों को ठंड से बचाना चाहिए। इस तरह के मौसम में सर्दी व खांसी होने की संभावना बढ़ जाती है। इसमें बच्चे व बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। क्योंकि इस समय छोटे बच्चों को निमोनिया का खतरा रहता है। बच्चों को जहां तक हो सके ठंड से बचायें, उन्हें दोपहर के समय धूप में एक-दो घंटे तक रखें। इससे शरीर में विटामिन डी की पर्याप्त मात्रा मिलती है।

### बकाया वसूली अभियान के तहत विद्युत विभाग ने आठ घरों का बिजली कनेक्शन काटा

**साहिबगंज:** उधवा प्रखंड के विभिन्न इलाकों में बिजली विभाग की टीम के द्वारा अभियान चलाकर पांच हजार रुपए से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को विद्युत कनीय अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत फुदकीपुर बंगालीपाड़ा एवं नौघरिया गांव में अभियान चलाकर आठ उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काट दिया है। इस दौरान बिजली विभाग की टीम ने बताया कि शंकर मंडल,मदन दास,अनिल चंद्र दास,राजीव कर्मकार समेत आठ उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया है। साथ ही बताया कि उनलोगों का पांच हजार रुपए से अधिक बकाया था। उन्होंने बताया कि उनलोगों को बकाया राशि जल्द-जल्द भुगतान करने के साथ-साथ विद्युत कार्यालय से आरसीडीसी रशीद लेकर ही बिजली उपयोग करने को कहा गया। मौके पर लाइनमैन रविन्द्र मंडल, पूरन साहा, अरूण मंडल, दिपक मंडल, इस्लाम शेख, प्रकाश मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

### मॉडल कॉलेज राजमहल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**साहिबगंज:** मॉडल कॉलेज राजमहल व स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जिला संयोजक प्रवीर कुमार सिंह के सौजन्य से मॉडल कॉलेज राजमहल, में वर्ष 2025 के अंतिम दिन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा नववर्ष को हरित और सुखद बनाने का संदेश देना रहा। इस अवसर पर बीते वर्ष की उपलब्धियों और अच्छे पलों को स्मरण करते हुए आगामी वर्ष के सुखद, समृद्ध एवं पर्यावरण-संवेदनशील होने की कामना की गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि रणधीर सिंह, जिला परिषद सदस्य, ब्रजनंदन मंडल, विद्यार्थियों के साथ मिलकर कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक दायित्व बताया। डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक आवश्यक कदम है।

# 75 वर्षीय वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या खून से लथपथ मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के राजमहल थाना क्षेत्र के गुनिहारी पंचायत के मंडई में बुधवार को तेज धारदार हथियार से एक वृद्ध की हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार पास के ही बेगमपुरा गांव 'निवासी कैला पहाड़िया (75) मंडई के पास एक गैरेज में नाइट गार्ड के रूप में काम करता था। रोजाना की तरह वह मंगलवार की देर शाम घर से खाना-पीना खाकर लगभग 8:00 बजे ड्यूटी के लिए निकल गया था। बुधवार की सुबह उसके घर नहीं लौटने पर पोता कृष्णा पहाड़िया उक्त गेरेज अपने दादा को खोजने के लिए गया तो उसने देखा की उसके दादा खटिया के नीचे खून से लतपथ गिरे पड़े हैं।कृष्णा तुरंत आनन-फानन में घर गया और अपने पापा और अन्य परिजनों सहित ग्रामीण को बताया मौके पर सभी पहुंचकर देखा तो दंग रह गया। तुरंत घटना की सूचना राजमहल थाना पुलिस को दिया गया। सूचना मिलते ही एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडे, राधानगर थाना प्रभारी अमर मिंज आदि दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया। उक्त वृद्ध का शव घटनास्थल में खून से सना खटिया से नीचे फर्श पर गिरा पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार देखकर पता चल रहा है कि गले पर किसी तेज धारदार हथियार से हमला किया गया है। जिससे उसकी मृत्यु हुई है। हालांकि यह जांच का विषय है। प्रथम दृश्यता से पता चल रहा है कि उक्त व्यक्ति का हत्या आरोपी के साथ हाथापाई भी हुई है। जिस कारण से वह खटिया से नीचे गिर गया है और उसके बाद हमला किया गया होगा। चर्चा यह भी है कि हत्या उक्त जगह पर नहीं की गई है कहीं दूसरी जगह पर करके लाकर रखा गया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास खेत, जंगल, तालाब किनारे आदि अन्य जगहों पर छानबीन कर रही है। साथ ही गैरेज मलिक, मृतक के पुत्र परिजन आसपास के लोगों सहित अन्य लोगो से पूछताछ कर रही है। मामले को लेकर पुलिस हर एंगल से मामले की छानबीन गंभीरता से कर रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी चार बेटा, बेटी, पोता, पोती, सहित पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। मृतक के बेटे शंकर पहाड़िया ने बताया कि उनके पिताजी का किसी से भी कोई दुश्मनी नहीं थी और शांत स्वभाव के आदमी थे अपने काम से मतलब रखते थे। उधर एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि हत्या का मामला है। किसी धारदार हथियार से वार कर हत्या किया गया है। पुलिस हर एंगल से मामले की छानबीन कर रही है। जल्द ही अपराधी पकड़े जाएंगे।

## शेरशाहवादी समुदाय को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग, सीओ से मिला प्रतिनिधिमंडल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले में शेरशाहबादी डेवलपमेंट सोसायटी के तत्वावधान में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने पाकुड़ अंचल अधिकारी अरविंद कुमार बेदिया से मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य स्थानीय शेरशाहवादी समुदाय के सदस्यों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को दूर करना था, जो इस समुदाय का प्रमुख मुद्दा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने सीओ को समुदाय के सामने आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों से अवगत कराया और बताया कि प्रमाण पत्रों की कमी के कारण समुदाय के युवाओं को विशेषकर केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों और नियुक्तिओं में आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। समुदाय को निर्बाध और समयबद्ध तरीके से शेरशाहवादी जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग अंचल अधिकारी के समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल ने अंचल अधिकारी से इस मामले में संवेदनशीलता और तत्परता दिखाने का आग्रह किया। अंचल अधिकारी ने समुदाय की चिंताओं को ध्यानपूर्वक सुना और नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में शेरशाहवादी डेवलपमेंट सोसाइटी के संयोजक मो० आजफारुल हक, मो० बाबर शेख, एसडीपीआई के प्रदेश सचिव सह पंचायत समिति सदस्य आमिर हमजा, प्रदेश कोषाध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य ओबैदुर रहमान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता अब्दुल हन्नान,कांग्रेस पार्टी के जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाहीन परवेज, रणडांगा प्राथमिक विद्यालय के अध्यक्ष हबीबुर शेख तथा समुदाय के अन्य लोग शामिल थे।

## हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों का आतंक घर में घुसकर परिवार को बनाया बंधक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तरी सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत फुदकीपुर घोष टोला गांव में बीती देर रात हथियार से लैस चार पांच की संख्या में अज्ञात नकाबपोश अपराधियों ने एक घर में घुसकर परिवार के सदस्यों को बंधक बना लिया और रुपयों, सोना, चांदी की मांग करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय शिक्षक जयकांत मंडल पड़ोसी मुकुल कुमार दास के घर उनके बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर लौट चुके थे। मुकुल कुमार दास अपनी किराना दुकान बंद कर अपने घर पर था। इसी दौरान करीब 10 बजे नकाबपोश अपराधियों ने घर में घुसकर परिवार के सदस्यों को दो तल्ला मकान पर बंधक बना लिया। बदमाशों के चंगुल से निकलकर मकान मालिक की बेटी मिताली दास किसी तरह एक कमरे में छिप गई और फोन कर ट्यूशन मास्टर को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही शिक्षक जयकांत मंडल बाइक से पीड़ित के घर पहुंचे। बाइक की आवाज सुनते ही सभी अपराधी घर से बाहर निकले और शिक्षक जयकांत मंडल तथा मकान मालिक मुकुल कुमार दास पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में जयकांत मंडल (27) और मुकुल कुमार दास (46) गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी घर से पूर्व दिशा की ओर भागने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज दलबदल के साथ मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार से पूछताछ शुरू की। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर बांस के झाड़ी से एक बाइक हीरो स्प्लेंडर एचएफ डीलक्स (जेएच 18 बी 8897) बरामद की गई है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस इसे अपराधियों से जोड़कर जांच कर रही है। उधर, घायलों को आनन-फानन में राजमहल अनुमंडल अस्पताल ले लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। फिलहाल दोनों घायलों का इलाज पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सिस्टर विनीता बिलुंग का आध्यात्मिक यात्रा हम सभों के लिए प्रेरणा श्रोत : अनिल कंडुलना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ठेठईटांगर :** प्रखंड अंतर्गत जामपानी पल्ली के जामपानी शांति कॉलोनी पिता खीस्तटॉफर बिलुंग और माता स्वर्गीय बिजिनिया बिलुंग के सुपुत्री सिस्टर विनीता बिलुंग का धूमधाम से मनाया गया अंतिम मन्नत समारोह। सर्वप्रथम पल्ली पुरोहित फादर गैब्रियल डुंगडुंग सह डीन सहायक पुरोहित संदीप कुमार, फादर विंसेंट जोजो के द्वारा मिस्सा पूजा किया गया। सिस्टर विक्टोरिया बिलुंग की प्रारंभिक शिक्षा ऊसुर्लाइन कॉन्वेंट जामपानी से पूरी हुई। इसके बाद उन्होंने मदर टेरेसा के सेवा कार्य से प्रेरित होकर मिशनरी ऑफ चैरिटी मदर टेरेसा चैरिटी संस्था को चुना सिस्टर विक्टोरिया बिलुंग का पहला मन्नत 7 दिसंबर 2012 को कलकत्ता के मदर हाउस में लिया और अपने धार्मिक जीवन ईश्वर की सेवा को आगे बढ़ाते हुए विदेश जाने का मौका मिला ईश्वर के योजना को स्वीकारते हुए घर से बहुत दूर अमेरिका के वॉशिंगटन शहर में 8 दिसंबर 2018 को अंतिम मन्नत लिया लोगों की सेवा करने के लिए ईश्वर को समर्पित किया। अमेरिका के मिशनरी ऑफ चैरिटी मदर टेरेसा संस्था में सेवाकार्य करते हुए 18 साल पूरे किए और अमेरिका के सेंट्रल यूएसए कोस्टारिका में रहते है अपनों से मिलने 18 साल बाद जामपानी गांव आए इस सुंदर पवित्र जीवन के लिए आज धन्यवादी मिस्सा पूजा ईश्वर को अर्पित किए मिस्सा पूजा संपन्न के बाद गांव वालो ने उनके स्वागत में एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं और बधाई दिए तथा सभी लोगों ने प्रीतिभोज किया। मौके पर पल्ली पुरोहित फादर गैब्रियल डुंगडुंग, फादर विंसेंट जोजो, झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, झामुमो केंद्रीय सदस्य नोवास केरकेट्टा, रितेश बड़ाइक, फेलिक्स सोरेंग और भारी संख्या में जामपानी के पल्ली वासियों दूरदराज से आए मेहमानों की भीड़ थी।

## स्वास्थ्य मंत्री के आगमन को लेकर सीएस ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के 02 जनवरी को प्रस्तावित साहिबगंज दौरे को लेकर सदर अस्पताल के सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने की। बैठक में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. देवेश, डॉ. रणविजय, डॉ. पूनम भारती, डॉ. मुकेश कुमार सहित अस्पताल के सभी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। बैठक के दौरान मंत्री के आगमन से पूर्व स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों, विधि-व्यवस्था, मरीजों की सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था एवं अस्पताल संचालन को सुचारु बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही मंत्री के दौरे को सफल बनाने हेतु कई अहम प्रस्तावों पर सहमति बनी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि मंत्री के आगमन के दौरान अस्पताल में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ समय रहते पूरी कर ली जाएँगी।

# सांसद मनीष जायसवाल का साल 2025 : जनसंघर्ष संवेदनशीलता और विकास की मजबूत दास्तान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने साल 2025 में अपनी कर्मठता, संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प के साथ एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने संसद के गलियारों से लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के दूर-दराज के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों तक जनहित में संघर्षरत रहे और खेल, संस्कृति और आस्था को अभूतपूर्व संवर्धन दिया। सांसद मनीष जायसवाल की मानवीयता, संवेदनशीलता और त्वरित पहल ने उन्हें जनता के बीच एक मिसाल बना दिया है। उन्होंने मांडू विधानसभा क्षेत्र के चरही के ग्राम सरवाहा में पांच मित्रों की हृदयविदारक मौत की घटना के तुरंत बाद शोकाकुल परिवारजनों को अस्पताल पहुंचकर ढांढस बंधाने का कार्य किया और शवों के पोस्टमार्टम के वक्त उनके साथ खड़े रहे। यह दर्शाता है कि वे केवल एक राजनेता नहीं बल्कि जनता के सुख-दुख में शामिल होने वाले एक सच्चे जनप्रतिनिधि हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने संसद पटल पर लगभग 118 जनहित के प्रश्न उठाकर न केवल हजारीबाग बल्कि पूरे झारखंड के ज्वलंत मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर रखा। वे संसद की कई चचाओं में शामिल रहे और बेबाकी से अपनी बात रखते हुए दिखे। झारखंड की कमजोर वित्तीय स्थिति के बावजूद उन्होंने डीएमएफटी मद से सैकड़ों करोड़ रुपए से अधिक की योजनाएँ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में संचालित करवाई हैं/करवा रहे हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने विस्थापितों के दर्द को भी अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा। बड़कागांव और केरेडारी विभिन्न कोल ब्लॉक के साथ कोनार और तिलैया डैम के विस्थापितों की आवाज बनकर उन्होंने संसद में उनकी पीड़ा को रखा और कोनार सिंचाई परियोजना के लंबित कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने की पुरजोर मांग की। सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल सहित जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और हजारीबाग के प्रशासन व पुलिस की कुव्यवस्था के खिलाफ मुखर रहकर सड़क पर उतरकर विरोध जताया, जिससे सरकारी तंत्र को जवाबदेह बनाया जा सके। सांसद मनीष जायसवाल ने खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने में भी अपना योगदान दिया। 'सांसद खेल महोत्सव' के तहत आयोजित 'नमो फुटबॉल टूर्नामेंट' में 22 मंडलों में 484 टीमों के कुल 20,260 खिलाड़ियों का महाकुंभ हुआ। इसके अलावा कबड्डी, आर्चरी, शतरंज और क्रिकेट प्रतियोगिताओं का व्यापक आयोजन हुआ। सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी पर 'सांसद पारंपरिक अस्त्र शस्त्र वितरण अभियान' चलाकर लोकसभा क्षेत्र के हरेक अखाड़े तक पहुंच बनाई और पारंपरिक कला कौशल को बढ़ावा दिया। कनहरी हिल में बायोडायवर्सिटी पार्क का सौगात दिया। बड़कागांव में डिग्री कॉलेज निर्माण की नींव रखी। गोला में सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस रोकने के मामले में सड़क पर उतरकर पुलिस प्रशासन का पुरजोर विरोध करना और हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी के दूसरे मंगला जुलूस के दौरान पथराव की घटना को संसद पटल पर रखकर पुरजोर विरोध जताना उनके संघर्षशील स्वभाव को दर्शाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### अतिरिक्त वसूलीकारों के मानदेय पर सवाल, नगर परिषद सिमडेगा पर अनियमितता के आरोप

**सिमडेगा :** नगर परिषद सिमडेगा के अंतर्गत संचालित चारों सैरातों में वसूली व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में आशीष कुमार सिंह ने प्रशासक, नगर परिषद सिमडेगा को लिखित शिकायत सौंपते हुए अतिरिक्त वसूलीकारों की नियुक्ति और उनके मानदेय भुगतान में संभावित अनियमितताओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। शिकायत में कहा गया है कि नगर परिषद कार्यालय के पत्रांक 491 (1/) दिनांक 29 मार्च 2025 के तहत जिन कर्मियों को सैरात वसूली के लिए अधिकृत किया गया था, उनके स्थान पर वर्तमान में अन्य व्यक्तियों द्वारा वसूली की जा रही है। आरोप है कि इन व्यक्तियों के पास न तो नगर परिषद का कोई अधिकृत आदेश पत्र है और न ही पहचान पत्र। शिकायतकर्ता ने यह भी सवाल उठाया है कि यदि ये लोग वसूली का कार्य कर रहे हैं, तो उनके मानदेय या मजदूरी का भुगतान किस मद से और किस प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है। अतिरिक्त वसूलीकारों के मानदेय को लेकर उठा सवाल, नगर परिषद सिमडेगा पर अनियमितता के आरोप। नगद अथवा अनधिकृत रूप से किया जा रहा है, तो यह सीधे तौर पर राजस्व गबन की श्रेणी में आता है। आशीष कुमार सिंह ने पूरे मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है तथा की गई कार्रवाई से अवगत कराने का अनुरोध किया है। मामले को लेकर नगर परिषद प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई।

### जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कोलेबिरा :** 25वीं जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में विवेकानन्द शिशु/विद्या मंदिर लचरागढ़ का गौरवपूर्ण प्रदर्शन वनवासी कल्याण केंद्र, झारखंड के तत्वावधान में आयोजित पच्चीसवीं जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम, बोकारो में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विवेकानन्द शिशु/विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़ के भैया बहनों ने अद्भुत उत्साह, अनुशासन और अथक परिश्रम का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा विद्यालय का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने निम्नलिखित उपलब्धियाँ अर्जित कीं भैया राहुल बड़ाईक ने गोला फेंक में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। भैया राहुल बड़ाईक ने ही 100 मीटर दौड़ सब-जूनियर वर्ग में रजत पदक अर्जित किया।बहन बहालेन समद ने गोला फेंक जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर उत्कृष्टता का परिचय दिया। बहन हिना कुमारी ने 100 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता से लौटने पर विद्यालय परिसर में विजयी खिलाड़ियों का आचार्य, प्रधानाचार्य एवं उपस्थित अभिभावकों द्वारा पुष्पवर्षा, पुष्पगुच्छ एवं तालियों की गूंज के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु यमुना, कुमारी दशरथी देवी, लक्ष्मी देवी, अर्जुन महतो, बसंती बड़ाईक, शकुंतला कुमारी, गणेश सिंह, जगेश्वर सिंह, प्रमोद पाणीग्राही, सुदर्शन कुमार प्रगति सिंह, दीक्षित कुमारी, सुनीति कुमारी संध्या बड़ाईक, भागीरथी सिंह शिवीरचन्द्र नायक रजनी बड़ाईक एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### कवि ठाकुर रघुपति सिंह 'व्यथित': कोयलांचल के साहित्यिक सूर्य को जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि



**रामगढ़ :** कोयलांचल की धरती ने कई साहित्यिक हस्तियों को जन्म दिया है, जिनमें से एक थे कवि ठाकुर रघुपति सिंह चौहान व्यथित। उनकी जयंती पर आयोजित समारोह में उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए साहित्यकारों और समाजसेवियों ने उनके साहित्यिक योगदान को याद किया। झारखंड राष्ट्रभाषा परिषद की ओर से भुरकुंडा के पंचायत सचिवालय में आयोजित जयंती समारोह में कवि व्यथित के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर क्षेत्र के साहित्यकारों ने कवि व्यथित के साहित्यिक जीवन पर चर्चा की और उनके द्वारा रचित कविताओं का पाठ किया। कवि व्यथित की कविताएं आज भी लोगों के दिलों में बसी हुई हैं। उनकी पंक्तियां जैसे ₹कोई मिटा दे हमारी हस्ती, हम वो रहगुजर नहीं! बुझ जाएं एक फूंक से हम वो आसां चिराग नहीं! आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं। परिषद के महासचिव डॉ गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि कवि व्यथित के छत्रछाया में कोयलांचल में साहित्यिक गतिविधियों में तेजी आई और इस क्षेत्र से दर्जनों कवि, साहित्यकार आगे बढ़ें और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। समारोह में कई अतिथियों ने एक स्वर में कहा कि कवि व्यथित की जयंती भव्य रूप में आयोजित किए जाने की जरूरत है। मौके पर कई कवियों ने कविता पाठ कर कवि व्यथित को काव्यांजलि दी।

### श्री कृष्ण विद्या मंदिर में वार्षिक खेलकूद का हुआ समापन




**रामगढ़ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद का समापन बुधवार को बड़े ही जोर शोर से किया गया। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक सह रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का स्वागत बुके एवं शाल भेंट कर किया गया। मंच पर मुख्य अतिथि के साथ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, सचिव विमल किशोर जाजू, सहसचिव अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल तथा समिति के वरिष्ठ सदस्य महावीर प्रसाद अग्रवाल उपस्थित थे। सभी माननीय अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया। सभी अतिथियों की मौजूदगी में अंडर 14, 17 तथा 19, लड़कों एवं लड़कियों का रिले रेस तथा ' टग आफ वार' का आयोजन किया गया। बच्चों ने काफी उत्साह एवं लगन के साथ इन खेलों में भाग लिया। बच्चों का अनुशासन एवं खेल के प्रति रुचि देखकर मुख्य अतिथि एवं अतिथिगण काफी उत्साहित एवं प्रभावित हुए। सैकड़ो की संख्या में अभिभावकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि ने विभिन्न खेलों का हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजयी प्रतिभागियों के बीच मुख्य अतिथि एवं अतिथियों के कर कमलो से मेडल, शील्ड एवं सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। सत्र 2025-26 के वार्षिक खेलकूद के ओवरऑल उपविजेता सुभाष हाउस तथा विजेता नेहरू हाउस को घोषित किया गया।

## दक्षिण अफ्रीका में भारत का वाहन बाजार में दबदबा बढ़ा




**- महिंद्रा एंड महिंद्रा अपनी पिकअप श्रृंखला के माध्यम से दक्षिण अफ्रीका में अग्रणी रही**

**जोहानिसबर्ग** । दक्षिण अफ्रीका में बिकने वाली आधी कारें अब किसी न किसी रूप में भारत से जुड़ी हुई हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में जापानी हल्की कारों के 84 प्रतिशत वाहन भारत से आयातित थे, जबकि केवल 10 प्रतिशत वाहन ही जापान में बने थे। कुल वाहन बिक्री में से 36 प्रतिशत वाहन भारत से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से आए, जो स्थानीय उत्पादन के लगभग बराबर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि महिंद्रा एंड महिंद्रा विशेष रूप से अपनी पिकअप श्रृंखला के माध्यम से दक्षिण अफ्रीका में अग्रणी रही। टाटा जैसी भारतीय कंपनियां भी इस बाजार में मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। 2025 के पहले पांच महीनों में कुल यात्री वाहन बिक्री में से 49 प्रतिशत वाहन भारत से आयात किए गए। इनमें अधिकांश वाहन मारुति सुजुकी के भारत स्थित उत्पादन से आए। यह संकेत देता है कि भारतीय उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता दोनों दक्षिण अफ्रीका में उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक हैं। विश्लेषकों के अनुसार भारत में उत्पादन लागत और श्रम अपेक्षाकृत कम होने के कारण कंपनियां वहां उत्पादन बढ़ा रही हैं। इससे दक्षिण अफ्रीका के खरीदारों को कीमतों में राहत मिल रही है। हालांकि, यह स्थानीय वाहन उद्योग के लिए चिंता का विषय बन सकता है, क्योंकि अधिक आयातित वाहन स्थानीय निर्माताओं की बिक्री को प्रभावित कर सकते हैं।

## गूगल-पे, फोन-पे और पेटीएम 1 जनवरी से नहीं होंगे बंद

**- अगले पूरे साल तक यूजर्स सभी यूपीआई ऐप्स का कर सकते हैं इस्तेमाल**




**नई दिल्ली** । नए साल की तैयारियों के बीच सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर कुछ मैसेज तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि 1 जनवरी 2026 से गूगल पे, फोन पे जैसे यूपीआई ऐप्स पर लिमिट लगेगी या बंद हो जाएगा। इन दावों में कोई सच्चाई नहीं है। कुछ मैसेज में कहा जा रहा है कि गूगल पे और फोन पे पर 1 जनवरी से ट्रांजेक्शन लिमिट लागू होगी या ऐप काम करना बंद कर देगा। यह पूरी तरह गलत है। एनपीसीआई ने 30 फीसदी मार्केट शेयर की सीमा का नियम प्रस्तावित किया था, लेकिन इसे लागू करने की नई डेडलाइन 31 दिसंबर 2026 तय की गई है। इसका मतलब है कि अगले पूरे साल तक यूजर्स बिना किसी परेशानी के सभी यूपीआई ऐप्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक अन्य दावा यह है कि अगर एक साल तक ट्रांजेक्शन नहीं किया गया तो यूपीआई आईडी बंद हो जाएगी। जबे कि सच्चाई यह है कि यह नियम 2023 से लागू है और केवल उन मोबाइल नंबर से जुड़े यूपीआई आईडीएस के लिए है जो अब उपयोग में नहीं हैं। अगर नंबर बदल चुका है और लंबे समय से ट्रांजेक्शन नहीं हुआ है, तभी यूपीआई आईडी डिएक्टिव हो सकती है। बैंक या ऐप पहले इसकी सूचना भी भेजते हैं। सोशल मीडिया पर यह भी कहा जा रहा है कि पेन-आधार लिंक न होने पर बैंक खाता फ्रीज हो जाएगा और यूपीआई बंद हो जाएगा। यह दावा भी गलत है। पेन लिंक न होने से केवल टीडीएस अधिक कट सकता है और टैक्स रिफंड में समस्या आ सकती है, लेकिन यूपीआई सेवाओं पर इसका कोई असर नहीं होता।

# बैंकिंग में सुरक्षा बढ़ी: म्यूल अकाउंट्स की रोकथाम के लिए ब्रांच वेरिफिकेशन जरूरी

**मुंबई**

हाल के वर्षों में साइबर ठगी में म्यूल अकाउंट्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। म्यूल अकाउंट ऐसे खाते होते हैं, जिनके जरिए ठगी से निकाले गए पैसे ट्रांसफर किए जाते हैं। इस बढ़ते खतरे के कारण बैंक अब डिजिटल अकाउंट खोलने में पूरी तरह भरोसा नहीं कर रहे। सरकार ने बैंक को केवल आधार और पैन कार्ड से डिजिटल सेविंग अकाउंट खोलने की अनुमति दी है। इन खातों में अधिकतम 1,00,000 रुपए जमा करने की सीमा है और इन्हें एक साल के भीतर फुल केवायसी खाते में बदलना अनिवार्य है। ई-केवाईसी की बजाय अब वीडियो-केवाईसी और ब्रांच वेरिफिकेशन को प्राथमिकता दी जा रही है। आईसीआईसीआई बैंक ने गैर-वेतनभोगी ग्राहकों के लिए इंस्टेंट अकाउंट सुविधा बंद कर दी है।




एचडीएफसी बैंक नए एकीकृत मॉडल पर निवेश कर ग्राहक जोड़ रहा है।

नवी मुंबई हवाई अड्डे पर टेलीकॉम आरओडब्ल्यू विवाद

- सीओएआई ने विभाग से हस्तक्षेप की मांग की

मुंबई (ईएमएस)। दूरसंचार कंपनियों के संगठन (सीओएआई) ने नवी मुंबई

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को दो पैसे की गिरावट के साथ ही 89.79 पर बंद हुआ। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.90 पर खुला, जो पिछले बंद भाव 89.75 से 15 पैसे कम है। कारोबार के दौरान रुपया थोड़ी कमजोरी के साथ कारोबार करता रहा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक लगातार भारतीय शेयर बेच रहे हैं। वहीं रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.75 पर बंद हुआ था। विशेषज्ञों के अनुसार पिछले कुछ महीनों से इस बिक्री के कारण रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दबाव में है। अमेरिकी डॉलर की स्थिति छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 फीसदी बढ़कर 98.27 पर पहुंचा। इससे भी रुपया कमजोर हुआ

## नवी मुंबई हवाई अड्डे पर टेलीकॉम आरओडब्ल्यू विवाद

**- सीओएआई ने विभाग से हस्तक्षेप की मांग की**



**मुंबई** । दूरसंचार कंपनियों के संगठन (सीओएआई) ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) पर राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) की अनुमति न दिए जाने और अत्यधिक शुल्क लगाने का आरोप लगाते हुए दूरसंचार विभाग (डीओटी) से हस्तक्षेप की मांग की है। आरओडब्ल्यू यानी कि टेलीकॉम कंपनियों को किसी संपत्ति पर नेटवर्क अवसंरचना स्थापित करने और संचालन का अधिकार। सीओएआई के अनुसार, भारती एयरटेल, रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया ने हवाई अड्डे में आईबीएस स्थापित करने की अनुमति मांगी थी, लेकिन हवाई अड्डे ने नियमों के विपरीत अनुमति नहीं दी। सीओएआई का आरोप है कि हवाई अड्डा कंपनियों को अपने नेटवर्क का अनिवार्य उपयोग करने को कह रहा है और इसके लिए प्रति ऑपरेटर लगभग 92 लाख रुपये प्रतिमाह शुल्क मांगा जा रहा है। चार ऑपरेटरों के लिए यह लगभग 44.16 करोड़ रुपये सालाना बनता है, जो व्यावसायिक रूप से अव्यवहारिक है। संगठन ने दूरसंचार विभाग से आरओडब्ल्यू की अनुमति सुनिश्चित करने और कथित एकाधिकार व्यवस्था की जांच की मांग की है। अदाणी समूह के स्वामित्व वाले एनएमआईए ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मोबाइल नेटवर्क के लिए आईबीएस अवसंरचना सरकारी कंपनी बीएसएनएल पहले से ही परीक्षण के उन्नत चरण में स्थापित कर रही है।

# साल के अंतिम कारोबारी दिन तेजी के साथ बंद हुआ बाजार

### सेंसेक्स 545, निफ्टी 190 अंक उछला

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को साल 2025 के अंतिम कारोबारी दिन तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 545.52 अंक करीब 0.64 फीसदी उछलकर 85,220.60 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 190.75 अंक तकरीबन 0.74 फीसदी ऊपर आकर 26,129.60 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान अधिकतर सूचकांक तेजी के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। निफ्टी ऑयल एंड गैस 2.66 फीसदी, निफ्टी पीएसई 1.77 फीसदी, निफ्टी कमोडिटीज 1.61 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.56 फीसदी, निफ्टी मीडिया 1.50 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 1.47 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। मुख्य सूचकांक में केवल निफ्टी आईटी में ही -0.30 फीसदी की गिरावट रही।

सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, टाइटन, ट्रेंट, पावर ग्रिड, बीईएल, एनटीपीसी, एमएंडएम, एचयूएल, एसबीआई, इंडिगो और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर उछले जबकि टीसीएस, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और सन फार्मा के शेयरों को नुकसान हुआ।

लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी दर्ज की गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 570.25 अंक की तेजी के साथ 60,484.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 195 अंक की तेजी के साथ 17,713.95 पर था।

इससे पहले आज सुबह एशियाई बाजारों में कमजोरी के बाद भी बाजार बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 100 से अधिक अंकों की बढ़त के साथ 84,793.58 के स्तर पर खुला। वहीं निफ्टी-50भी मजबूती के साथ 25,971.05




पर खुला। एशियाई बाजारों में ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.17 फीसदी गिरा, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.42 फीसदी नीचे रहा। चीन का सीएसआई 300 लगभग स्थिर रहा। जापान और दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार छुट्टी के कारण बंद रहे। हांगकांग और ऑस्ट्रेलिया में बाजारों का कारोबार समय से पहले बंद हुआ। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार भी दबाव में रहे। वॉल स्ट्रीट लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ।

# गिग कामगारों की हड़ताल से ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेवा प्रभावित

### हड़ताल से सेवाओं में व्यवधान आने की संभावना

**मुंबई**

देश भर के गिग कामगार संगठनों ने 31 दिसंबर को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। नए साल की पूर्व संध्या ऑनलाइन फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स कारोबार के लिए सबसे व्यस्त समय माना जाता है। इस कारण हड़ताल से सेवाओं में व्यवधान आने की संभावना जताई जा रही है। जोमैटो और स्विगी सहित अधिकांश फूड एग्रीगेटर और क्विक कॉमर्स कंपनियां हड़ताल के प्रभाव को कम करने के लिए तैयारी में जुटी हैं। प्लेटफॉर्म अपने ऑपरेशन और सपोर्ट सिस्टम को बढ़ा रहे हैं ताकि डिलीवरी पार्टनर्स को सुरक्षा और



सहायता मिल सके। जोमैटो ने डिलीवरी पार्टनरों के लिए आपातकालीन संपर्क, एसओएस बटन और त्वरित प्रतिक्रिया टीम तैयार की है। इटरनल (जोमैटो और ब्लिंकइट की मूल कंपनी) ने बताया कि पुलिस और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर डिलीवरी पार्टनर्स की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। स्विगी अपने नेटवर्क रेस्टोरेंट्स के साथ लगातार संपर्क में है ताकि ऑर्डर की आपूर्ति समय पर सुनिश्चित हो। संभावित व्यवधानों की स्थिति में रेस्टोरेंट्स अपने कर्मचारियों को तैनात कर डिलीवरी जारी रख सकते हैं। अन्य रेस्टोरेंट्स भी इसी रणनीति को अपना सकते हैं। कंपनियां अतिरिक्त कदम उठा रही हैं ताकि ग्राहकों को हड़ताल का कम से कम असर महसूस हो। ऑर्डर मैनेजमेंट और आपूर्ति समयसीमा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हालांकि, अन्य प्लेटफॉर्म्स जैसे जेप्टो, बिगबास्केट, एमेजॉन नाउ और फ्लिपकार्ट मिनट्स ने इस संबंध में प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## दिसंबर में भारत का रूस से तेल आयात गिरा





**मुंबई** । दिसंबर 2025 में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात लगभग 12 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) रह सकता है, जो नवंबर के 18.4 लाख बीपीडी से काफी कम है। यह स्तर दिसंबर 2022 के बाद सबसे निचला होगा। विशेषज्ञों के अनुसार यह गिरावट संरचनात्मक नहीं, बल्कि अल्पकालिक बाधाओं के कारण हुई है। रूस के प्रमुख निर्यातक रोसनेफ्ट और लुकोइल पर अमेरिकी कार्रवाई और यूरोपीय संघ के प्रतिबंध मुख्य कारण हैं। भारतीय रिफाइनरियां अभी भी गैर-प्रतिबंधित स्रोतों से रूसी तेल खरीद रही हैं, लेकिन प्रमुख रिफाइनरियों ने प्रतिबंधों के कारण खरीद घटा दी है। विश्लेषकों का कहना है कि जनवरी से नए बिचौलियों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनःस्थापित होने से आयात धीरे-धीरे बढ़ सकता है। भारत अभी भी रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार बना हुआ है।

# भारत बना दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक

### चीन को पछाड़ निकल गया सबसे आगे

**मुंबई**

भारत ने लंबे समय तक शीर्ष पर रहे चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक बनने का गौरव हासिल कर लिया है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर (यूएसडीए) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का चावल उत्पादन 152 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच गया है, जबकि चीन का उत्पादन 146 मिलियन मीट्रिक टन रहा। वैश्विक चावल उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी अब 28 प्रतिशत से अधिक हो गई है।



भारत में चावल की खेती कोई नई बात नहीं है। प्राचीन काल से ही यह भारतीय भोजन और कृषि का अहम हिस्सा रहा है। दुनिया में लगभग 1.23 लाख चावल की किस्में पाई जाती हैं, जिनमें से करीब 60 हजार किस्में भारत में मौजूद हैं। 1960 के दशक में भारत खाद्यान्न संकट से जूझ रहा था। तब ताइवान ने भारत को ताइचुंग नेटिव-1 किस्म उपलब्ध कराई। इसके बाद 1968 में भारत में आईआर-8 किस्म की शुरुआत हुई, जिसने उत्पादन में क्रांतिकारी बदलाव लाया। बाजार के जानकारों के अनुसार, भारत का दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक बनना सिर्फ कृषि उपलब्धि नहीं, बल्कि रणनीतिक सफलता भी है। भारतीय चावल अब 172 देशों में निर्यात होता है और यह भारत की विदेश नीति का भी अहम हिस्सा बन चुका है। वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि उत्पादों के निर्यात का रिकॉर्ड 4,50,840 करोड़ रुपए रहा, जिसमें चावल की हिस्सेदारी लगभग 24 प्रतिशत रही।

# नए साल पर होटल बुकिंग में उछाल

**मुंबई**

नए साल के मौके पर होटल और रिहायशी सुविधाओं में अंतिम समय की बुकिंग में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है। बताया जा रहा है` कि नए साल की पूर्व संध्या और नए साल के दिन बुकिंग का 25 से 28 प्रतिशत हिस्सा केवल अंतिम 2-4 दिनों में आया।

इस समय में कमरे के किराये सामान्य त्योहारों की तुलना में 30-45 प्रतिशत अधिक हैं। सबसे अधिक मांग लोनावला, नो सिक, गोवा और कसौली जैसे स्थलों से रही। इन जगहों तक पहुंच आसान है और ग्रुप्स के लिए विला उपलब्ध हैं।

भीड़-भरे सार्वजनिक आयोजनों की बजाय निजी रूप से नया साल मनाने का चलन भी बढ़ रहा है। अरैया होटलों में भी नए साल की अवधि में खोज और मांग 6 से 31 प्रतिशत तक बढ़ी है। वहीं फूड डिलिवरी कारोबार




और कुछ पब नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। गिग वर्कर्स की हड़ताल और शहरों में भीड़ कम होने से डिलीवरी प्रभावित हुई है।

# ईयू का कार्बन कर एक जनवरी से लागू

**भारतीय इस्पात, एल्युमीनियम निर्यातकों को नुकसान की आशंका**




**नई दिल्ली**

यूरोपीय संघ (ईयू) 1 जनवरी 2026 से इस्पात और एल्युमीनियम सहित कुछ धातुओं के आयात पर कार्बन सीमा समायोजन मैकेनिज़्म (सीबीएएम) लागू कर रहा है। यह कर उन उत्पादों पर लगाया जाएगा जिनके निर्माण में अधिक कार्बन उत्सर्जन होता है। इस्पात उत्पादन में ब्लास्ट फर्नेस-बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस (बीएफ-बीओएफ) में उत्सर्जन सबसे अधिक होता है, जबकि गैस आधारित डीआरआई में कम और स्क्रैप आधारित इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस में सबसे कम। एल्युमीनियम के लिए बिजली का स्रोत अहम है; कोयले से बनी बिजली से कार्बन बोझ बढ़ता है और सीबीएएम लागत अधिक होती है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अनुसार भारतीय निर्यातकों को कीमतों में 15-22 फीसदी तक की कटौती करनी पड़ सकती है। हालांकि कर सीधे भारतीय कंपनियों द्वारा नहीं देना होगा, ईयू आयातकों को प्रमाणपत्र खरीदना होगा, जिससे लागत अंततः भारतीय निर्यातकों पर आएगी। 2026 से उत्सर्जन आंकड़ों का स्वतंत्र सत्यापन अनिवार्य होगा। केवल ईयू-मान्यता प्राप्त या आईएसओ 14065 के अनुरूप सत्यापनकर्ता स्वीकार किए जाएंगे। जटिल आंकड़ा और सत्यापन प्रक्रिया से छोटे निर्यातक बाजार से बाहर हो सकते हैं, जबकि कम उत्सर्जन वाले उत्पादकों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है। भारत का ईयू को इस्पात और एल्युमीनियम निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 7.71 अरब डॉलर था, जो 2025 में घटकर 5.82 अरब डॉलर रह गया। भारत और ईयू के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते में सीबीएएम एक महत्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है।

## लक्ज़री वाहन ब्रांड भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र में कर रहा प्रवेश

**मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू की नजर भारत के रियल एस्टेट पर**



**मुंबई**

लोकप्रिय लक्ज़री वाहन कंपनियां मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं को तलाश रही हैं। उद्योग सूत्रों के अनुसार मर्सिडीज-बेंज गुरुग्राम में लक्ज़री ब्रांडेड रिहायशी परियोजना के लिए कई डेवलपरों से बातचीत कर रही है। बीएमडब्ल्यू भी भारतीय डेवलपर्स के साथ चर्चा कर रही है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह सीधे ब्रांडेड परियोजना के लिए है या अपनी डिजाइन सलाहकार फर्म डिज़ाइनवर्क्स के माध्यम से। टोनिनो लैम्बोर्गिनी, जिन्होंने टोनिनो लैम्बोर्गिनी स्पा की स्थापना की, मुंबई और चेन्नई में दो रियल एस्टेट डेवलपर्स के साथ बातचीत अंतिम चरण में हैं। इंडस्ट्री विशेषज्ञों का मानना है कि लैम्बोर्गिनी परिवार की भारत में रुचि ने अन्य लक्ज़री कार ब्रांडों की बातचीत में तेजी ला दी है। नोएसिस कैपिटल एडवाइजर्स के एक अधिकारी के अनुसार प्रीमियम वेलनेस ब्रांड और यूरोपीय डिजाइन स्टूडियोज़ भी भारतीय रियल एस्टेट में रुचि ले रहे हैं। मर्सिडीज-बेंज के पास पहले से ही दुबई और मियामी में ब्रांडेड रिहायशी परियोजनाएं हैं। वहीं बीएमडब्ल्यू ने अभी तक वैश्विक स्तर पर कोई ब्रांडेड रिहायशी प्रोजेक्ट शुरू नहीं किया है। भारत में 2026 तक इस तरह के सौदों में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि भारत में लक्ज़री और प्रीमियम रियल एस्टेट क्षेत्र में विदेशी वाहन ब्रांडों की भागीदारी बढ़ेगी। इससे उच्च-स्तरीय रिहायशी परियोजनाओं का निर्माण और लक्ज़री जीवनशैली का ट्रेंड और अधिक मजबूत होगा।

# नवीन किशोर सिन्हा की पुण्यतिथि पर नितिन नवीन बोले- पिता के नक्शे कदम पर चलने की कोशिश कर रहा हूं

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना पश्चिम के पूर्व विधायक स्व. नवीन किशोर सिन्हा की पुण्यतिथि पर भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि वे अपने पिता के पदचिन्हों पर चलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता स्व. नवीन किशोर सिन्हा हमेशा सभी के लिए उपलब्ध रहते थे और पार्टी कार्यकताओं के साथ परिवार जैसा व्यवहार करते थे।नितिन नवीन ने कहा, ₹आज मेरे पिता की 20वीं पुण्यतिथि है। उन्होंने अपने संयम और साधुता से



संगठन को मजबूत किया और पार्टी कार्यकताओं के साथ पारिवारिक संबंध बनाए। उनके द्वारा समाज के विकास के लिए किए गए कार्य हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में एनडीए सरकार लगातार उस मार्ग पर राज्य को ले जाने का प्रयास कर रही है, जिसे स्व. नवीन किशोर सिन्हा ने देखा और सुझाया था।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा, ₹वह चुनाव प्रबंधन में माहिर थे। चाहे हम विधायक बनने से पहले हों या उसके बाद, चुनाव कैसे मैनेज किया जाए, यह उनकी विशेषता थी। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में और जनप्रतिनिधि के रूप में भी स्व. नवीन किशोर सिन्हा जी बहुत विशेष थे। उनकी पुण्यतिथि पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।₹ इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना पश्चिम के पूर्व विधायक स्व. नवीन किशोर सिन्हा की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। यह कार्यक्रम स्व. नवीन सिन्हा स्मृति पार्क, पटना में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और स्व. नवीन किशोर सिन्हा के सुपुत्र नितिन नवीन, केन्द्रीय राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दूबे, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल, बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह, भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भिखु भाई दलसानिया, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक जनक राम, जनक सिंह, सुनील कुमार, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर यादव, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा, पटना की महापौर सीता साहू, बिहार सवर्ण आयोग के अध्यक्ष महाचन्द्र प्रसाद सिंह, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रणवीर नन्दन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति, राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुजफ्फरपुर में मोबाइल मैकेनिक की हत्या



**मुजफ्फरपुर।** जिले में बेखौफ अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना औराई थाना क्षेत्र के औराई बाजार के पास हुई, जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान औराई थाना क्षेत्र की राजखंड उत्तरी पंचायत अंतर्गत बलिया गांव वार्ड संख्या दो निवासी जगदेव पंडित के 21 वर्षीय पुत्र अर्जुन कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार अर्जुन कुमार औराई बाजार स्थित एक मोबाइल दुकान में फोन रिपेयरिंग का काम करता था। मंगलवार की शाम वह काम खत्म कर घर लौट रहा था। इसी दौरान बलिया मध्य विद्यालय के समीप पहले से घात लगाए अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।गोली लगते ही अर्जुन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। औराई थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। बताया जा रहा है कि युवक को बेहद नजदीक से सीने में एक गोली मारी गई थी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। इस मामले में औराई थाना प्रभारी राजा सिंह ने बताया कि युवक को अपराधियों ने गोली मारी थी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## तेज रफ्तार बना कहर, सड़क दुर्घटना में युवक की हुई दर्दनाक मौत



**भोजपुर।** जिले के नवादा थाना क्षेत्र अंतर्गत पश्चिमी ओवरब्रिज पर सुबह सवेरे रोड ऐक्सिडेंट में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के गायत्री मंदिर के समीप के निवासी राधा कृष्ण प्रसाद के 31 वर्षीय पुत्र मंटू कुमार है। मंटू कुमार शहर के एक होटल में काम करते थे। वहीं घटना के बाद ओवरब्रिज पर काफी देर तक जाम लग गई।वहीं घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। रोड ऐक्सिडेंट की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया। उसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। घटना की जानकारी मिले के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। घटना को लेकर मंटू कुमार के बड़े भाई उमेश कुमार ने बताया कि मंटू एक होटल में काम करता था। आज सुबह सब कोई सो ही रहे थे। उसी दौरान बाइक लेकर बिना घर में बताए निकल गया था। जब दुकान पर मैं था उसी दौरान मुझे सूचना मिली कि मेरे छोटे भाई की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। जिसके बाद हम लोग आरा सदर अस्पताल पहुंचे।

# अपराधियों पर लगाम कसने में जुटी भोजपुर पुलिस, नव वर्ष को लेकर विशेष निगरानी

**भोजपुर।** जिले में अपराध पर लगाम कसने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने को लेकर कोईलवर पुलिस एक्शन मोड में नजर आई। कोईलवर थाना क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाकर कानून तोड़ने वालों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कोईलवर पुलिस ने कपिलदेव चौक के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया।इस दौरान दोपहिया वाहनों को रोककर उनके



कागजातों की गहन जांच की गई। साथ ही वाहन सवार लोगों की भी तलाशी ली गई, ताकि किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधि पर अंकुश लगाया जा सके। थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान दर्जनों छोटे-बड़े वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुमार्ना भी वसूला गया। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर वाहनों की डिक्की की भी तलाशी ली, जिससे हथियार या संदिग्ध वस्तुओं की आशंका को खत्म किया जा सके। अचानक हुई इस कार्रवाई से जहां वाहन चालकों में हड़कंप मच गया, वहीं आम नागरिकों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की। थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र ने बताया कि अपराध पर नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के वाहन जांच अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# तालिबानी सजा का खौफनाक मंजर! बाइक चोरी के शक में नाबालिग को भीड़ ने बेरहमी से पीटा

**वैशाली।** जिले के हाजीपुर में भीड़ की हिंसा का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां चोरी के आरोप में एक नाबालिग को लोगों ने घेरकर बेरहमी से पीट दिया। हालात ऐसे बन गए कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही नाबालिग की जमकर पिटाई हो चुकी थी। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसने कानून-व्यवस्था और भीड़ के उग्र रवैये पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पूरा मामला हाजीपुर सदर अस्पताल परिसर का है। जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल चोरी करते समय एक नाबालिग को लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद ह्यचोर-चोरह्न का शोर होते ही भारी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। जिसे भी



मौका मिला, उसने भीड़ के साथ मिलकर हाथ साफ कर लिया। पकड़े गए नाबालिग की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी के रूप में बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि उसका नाम रौशन कुमार है और वह नशे का आदी है। नशे के लिए पैसे जुटाने के उद्देश्य से उसने मोटरसाइकिल चोरी करने का प्रयास किया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चोरी पकड़े जाने के बाद आक्रोशित लोगों ने सदर अस्पताल परिसर में ही उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने नाबालिग को बचाने की कोशिश की, लेकिन उग्र भीड़ के सामने वह बेबस नजर आया। भीड़ लगातार लाठी-डंडों और लात-घूंसों से उसकी पिटाई करती रही। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह नाबालिग को भीड़ से छुड़ाकर अपनी अभिरक्षा में लिया। इसके बाद उसे नगर थाना ले जाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, नाबालिग हाजीपुर महिला कॉलेज के पास अपने ननिहाल में रहता था और नशे की लत पूरी करने के लिए पहले भी छोटी-मोटी चोरियों को अंजाम देता रहा है। उल्लेखनीय है कि सदर अस्पताल परिसर में पहले भी बाइक और साइकिल चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। सीसीटीवी कैमरे और गार्ड की तैनाती के बावजूद लगातार हो रही चोरियों से स्थानीय लोग पहले से ही नाराज थे, जिसका गुस्सा इस घटना में खुलकर सामने आ गया फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और वायरल वीडियो के आधार पर भीड़ में शामिल लोगों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# ठगी के 3.7 करोड़ रुपए 200 खाते में ट्रांसफर

**पटना।** यूनिवर्सिटी की रिटायर्ड महिला प्रोफेसर ज्योति वर्मा (78) से 3.7 करोड़ की ठगी हुई थी। ठगी करने वाला शातिर एक साल बाद बंगला में पकड़ा गया है। जिसकी पहचान शुभम राय के रूप में हुई है, जो हुगली के सरेमपुर का निवासी है। ये इस मामले में पहली गिरफ्तारी है। अब तक की जांच में पता चला है कि 3.7 करोड़ रुपए 200 से अधिक खाते में भेजे गए हैं। कुछ रुपए खर्च किए हैं। अधिकतर खाते उतर प्रदेश, साउथ इंडिया, पश्चिम बंगाल और बेंगलुरु के हैं। इसमें म्यूल अकाउंट्स अधिक पाए गए हैं। पटना साइबर पुलिस रिमांड पर



लेगी दरअसल, बंगाल पुलिस ने शुभम को दूसरे डिजिटल अरेस्ट मामले में गिरफ्तार किया है। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने पटना में महिला प्रोफेसर के साथ ठगी के बारे में भी बताया। मामले की जानकारी पटना पुलिस को दी गई। पटना साइबर थाने की पुलिस अब शुभम को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। जल्द ही यहां से टीम बंगाल जाएगी। पीड़ित प्रोफेसर पटना के कदमकुआं इलाके की रहने वालीं हैं। कैसे की थी ठगी मामला नवंबर 2024 का है। साइबर फ्रॉड ने महिला प्रोफेसर को फोन किया था। कहा था आपने एसबीआई में क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई किया था। उस क्रेडिट कार्ड से 1.15 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। यह पैसा मनी लॉन्ड्रिंग का है। इसके बाद उसने एक फर्जी क्राइम ब्रांच के अधिकारी से बात कराई। फर्जी अधिकारी ने महिला प्रोफेसर को मोबाइल पर अरेस्ट वारंट भेज दिया और कहा-आपके खाते की जांच होगी। महिला को 48 घंटे तक वीडियो कॉल पर रखा। शातिर ने एक अकाउंट नंबर दिया और कहा कि आपके खाते में जितनी रकम है, सब इसमें ट्रांसफर कीजिए। आरबीआई इसकी जांच करेगा। सही पाए जाने पर आपको एनओसी मिलेगा। महिला प्रोफेसर ने 48 घंटे में अपना एफडी तोड़कर 3 करोड़ रुपए उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए। शातिर ने फिर कहा-आपको आरबीआई एनओसी दे देगा, इसके लिए और 7.50 लाख देने होंगे।

# गयाजी, रोहतास और राजगीर सबसे ठंडे, 7त्उ के करीब पारा







**पटना।** बिहार में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और अगले एक सप्ताह तक ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। 6 जनवरी के बाद कुछ राहत मिल सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज यानी बुधवार को प्रदेश के 25 जिलों में कोल्ड-डे और घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, यह स्थिति 5 जनवरी तक बनी रहेगी। पिछले 24 घंटे में गयाजी, रोहतास और राजगीर सबसे ठंडा जिला रहा। इस जिलों का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। इधर पटना में बढ़ती ठंड को देखते हुए 2 जनवरी तक 8वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि, पश्चिमी विक्षोभ के कारण पछुआ हवा सक्रिय हैं। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना है, जो उत्तरी बांग्लादेश के ऊपर तक फैला है। इससे प्रदेश में ननी बढ़ा है, जिससे घना कोहरा छाया रहता है।प्रदेश के कई जिलों में पिछले एक सप्ताह से धूप नहीं निकल रही है। इसका सीधा असर अधिकतम तापमान पर पड़ रहा है। इससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान का अंतर घट गया है, जिससे लोगों को दिन-रात सामान्य रूप से कड़ाके की ठंड महसूस कर रहे हैं। राजधानी पटना में भी ठंड और कोहरे का असर बना रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक सुबह के समय घना कोहरा छाया रह सकता है। दिन में आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। इसके साथ ही ठंडी पछुआ हवा के कारण ठिठुरन अधिक महसूस की जाएगी। नए साल- 1 जनवरी, 2026 में कैसा रहेगा मौसम मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, नए साल के शुरूआती दिन में भी ठंड से राहत मिलने की संभावना कम है। जनवरी के पहले सप्ताह तक बिहार के कई हिस्सों में कोल्ड डे और घना कोहरा छाया रहेगा। हालांकि, इसके बाद धीरे-धीरे मौसम में बदलाव की संभावना है। समस्तीपुर में बुधवार को हल्का कुहासा छाया हुआ है करीब 6 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही पछुवा हवा के कारण कनकनी बनी हुई है।

## संक्षिप्त डायरी

## बेटों ने मारपीट कर पिता को घर से निकाला

**भोजपुर।** जिले के बिहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहिया नगर में संपत्ति विवाद को लेकर एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। बेटों ने ही अपने बुजुर्ग पिता के साथ बेरहमी से मारपीट कर उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। घटना के बाद घायल बुजुर्ग को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका



उपचार चल रहा है। बुजुर्ग की पहचान बिहिया थाना क्षेत्र के राजा बाजार चौक के रहने वाले 72 साल के दुर्गा प्रसाद के रूप में की गई है। घटना के संबंध में पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि उनके दो बेटे हैं। वे वर्षों से दवा की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। लेकिन पिछले कुछ महीनों से उनके बेटों ने कथित तौर पर धोखे से उनकी संपत्ति अपने नाम लिखवा ली। इसके बाद उन्हें घर से धक्का देकर बाहर निकाल दिया गया।बुजुर्ग ने बताया कि वह कई दिनों से इधर-उधर भटक कर किसी तरह अपना पेट भर रहे थे।पीड़ित ने बताया कि घटना के दिन वह अपने ही घर के पास बैठकर समय बिता रहे थे। इसी दौरान उनके दोनों बेटे वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उन्हें भगाने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दोनों बेटों ने कुदाल के बेंट से हमला कर दिया और फिर लात-घूंसे से बेरहमी से पिटाई करने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे और बीच-बचाव कर किसी तरह बुजुर्ग को बचाया गया। जाते-जाते बेटों ने उन्हें दोबारा इलाके में नजर आने पर जान से मारने की धमकी भी दी। बुजुर्ग के चेहरे और सिर पर आई चोटें, बेटों के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायल दुर्गा प्रसाद को आरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि बुजुर्ग के चेहरे और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। इमरजेंसी वार्ड में प्राथमिक उपचार किया गया है और एक्सरे कराया जा रहा है, ताकि अंदरूनी चोटों का पता लगाया जा सके। वहीं, पीड़ित बुजुर्ग ने बिहिया थाना में अपने बेटों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने के बाद के मामले की जांच की जाएगी।

## भोजपुर में हर्ष फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**भोजपुर।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में हर्ष फायरिंग का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने एक आरोपित को रायफल और भारी मात्रा में कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई उस समय की गई, जब हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल होने लगा। वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और सत्यापन के बाद प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दिउल गांव निवासी बबुल पांडेय के रूप में की गई है। उसकी गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने एक एनपी बोर



रेगुलर लाइसेंसी रायफल, पांच खोखा और 65 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके साथ ही हथियार का लाइसेंस भी जब्त किया गया है। बरामद रायफल जगदीशपुर प्रखंड प्रमुख सविता देवी के पति चंदेश्वर सिंह के नाम पर लाइसेंसी बताई जा रही है।भोजपुर के पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि बीते 25 दिसंबर को दिउल गांव में बबुल पांडेय की पोती के जन्मदिन का समारोह आयोजित किया गया था। इसी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग की गई, जिसका वीडियो किसी ने बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया।बाद में यह वीडियो पुलिस तक पहुंचा, जिसके आधार पर मामले की जांच की गई और आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की गई।इधर, जगदीशपुर थानाध्यक्ष सुशांत मंडल ने बताया कि पूछताछ के दौरान प्रखंड प्रमुख पति चंदेश्वर सिंह ने दावा किया है कि उनकी लाइसेंसी रायफल गाड़ी में रखी हुई थी। इसी दौरान उनका एक दोस्त सुनील हथियार लेकर चला गया, जिसके बाद हर्ष फायरिंग का वीडियो सामने आया।हालांकि, वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है कि बबुल पांडेय किसी अन्य की रायफल लेकर फायरिंग कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि हर्ष फायरिंग एक गंभीर अपराध है और इससे जान-माल को खतरा हो सकता है। मामले में आगे की जांच की जा रही है और अन्य संबंधित लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

## भोजपुर में संदेहास्पद स्थिति में बच्चे की मौत



**भोजपुर।** के शाहपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर शाम घर के बाहर दरवाजे पर गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई। वो खेल रहा था, इसी दौरान हादसा हो गया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजन की ओर से ठंड लगने के कारण मौत की आशंका जताई जा रही है। मृत बालक शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नगर वार्ड नंबर-10 निवासी संजय धानुक का 8 वर्षीय बेटा श्लोक कुमार है। जो तीसरी कक्षा का छात्र था। इधर, मृत बालक के दादा भरत धानुक ने बताया कि मंगलवार कि देर शाम वह घर के बाहर दरवाजे पर खेल रहा था। तभी अचानक गिर पड़ा। इसके बाद पड़ोस के लोगों ने कहा कि आपका बच्चा गिर गया है। जिसके बाद परिजन वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए बिहिया पीएचसी से आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। दादा भरत धानुक ने अचानक ठंड लग जाने के कारण अपने पोते की मौत होने की बात कही है। बताया जाता है कि अमृत बालक अपने 4 भाइयों में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां चंद्रकला देवी व तीन भाई अंकुश कुमार, विवेक कुमार और आदित्य कुमार है। घटना के बाद मृत बालक की मां चंद्रकला देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।




# नव वर्ष 2025

**विश्वभर में नया साल मनाने का तरीका भी अलग-अलग है. सभी धर्मों में नया साल एक उत्सव की तरह अलग-अलग अंदाज में अलग-अलग परंपराओं के साथ मनाया जाता है. दुनिया में सबसे अधिक देशों में ईसाई नव वर्ष मनाए जाने की परंपरा है. ईसाई वर्ष 1 जनवरी से शुरू होकर 31 दिसंबर तक 12 महीनों में बंटा हुआ है. खास बात यह है कि भले ही दुनिया के सभी धर्मों के रीति-रिवाज अलग-अलग हों लेकिन 1 जनवरी को सभी देशों में नए साल की धूम रहती है. विश्व में वर्ष के अंतिम कुछ क्षणों में आतिशबाज़ी करते हुए पुराने साल को विदा और नव वर्ष का स्वागत किया जाता है.**

### क्या है न्यू ईयर की कहानी?

हजारों साल पहले प्राचीन बेबीलोन में न्यू ईयर की शुरुआत हुई थी. परंतु उस समय नव वर्ष का यह उत्सव 21 मार्च को मनाया जाता था जो कि वसंत के आगमन की तिथि थी. जो हिन्दुओं का नववर्ष है. ग्यारह दिनों तक चलने वाले पर्व के रूप में यह वसंत ऋतु के पहले दिन से शुरू होता था. इसीलिए सितंबर सातवां, अक्टूबर आठवां, नवंबर नौवां और दिसंबर दसवां महीना माना जाता था. जैसा कि इनके नामों से स्पष्ट होता है. यह गणना रोमन कैलेंडर के अनुसार किया जाता था जो सातवीं शताब्दी बीसी से शुरू हुआ और यह चन्द्रमा के चक्र के मुताबिक था. रोमन कैलेंडर अटकलबाजी के बलबूते बनाया गया था. जो 1 मार्च से शुरू होता था. तब एक साल में 304 दिन और कुल 10 महीने हुआ करते थे. मार्च से लेकर दिसम्बर तक, इन महीनों के नाम इस तरह थे मर्सिअस, एप्रिलिस, मैयास, जूनियस, कुइन्तिलिस, सेक्सटिलिस, सेप्टेम्बर, ओक्टोबर, नोवेम्बर, और डिसेम्बर.लेकिन सन 1570 के आसपास पोप ग्रेगरी XIII ने क्रिस्टोफर क्लेवियस को एक नया कैलेंडर बनाने का जिम्मा सौंपा. इस तरह सन 1582 में ग्रेगोरियन कैलेंडर अस्तित्व में आया. तब से पूरी दुनिया में नए साल का उत्सव बदस्तूर 1 जनवरी को मनाया जाता है.

### न्यू ईयर पर अमेरिका की बॉल ड्रॉपिंग परंपरा

वैसे तो विश्व में वर्ष के अंतिम कुछ क्षणों में आतिशबाजी करते हुए पुराने साल को विदा और नव वर्ष का स्वागत किया जाता है परंतु अमेरिका में यह उत्सव अलग तरीके से मनाया जाता है। यहाँ का 'बॉल ड्रॉपिंग' दुनिया का सबसे मशहूर बॉल ड्रॉपिंग कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम न्यूयॉर्क शहर के टाइस स्वायर पर न्यू इयर्स ईव की मध्यरात्रि को होता है। इससे पहले डाउनटाउन मैनहट्टन के ट्रिनिटी चर्च के घंटे को सुनने के लिए आधी रात में लोग जमा होते थे। द न्यूयॉर्क टाइस ने सन 1904 में जन मानस को आकर्षित करने के लिए न्यूयॉर्क टाइस की ईमारत पर जोरदार आतिशबाजी की। इससे लोग आकर्षित तो हुए लेकिन पटाखों के कारण सड़कों पर गरम राख और पटाखों के टुकड़ों की बरसात हुई जो कि हानिकारक होने के साथ कचरा जमा होने का भी कारण बना इन्हीं वजहों से न्यूयॉर्क पुलिस ने वहां आतिशबाजी करने के कार्यक्रम पर प्रतिबंध लगा दिया। तब न्यूयॉर्क टाइस के मालिक एडोल्फ ऑस ने अपने चीफ इलेट्रिशियन वॉल्टर पाल्मर को नया रास्ता निकालने के लिए कहा। पाल्मर के डिजाइन के आधार पर ऑस ने आर्टक्राट स्ट्रॉस साइन कंपनी को लगभग 318 किलो की लोहे व लकड़ी से निर्मित और 25 वाट के 100 बल्बों से जड़ित बॉल बनाने की जिमेदारी दी। इस बॉल को पहली बार इलेट्रिसिटी का उपयोग कर सन 1908 के बॉल ड्रॉपिंग में प्रयोग किया गया।

### भारतीय नव वर्ष

ग्रेगोरियन कलैंडर का अनुसरण वैसे तो पूरी दुनिया में हो रहा है लेकिन विभिन्न देशों में वहां की संस्कृति के अनुसार भी नया साल मनाने की परंपरा है। भारत में तो विभिन्न धर्म व संप्रदाय एक साथ रहते हैं। इन धर्मों व संप्रदायों के कैलेंडर भी अलग-अलग हैं अत: इनके नव वर्ष की तिथियां भी अलग-अलग होती हैं। हिंदू नववर्ष की बात करें तो यह चैत्र माह की शुल प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है जो कि अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष के अनुसार मार्च-अप्रैल माह में पड़ता है।




# नववर्ष को जिन्दगी का सबसे बड़ा वर्ष कैसे बनाये ?

**लीजिये, हंसता और मुस्कुराता, खिलखिलाकर नव उल्लास बिखराता, निराशा को भगाता और आशा को बटोरता नया वर्ष फिर से आ गया। चारों ओर देखिये, पेड़ नये पड्डों और कलियों के आगमन से कैसे झूम रहे हैं। पेड़-पौधे मुक्तहस्त होकर सुगंध बांट रहे हैं। भला कौन वह मूर्ख होगा, जो परिवार में आ रहे नये सदस्यों को देख खुश न हो। पशु हो या पक्षी, मानव हो या वनस्पति; सब पुराने के जाने पर दुखी होते हैं; पर वह दुख नवआगत के स्वागत के कारण धूमिल भी हो जाता है। यही सृष्टि का नियम है, इसलिए आज सब खुश है। आखिर क्यों न हों, नया साल जो आया है।**

दोस्तों, हर देश व संस्कृति में अलग अलग तारीख में नया वर्ष मनाये जाने की परम्परा पहले से ही चली आ रही है. लोग अलग अलग तरीके से इस आयोजन को मानते है, जैसे कोई दारू पीता है तो कोई पार्टी करता है, कही लोगो व्यर्थ में बैठे रहते है तो कोई मजे के नाम पर समय व पैसो की बर्बादी करता है. लेकिन कुछ लोग खुद में सुधार के लिए अच्छा काम भी करते है लेकिन समय बीतने के साथ ही वह अपने संकल्पों को जान-बूझकर तोड़ देते है और पुराने ढर्रे पर ही वापस आ जाते है. एक साल में ही 'ढाक के तीन पात' वाली स्थिति नज़र आने लगती है। वैसे भी किसी नयी शुरुआत के लिए नये साल या किसी मुहूर्त की प्रतीक्षा ही क्यों करना ? इस बार हम नये साल क्या हर साल व हर क्षण को सार्थक करने के कुछ सरल तरीके बता रहे हैं जिसमे आपको अपने अंदर कुछ ज्यादा बदलाव करने की जरूरत नहीं है बल्कि आपको इन्हें तुरंत ही तन-मन-धन से भी अधिक ध्यान से अपनाने की जरूरत होगी.

### अपनी कमाई और खर्चो का लेखा-जोखा रखें -

दोस्तों, इस नव वर्ष में आपको सबसे पहले अपने खर्चे व होने वाली कमाई का एक लेखा जोखा जरुर रखना चाहिए. एक ऐसा लेखा जोखा बनायें जिसमें हर दिन के हिसाब से अपने प्रत्येक छोटे-से-छोटे खर्चे का भी उल्लेख करें किन्तु ध्यान रखें कि किसी को बुरा न लगे या किसी पर किया गया खर्चा 'अहसान जताने' जैसा न हो. हो सके तो ऐसा लगे भी ना ! आप अपना लेखा जोखा शुरू करोगे तो आपको अपने व्यर्थ खर्चो को ष्टश्च्ह्लह्लश्च कर सकोगे साथ ही साथ इससे आपको विलासादि जैसे व्यर्थ खर्चे न्यूनतम करते हुए शून्य करने व अच्छे काम में किये गये खर्चो को बढ़ाने में सहायता होगी।

### ब्रह्ममुहूर्त में उठने की आदत बनायें -

दोस्तों, हमारे लिए सुबह उठना काफी फायदेमंद होता है और इससे हमारी बॉडी तरोताजा रहती है. सुबह जल्दी उठने से हमारे पास एक्स्ट्रा टाइम भी होता है. इसलिए सुबह सूर्य की पहली किरण पहुँचने से पहले उठकर स्नान करने की आदत एक बार बना ली तो यह बात गाँठ बाँध लीजिए कि आप अपनी पुराणी स्थिति की अपेक्षा अधिक सहज रहेंगे. आपका समय-प्रबन्धन अब कुछ ठीक प्रकार से हो जायेगा व आप दिन-रात ताम-झाम में डूबी रहने वाली व टाइम नहीं है जैसी समस्याओं से दूर हो जाओगे. अब आपके पास समय ही समय होगा और अपने दिन भर के काम आप एक ही दिन में पूरे करने लगोगे.

### अपनी डायरी मैण्टैन करें -

टी.वी. के सामने व्यर्थ बैठे रहने, शराब, धूम्रपान करने में जो आपने अपना नुकसान किया उसकी सारी विवरण, कार्य व समय इत्यादि के अनुसार प्रतिदिन इस प्रकार लिखें कि जिस दिन आप उस निरर्थकता से बचे तो आपको आनन्द आयेगा व संतोष का अनुभव होगा तथा गम्भीरता से पालन किया तो किसी दिन ऐसी स्थिति भी आ जायेगी कि आपको यह सब लिखने की जरूरत भी अनुभव नहीं होगी या आप पूरी तरह से सुधर चुके होंगे। जब भी कोई उल्लंघन करें तो अपने आप को कुछ सज़ा दें, जैसे कि अगले दिन चाय-काफ़ी बिल्कुल न पीयें, कल साईकल ही चलायें, कल 10-10 मिनटस तक कम से कम तीन बार रस्सी कूदें इत्यादि। ग़लती को दोहराने पर सज़ा की मात्रा व तीव्रता बढ़ा दें ताकि स्वयं को संदेश जाये कि अबकी बार अधिक सावधानी बरतनी है, या दण्ड झेलना और कठिन हो जायेगा।




### मिट्टी के दो कटोरे में डेली पानी भरे -

हाट जाकर देसी मिट्टी से बने दो सकोरे लायें जिन्हें प्रतिदिन धो-धोकर एक सकोरे में पेयजल भरें व दुसरे में मिश्रित देसी साबुत अनाज को मिक्स करके रखे, स्थानीय किराना दुकान या अनाज-व्यवसायी से बोलें. समस्त देसी व साबुत अनाजों का एक मिश्रण तैयार कर दें। शहर हो या गाँव हर स्थिति-परिस्थिति में पक्षियों व गिलहरियों को स्वच्छ पेयजल व पौष्टिक व स्वादिष्ट शुद्ध भोजन की कमी की सतत पूर्ति का यह सबसे सरल उपाय है एवं हम सबके 'मनुष्य' होने को परिभाषित करता ईश्वरीय उत्तरदायित्व भी।

### कील-तार-सीमेण्ट-क्रांक्रीट से करें मुक्त -

आपने देखा होगा की कई बार कई पेड़ - पौधे तार व अन्य चीजो से दब जाते है या उनके ऊपर किसी सामान का बोझ लदा रहता है जिस कारण वह पौधे या तो टूट जाते है या उनका विकास नहीं हो पाता. इसलिए हर दिन लेखा-जोखा रखें कि आज आसपास या आपके घर से दूर कितने पेड़ों से आपने कीलें निकालीं, उनसे तार हटाये, उनका दम घोंट रही क्रांक्रीट अथवा सीमेण्ट को दूर किया. इसके लिये अपने पास प्लायर, कैंची, लौहे की छोटी-सी राड, खुरपी इत्यादि का एक पैकेट रखें जो अन्य कई कार्य भी आयेगा।

### जीव जन्तुओ की सेवा की साप्ताहिक रिपोर्ट कार्ड -

अपनी आँखों को खुला रखकर घर से बाहर निकलें, जहाँ भी कोई पशु-पक्षी घायल, भूखा-प्यासा या अन्य किसी भी प्रकार से रोगी व ज़रूरतमंद लगे तुरंत रुककर उसे सहायता पहुँचायें, आवश्यकता पड़ने पर खुद ट्राली या ऑटो की व्यवस्था करवाकर उसे चिकित्सालय पहुँचायें. उसकी निगरानी करें व जरूरत पड़ने पर डाक्टर इत्यादि को बुलवाने का भी ख्याल रखें। वैसे भी ये कार्य करने में उतने कठिन नहीं होंगे परन्तु यदि पैसो से जुड़ी जैसी कोई समस्या या अन्य कोई बात आड़े आये तो भी परिचितों व अपरिचितों से सहायता माँगने में संकोच न करें।

### बीज व वृक्षारोपण करे -

अपने साथ यहाँ-वहाँ से इकट्ठे किये गये बीज (जैसे सीताफल, बकायन, आम, चीकू, जामुन, शीशम) रखें जिन्हें आप आते-जाते मार्ग में जहाँ-जहाँ या नम व कुछ सुरक्षित-सी लगने वाले भूमि में एक छोटी-सी लकड़ी से खोदकर गड़ाते चलें जिनमें से यदि 5 प्रतिशत भी पेड़ बने तो आपका समूचा प्रयास सफल ही कहा जायेगा. स्थानीय नर्सरी से कुछ ऐसे पेड़ खरीदे जो लोगों को बहुत भायेंगे, जैसे कि तेजपत्ता, दालचीनी, मीठी नीम, कपूर, गुग्गल, अमरूद, अनार, बेलपत्र, नारियल आदि, जहाँ-तहाँ पूछताछ जारी रखें व यदि कोई भूस्वामी, मकान-मालिक, मंदिर-पुजारी या दुकानदार अपने इलाके या अधिकार क्षेत्र में वह प्रजाति लगवाना चाहे तो वहाँ स्वयं अपने हाथों से लगाकर आयें व उसकी सुरक्षा व नियमित पानी देने का निवेदन भी करके आयें. आपके द्वारा की गयी यह पहल आपके पुण्य तो बढ़ायेगी ही, साथ में हरियाली बढ़ाने के साथ सौहार्द्र बढ़ाने में भी प्रमुख भूमिका निभायेगी. यदि वृक्ष सुरक्षा-कवच बनाना हो तो तीन-चार मजबूत डण्डे, बाँस, पुरानी पड़ी राड्स गड़ाकर.. ठौंककर या गड्ढे खोदकर व रस्सियाँ या बेर-बबूल के काँटों से आप बड़ी आसानी से यह भी कर सकते हैं।

### बिना स्वार्थ के कर्म करे -

स्वार्थ या अपने कुल-कुटुम्ब के लिये तो कुत्ता भी बहुत कुछ कर ही लेता है परन्तु नि:स्वार्थ भाव से या परायों के लिये, पेड़-पौधों व पशु-पक्षियों, अनाथों-बूढ़ों, अपरिचितों इत्यादि के लिये कुछ किया हो तो भगवान् को लगे कि आपको मानव जन्म प्रदान करना सार्थक हो रहा है. इस बात को समझने के लिए आप हमारा जीवन की सार्थकता के 41 मार्ग यह आर्टिकल जरुर पढ़ा जा सकता है। उपरोक्त सम्पूर्ण डाटाबेस हर दिन के आधार पर तैयार करना है, यह नहीं कि भूल गये या बाद में लिखेंगे। नया साल चाहे जब आये, आप तो अभी से आरम्भ करें, शुभस्य शीघ्रम् ! श्रीगणेश करें...




# अंग्रेजी नववर्ष का भारतीयकरण

**अंग्रेजी या ईसाई नववर्ष दुनियां के उन देशों में मनाया जाता है जिन पर कभी अंग्रेजों ने राज किया था। हर देश अपने इतिहास और मान्यताओं के अनुसार नव वर्ष मनाता है। भारत में प्रायः सभी संवत्सर चैत्रा शुल प्रतिपदा से प्रारम्भ होते हैं पर प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमरीका और ब्रिटेन का वर्चस्व दुनियां में बढ़ गया। इन दोनों के ईसाई देश होने से कई अन्य देशों में भी ईसाई वेशभूषा, खानपान, भाषा और परपराओं की नकल होने लगी। भारत भी इसका अपवाद नहीं है।**

एक बार फिर एक जनवरी आएगी। हर बार की तरह समाचार माध्यमों ने वातावरण बनाना प्रारभ कर दिया है। 31 दिसबर की रात और एक जनवरी को दिन भर शोर-शराबा होगा। लोगों ने एक दूसरे को बधाई लेंगे और देंगे। सरल मोबाइल संदेशों (एसएमएस) के आदान-प्रदान से मोबाइल कंपनियों की चांदी कटेंगे। रात में बारह बजे लोग शोर मचाएंगे। शराब, शवाब और कवाब के दौर चलेंगे। इसके अतिरित और भी न जाने लोग कैसी-कैसी मूर्खताएं करेंगे जरा सोचिये, नये दिन और वर्ष का प्रारभ रात के अंधेरे में हो, इससे बड़ी मूर्खता और क्या हो सकती है।

यह बात आज तक समझ में नहीं आई कि यदि ईसा मसीह का जन्म 25 दिसबर को हुआ था तो जिस वर्ष और ईसवी को उनके जन्म से जोड़ा जाता है, उसे एक सप्ताह बाद एक जनवरी से क्यों मनाया जाता है । वस्तुतः ईसा का जन्म 25 दिसबर को नहीं हुआ था। चौथी शती में पोप लाइबेरियस ने इसकी तिथि 25 दिसबर घोषित कर दी, तब से इसे मनाया जाने लगा। तथ्य तो यह भी है कि ईसा मसीह के जीवन के साथ जो प्रसंग जुड़े हैं, वे बहुत पहले से ही योरोप के अनेक देशों में प्रचलित थे। उन्हें ही ईसा के साथ जोड़कर एक कहानी गढ़ दी गयी। इससे इस संदेह की पुष्टि होती है कि ईसा नामक कोई व्यति हुआ ही नहीं वरना यह कैसे संभव है कि जिस तथाकथित ईश्वर के बेटे के दुनियां में अरबों लोग अनुयायी हैं, उसकी ठीक जन्म-तिथि ही पता न हो। जैसे भारत में 'जय संतोषी मां' नामक फिल्म ने कई वर्ष के लिए एक नयी देवी को ह्श्चातिष्ठित कर दिया था। कुछ ऐसी ही कहानी ईसा मसीह की भी है

इसके दूसरी ओर भारत में देखें तो लाखों साल पूर्व हुए श्रीराम और 5,000 से भी अधिक वर्ष पूर्व हुए श्रीकृष्ण ही नहीं तो अन्य सब अवतारों, देवी-देवताओं और महामानवों के जन्म की प्रामाणिक तिथियां सब जानते हैं और उन्हें हर वर्ष धूमधाम से मनाते भी हैं। लेकिन फिर भी नव वर्ष के रूप में एक जनवरी प्रतिष्ठित हो गयी है, लोग इसे मनाते भी हैं, इसलिए मेरा विचार है कि हमें इस अंग्रेजी पर्व का भारतीयकरण कर देना चाहिए। इसके लिए भविष्य में निन कुछ प्रयोग किये जा सकते हैं। एक जनवरी को अपने गांव या मोहल्ले में भगवती जागरण करें। अपने घर, मोहल्ले या मंदिर में श्रीरामचरितमानस का अखंड पारायण प्रारभ करें। एक जनवरी को प्रात: सामूहिक यज्ञ का आयोजन हो।

एक जनवरी को भजन गाते हुए प्रभातफेरी निकालें। सिख, जैन, बौद्ध आदि मत और पंथों की मान्यता के अनुसार कोई धार्मिक कार्यक्रम करें। एक जनवरी को प्रात: बस और रेलवे स्टेशन पर जाकर लोगों के माथे पर तिलक लगाएं। एक जनवरी को निर्धनों को भोजन कराएं। बच्चों के साथ कुष्ठ आश्रम, गोशाला या मंदिर में जाकर दान-पुण्य करें। ये कुछ सुझाव हैं। यदि इस दिशा में सोचना प्रारभ करेंगे तो कुछ अन्य प्रयोग और कार्यक्रम भी ध्यान में आएंगे। हिन्दू पर्व मानव के मन में सात्विकता जगाते हैं चाहे वे रात में हों या दिन में जबकि अंग्रेजी पर्व नशे और विदेशी संगीत में डुबोकर चरित्राहीनता और अपराध की दिशा में ढकेलते हैं। इसलिए जिन मानसिक गुलामों को इस अंग्रेजी और ईसाई नववर्ष को मनाने की मजबूरी हो, वे इसका भारतीयकरण कर मनाएं।



# न्यूजीलैंड ने 2025 में मचाई धमाल, भारत-पाकिस्तान ने भी दिखाई ताकत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2025 का साल क्रिकेट फैंस के लिए काफी रोमांचक रहा और इस दौरान कई टीमों ने अपने प्रदर्शन से दिल जीते। सभी फॉर्मेट टेस्ट, वनडे और टी20 मिलाकर सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीमों की लिस्ट में न्यूजीलैंड सबसे ऊपर रही। 2025 में कीवी टीम ने कुल 47 मैचों में 33 जीत दर्ज की, जबकि सिर्फ 9 मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा एक मैच ड्रॉ रहा और चार मैचों का नतीजा नहीं निकला। न्यूजीलैंड ने इस साल 4 टेस्ट, 17 वनडे और 12 टी20 में जीत हासिल कर अपनी ताकत का लोहा मनवाया। भारत और पाकिस्तान ने भी सालभर शानदार प्रदर्शन किया और दोनों टीमों ने बराबर 30-30 मैच जीते। हालांकि पाकिस्तान ने भारत की तुलना में अधिक मैच खेले। पाकिस्तान ने कुल 56 मुकाबलों में 30 जीत हासिल की, वहीं भारत ने 45 में से इतने ही मैच जीते। इस साल भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप में कई बार पाकिस्तान को मात दी, जिससे दोनों के बीच मुकाबले का रोमांच और बढ़ गया।

वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने इस साल तीसरे नंबर पर कब्जा जमाया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कुल 38 मैचों में 23 जीत दर्ज की, जबकि 11 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज में उन्हें साल की आखिरी हार मिली, लेकिन इसके बावजूद टीम ने पूरे साल स्थिर प्रदर्शन किया। लिस्ट में पांचवें पायदान पर बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका की टीमें रही, जिन्होंने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 21-21 मुकाबले जीते। साउथ अफ्रीका ने 43 मैच खेले, जिनमें 22 में हार झेली, जबकि बांग्लादेश ने 47 में से 23 मैच गंवाए। दोनों टीमों ने सालभर अपने फैंस को रोमांचक क्रिकेट का अनुभव जरूर कराया। इस लिस्ट से साफ है कि 2025 में न्यूजीलैंड ने सबसे अधिक मैच जीतकर अपनी मजबूती दिखाई, वहीं भारत और पाकिस्तान की टीमों ने भी मुकाबले में कड़ी टक्कर दी। ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका ने भी अपने स्तर पर शानदार खेल दिखाया। कुल मिलाकर, 2025 क्रिकेट के लिए एक बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक साल रहा, जिसमें फैंस को हर फॉर्मेट में क्रिकेट का भरपूर मजा मिला।




# पैरालंपिक भाला फेंक में सुंदर ने बनाया है विशेष स्थान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने पिछले कुछ समय में पैरालंपिक खेलों में भी अपनी श्रेष्ठता साबित की है। इसमें भाला फेंक में भारतीय पैरालंपिक खिलाड़ी सुंदर सिंह गुर्जर का प्रदर्शन शानदार रहा है। सुंदर ने लगातार दो पैरालंपिक खेलों की भाला फेंक स्पर्धा में पदक जीते हैं। सुंदर सिंह ने कोच की सलाह पर साल 2012 में जैवलिन थ्रो शुरू किया। शुरुआत में वह सामान्य श्रेणी में खेलते थे पर साल 2015 में एक हादसे में उनका बायां हाथ कट गया। इस घटना के बाद उन्होंने कोच महावीर प्रसाद सैनी ने उनका हौंसला बढ़ाया और पैरा एथलेटिक्स में भाग लेने को कहा।

इसक बाद सुंदर ने पैरा एथलेटिक्स में कदम रखा। इसके बाद वह जैवलिन की एफ46 कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा करने लगे। गुर्जर ने साल 2016 में रियो पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई किया था पर वह वहां आयोग्य घोषित हो गये थे। उन्होंने इसी साल लंदन में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले 2019 में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, दुबई में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। 2018 एशियन पैरा गेम्स में रजत और 2023 हांगझोउ एशियन पैरा गेम्स में सुंदर ने 68.60 मीटर थ्रो करके विश्व रिकॉर्ड बनाया।सुंदर ने टोक्यो 2020 पैरालंपिक में 64.01 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता और फिर इसके बाद पेरिस में आयोजित 2024 पैरालंपिक में 64.96 मीटर के साथ कांस्य जीता। हाल ही में 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी उन्होंने रजत पदक जीता।

# सूर्यकुमार ने तिरुपति बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तिरुमला (ईएमएस)। भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी पत्नी देविशा शेट्टी के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान का आर्शिवाद लिया। सूर्यकुमार और उनकी पत्नी ने वैकुंठ एकादशी के शुभ अवसर पर भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना की और पवित्र वैकुंठ द्वारम से होकर दर्शन किए। इसे अत्यंत पावन माना जाता है। सूर्या पिछले कुछ समय से अपने नाम के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं और माना जा रहा है कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले इसी कारण भागवान की शरण में पहुंचे होंगे। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीडीपी) प्रशासन ने सूर्यकुमार और उनकी पत्नी के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था भी की। सुबह के समय दोनों ने शांतिपूर्वक भगवान के दर्शन किए। दर्शन के बाद मंदिर के पुजारियों ने उन्हें रंगनायकुलावरी मंडपम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आशीर्वाद दिया। इसके पश्चात दोनों को तीर्थ प्रसाद प्रदान किया गया और उन्होंने भगवान को वस्त्र अर्पित किए। मंदिर परिसर में सूर्यकुमार और देविशा को देखकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। दोनों पारंपरिक परिधान में सादगी और श्रद्धा के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए। उनकी विनम्रता और आस्था ने एक बार फिर यह दिखाया है कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम के बाद भी भारतीय खिलाड़ी अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जड़ों से जुड़े हुए हैं। उनके मंदिर दर्शन का एक वीडियों भी आया है। इसमें दिख रहा है कि सूर्यकुमार जब मंदिर की तरफ जा रहे थे तो प्रशंसकों ने उन्हें घेर लिया। सूर्यकुमार ने पास आने वाले प्रशंसकों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। कुछ पल के लिए वो रुके भी जिससे तस्वीर लेने वालों को पूरा समय मिल सके और किसी को परेशानी भी ना हो। इससे पहले साल 2023 में भी उन्होंने वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इसकी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थी। इसके अलावा वह बाबा महाकाल और अन्य मंदिरों में भी दर्शनों के लिए पहुंचते रहे हैं। वहीं सूर्या के अलावा बल्लेबाज तिलक वर्मा भी भगवान वेंकटेश्वर के दर्शनों के लिए पहुंचे। उनके साथ बीसीसीआई एपेक्स कार्उसिल के सदस्य और पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर वी. चामुंडेश्वरनाथ भी थे। तिलक इससे पहले एशिया कप 2024 से पहले भी तिरुमला आए थे।

# 14 छक्के और 9 चौके, सरफराज खान ने रोहित शर्मा का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरफराज खान को विजय हजारे ट्रॉफी (VHT) में शानदार प्रदर्शन के साथ अपने व्हाइट-बॉल करियर को फिर से शुरू करने का एक नया मौका मिला है। यह भारतीय बल्लेबाज, जिसने आखिरी बार 1 नवंबर, 2024 को भारत के लिए खेला था, मुंबई के लिए शानदार फॉर्म में है। सरफराज ने गोवा के खिलाफ सिर्फ 75 गेंदों में शानदार 157 रन बनाए जिसमें 14 छक्को और 9 चौके शामिल थे। उन्होंने सिर्फ 56 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और मुंबई के लिए सबसे तेज लिस्ट-A शतक बनाने वाले खिलाड़ी बनकर रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया।




रोहित ने पिछले हफ्ते ही सिक्किम के खिलाफ 62 गेंदों में शतक बनाकर यह रिकॉर्ड बनाया था और उस मैच में 94 गेंदों में 155 रन बनाए थे। सरफराज ने शानदार तरीके से रिकॉर्ड तोड़ा, जब कई नए खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। सरफराज का फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में उनका औसत 63.15 है, जिसमें उनके नाम 16 शतक और 16 अर्धशतक हैं। उन्हें 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) ने साइन किया था, और सिर्फ 17 साल की उम्र में, वह उस समय IPL में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए थे।

उनकी निडर और इनोवेटिव बैटिंग ने उन्हें जल्दी ही फैंस का पसंदीदा बना दिया, लेकिन बाद में उनके व्हाइट-बॉल करियर की रफ्तार धीमी हो गई। अब ऐसा लगता है कि वह दौर उनके पीछे छूट गया है। फिटनेस में सुधार के बाद सरफराज ने खुद को सभी फॉर्मेट में एक मजबूत दावेदार के रूप में बदल लिया है। उन्होंने हाल ही में मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (SMAT) में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 65.80 की औसत और 203.09 के शानदार स्ट्राइक रेट से 329 रन बनाए। सरफराज को हाल ही में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) ने IPL नीलामी खरीदा है।

## हरमनप्रीत के अर्धशतक से भारतीय टीम ने श्रीलंका को पांचवें टी20 में हराकर 5-0 से सीरीज जीती

तिरुवनंतपुरम। कप्तान हरमनप्रीत कौर के शानदार अर्धशतक और अमनजीत कौर के साथ खेली उनकी अर्धशतकीय पारी की सहायता से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंकाई टीम को 15 रनों से हराकर सीरीज में 5-0 से जीत दर्ज की है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 175 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम 160 रन ही बना पायी। श्रीलंका की ओर से सलामी बल्लेबाज हसिनी परेरा और इमेशा दुलानी ने अर्धशतक लगाया पर इन दोनो के आउट होने के बाद अन्य बल्लेबाज टिक नहीं पायीं। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा 5 और पहला मैच खेल रही जी कमलिनी 12 रन ही बना पायी। एक समय आधी भारतीय टीम 77 रनों पर ही पेवेलियन लौट गयी थी। इसके बाद हरमनप्रीत कौर ने ने अमनजोत कौर 21 के साथ छठे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी कर भारतीय टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हरलीन देओल ने 13, ऋचा घोष ने 5 और दीप्ति शर्मा ने 7 रन बनाये। वहीं हरमनप्रीत ने 43 गेंदों में 9 चौके और एक छक्का लगाकर 68 रन बनाये। वहीं अमनजोत ने 21 रन बनायी। अंतिम दो ओवरों में अरुंधति रेड्डी ने तेजी से रन बनाकर भारतीय टीम को 170 के पार पहुंचाया। वहीं अरुंधति ने 4 चौके और एक छक्के के साथ 11 गेंदों में नाबाद 27 रन बनाए। स्नेह राणा 8 रन पर नाबाद रहीं। वहीं श्रीलंका की आरे से कविशा दिल्हारी, रश्मिका सेववंदी और चमारी अटापट्टू ने दो-दो विकेट लिए जबकि निमाशा मदुशानी ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए हुए श्रीलंकाई बल्लेबाज हसिनी परेरा और इमेशा दुलानी ने तेजी से रन बनाये। इसके आउट होते ही श्रीलंकाई पारी लड़खड़ा गयीं। श्रीलंका की ओर से इमेशा और हसिनी ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इमेशा ने 50 जबकि हसिनी ने 65 रन बनाए।

## श्रेयस अय्यर की फिलहाल वापसी की उम्मीद नहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से भी बाहर रहेंगे

मुम्बई। ऑस्ट्रेलिया दौरे में चोटिल होने के बाद से ही बाहर चल रहे भारतीय टीम के मध्यक्रम के अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के अभी वापसी करने की कोई उम्मीद नहीं है। अय्यर को ऑस्ट्रेलिया दौरे में आंत में चोट लग गयी थी। उसके बाद से ही वह अभी तक पूरी तरह से नहीं उबरे हैं। इसी कारण उनकी मैदान पर वापसी में देरी हो रही है। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से भी उन्हें खेलने की मंजूरी नहीं मिली है। वहीं पहले कहा गया था कि श्रेयस 30 दिसंबर को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से बाहर आ जाएंगे पर अब उन्हें कम से कम एक सप्ताह और वहीं रहना होगा। इसका कारण है कि श्रेयस का वजन करीब 6 किलो वजन घट गया था। उनकी मांसपेशियों में भी कमजोरी आई है। इससे उनकी ताकत अभी भी सही स्तर पर नहीं पहुंची है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'उनकी बल्लेबाजी में कोई परेशानी नहीं है पर ऑस्ट्रेलिया में लगी चोट के बाद से ही उनका वजन करीब छह किलो वजन घट गया है। इसलिए मेडिकल टीम अभी तक उन्हें फिट नहीं मानती है।' पहले कहा जा रहा था कि श्रेयस के 3 और 6 जनवरी को विजय हजारे ट्रॉफी के मैच खेलने की उम्मीद है और फिर 11 जनवरी से वडोदरा में शुरू होने वाली न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में उनकी वापसी की बात कही गयी पर अब, योजना बदल गई है उम्मीद है कि उन्हें 9 जनवरी तक ही खेलने की मंजूरी मिलेगी।



## प्रीमियर लीग फुटबॉल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को ड्रॉ पर रोकने में सफल रही वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स

मैनचेस्टर। प्रीमियर लीग फुटबॉल में वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स और मैनचेस्टर यूनाइटेड के बीच मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा है। इस मैच का पहला गोल मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से जोशुआ जिर्कजी ने 27वें मिनट में गोल किया था। वहीं मैच के 45वें मिनट में लादिस्लाव क्रेजी ने एक गोल कर वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद कोई भी टीम गोल नहीं कर पायी जिससे मुकाबला बराबरी पर रहा। वॉल्वरहैम्प्टन लगातार 11 हार के बाद किसी मैच में हार से बची है। ड्रा के साथ ही मैनचेस्टर यूनाइटेड छठे स्थान पर रही है। इससे मैनचेस्टर चौथे स्थान पर रही लिवरपूल के बराबर अंक पाने में विफल रही है। वहीं वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स अंकतालिका में सबसे नीचे है। ड्रा के साथ ही उसके 3 अंक हो गये हैं। एक अन्य मैच में न्यूकैसल यूनाइटेड ने साल के अपने अंतिम मैच में बर्नले को हराया। इस हार के बाद बर्नले 19वें नंबर जबकि न्यूकैसल 10वें नंबर पर है।




## काम्या कार्तिकेयन ने रचा इतिहास, साउथ पोल तक स्कीइंग करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना के एक अधिकारी की 18 साल की बेटी काम्या कार्तिकेयन ने साउथ पोल तक स्कीइंग करके इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बन गई हैं। काम्या ने 89 डिग्री दक्षिण से शुरू करके, अपने पूरे एक्सपेडिशन का सामान ले जा रही स्लेज को खींचते हुए, स्कीइंग करते हुए ज्योग्राफिक साउथ पोल तक पैदल लगभग 115 किमी का सफर तय किया।

उन्होंने 27 दिसंबर को यह मुश्किल अभियान पूरा किया। इस शानदार उपलब्धि को हासिल करने के लिए उन्होंने अंटार्कटिका की मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया, जिसमें तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तक गिरना और तेज तूफानी हवाएं शामिल थीं। उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए भारतीय नौसेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'भारतीय नौसेना काम्या कार्तिकेयन, जो एक नौसेना अधिकारी की 18 वर्षीय बेटी और नेवी चिल्ड्रन्स स्कूल की पूर्व छात्रा हैं, को बधाई देती है, जिन्होंने साउथ पोल तक स्कीइंग करके सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बनकर एक बार फिर इतिहास रचा है।'




नौसेना ने आगे कहा, 'काम्या माइनस 30 डिग्री सेल्सियस के कठोर मौसम और तूफानी हवाओं का सामना करते हुए अपने पूरे एक्सपेडिशन के सामान से भरी स्लेज को खींचते हुए लगभग 60 नॉटिकल मील (लगभग 115 किमी) पैदल चलकर 27 दिसंबर को साउथ पोल पर पहुंचीं।' 12वीं कक्षा की छात्रा काम्या, प्रतिष्ठित एक्सप्लोरर्स ग्रैंड स्लैम को पूरा करने का प्रयास कर रही हैं, जिसमें सभी सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ना और नॉर्थ और साउथ पोल दोनों जगह स्कीइंग करना शामिल है।

इससे पहले उन्होंने सेवन समिट्स चैलेंज पूरा किया था और नेपाल की तरफ से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला बनीं। उनकी पर्वतारोहण उपलब्धियों में माउंट किलिमंजारो (अफ्रीका), माउंट एल्ब्रस (यूरोप), माउंट कोसियसको (ऑस्ट्रेलिया), माउंट एकॉनकागुआ (दक्षिण अमेरिका), माउंट डेनाली (उत्तरी अमेरिका), माउंट एवरेस्ट (एशिया), और माउंट विंसन (अंटार्कटिका) पर चढ़ाई शामिल है। काम्या 24 दिसंबर को अपने पिता, भारतीय नौसेना के कमांडर एस कार्तिकेयन के साथ माउंट विंसन की चोटी पर पहुंचीं, ताकि साउथ पोल स्की अभियान शुरू करने से पहले सेवन समिट्स चैलेंज पूरा कर सकें। उनकी असाधारण यात्रा की सराहना करते हुए भारतीय नौसेना ने कहा, 'उनकी उपलब्धि निश्चित रूप से उनकी पीढ़ी के कई लोगों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्हें नॉर्थ पोल तक स्कीइंग के अंतिम पड़ाव को लेकर 'स्वच्छ हवा और साफ आसमान' की शुभकामनाएं।'

## फीफा रैफरी सूची में एक महिला सहित तीन और भारतीय शामिल




नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने बुधवार को बताया कि एक महिला सहित तीन भारतीय रैफरी को फीफा की 2026 अंतरराष्ट्रीय मैच अधिकारियों की सूची में शामिल किया गया है। गुजरात की रचना कमानी को महिला रैफरी की फीफा सूची में शामिल किया गया है जबकि पुडुचेरी के अश्विन कुमार और दिल्ली के आदित्य पुरकायस्थ को पुरुष रैफरी के रूप में जगह मिली है। AIFF ने कहा कि अश्विन कुमार और आदित्य पुरकायस्थ ने मलेशिया के कुआलालंपुर में एएफसी रैफरी अकादमी का कोर्स पूरा कर लिया है जबकि रचना कमानी वर्तमान में यह कोर्स कर रही हैं। इसके अलावा पुडुचेरी के मुरलीधरन पांडुरंगन और महाराष्ट्र के पीटर क्रिस्टोफर को फीफा सहायक रैफरी के रूप में शामिल किया गया है। इस तरह 2026 के लिए फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच अधिकारियों की सूची में भारत के कुल 19 अधिकारी शामिल हो गए हैं। इसमें आठ रैफरी, 10 सहायक रैफरी और एक फुटसाल रैफरी शामिल हैं।

# भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती होंगे 2026 एशियन गेम्स

**मुंबई (एजेंसी)।** 2025 के सफल साल के बाद जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने ग्लोबल स्टेज पर कई इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन किया, साल 2026 नई और कठिन चुनौतियां लेकर आएगा और सबसे ऊपर 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान के आइची प्रीफेक्चर और नागोया में होने वाले 20वें एशियन गेम्स हैं।

2025 में भारत के लिए ओलंपिक खेल मिले-जुले रहे क्योंकि देश ने तीरंदाजी, बॉक्सिंग, कुश्ती, शूटिंग, वेटलिफ्टिंग और हॉकी जैसे खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया। तीरंदाजी में धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय और अतनु दास की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने 2025 वर्ल्ड कप में सिल्वर मेडल जीता। जबकि भारत ने कंपाउंड सेक्शन में दबदबा बनाया, महिला टीम और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कंपाउंड टीम और व्यक्तिगत प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीते।

भारतीय एथलीटों ने 2025 समर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें 2 गोल्ड और 5 सिल्वर सहित 12 मेडल जीते, लेकिन साल का सबसे बड़ा खेल इवेंट, एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप निराशाजनक रहा क्योंकि नीरज चोपड़ा 2018 के बाद से बड़े इवेंट्स में टॉप दो में रहने के बाद बिना मेडल के रह गए।

बैडमिंटन भी मिला-जुला रहा और जूनियर इवेंट्स और मिड-लेवल प्रतियोगिताओं में कुछ मेडल के अलावा, केवल सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ही कड़ी प्रतिस्पर्धा के सामने टिकी रही।

अब वह सब पुरानी बात हो गई है और आइची-नागोया 2026 भारतीय खिलाड़ियों को एशियन गेम्स में अपनी पूरी क्षमता दिखाने का मौका देगा जबकि लॉस एंजिल्स ओलंपिक में दो साल और 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स में चार साल बाकी हैं, जब प्रतियोगिताओं के पूरे पैमाने पर लौटने की उम्मीद है जो 2026 में ग्लासगो में होने वाले छोटे पैमाने के संस्करण से अलग होगा, जिसमें केवल 10 खेलों में प्रतिस्पर्धा होगी।

2026 एशियन गेम्स में 32 कोर खेल होंगे जिनमें से ज्यादातर वे खेल होंगे जो ओलंपिक गेम्स का हिस्सा हैं, और 11 अन्य खेल और डिसिप्लिन होंगे जिनमें पांच क्षेत्रीय खेल वुशू, सेपक-टकराव, कबड्डी, कुराश और जूडो शामिल हैं। डांसस्पोर्ट्स, रोलर स्पोर्ट्स, सर्फिंग, क्रिकेट, ई-स्पोर्ट्स, मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स और पैडल भी शेड्यूल का हिस्सा होंगे।

कुल मिलाकर 45 नेशनल ओलंपिक कमेटियों से 2026 गेम्स के लिए अपने दल भेजने की उम्मीद है, जो अनोखे होंगे क्योंकि प्रतिभागियों को आमतौर पर बनाए जाने वाले स्थायी एथलीट विलेज में नहीं ठहराया जाएगा, बल्कि किंजो पियर पर डॉक किए गए एक क्रूज शिप में ठहराया जाएगा।

प्रतिभागियों को नागोया बंदरगाह के पास दोबारा इस्तेमाल किए गए शिपिंग कंटेनरों से बने अस्थायी विला में भी ठहराया जाएगा, और कुछ को प्रीफेक्चर और बाहरी शहरों के कई होटलों में ठहराया जाएगा। आयोजन स्थल आइची प्रीफेक्चर और नागोया के विभिन्न शहरों में फैले होंगे जबकि तैराकी और घुड़सवारी प्रतियोगिताएं टोक्यो में होंगी।

इस तरह 2026 एशियन गेम्स भारत के लिए एक बड़ा मौका होगा जो कॉन्टिनेंटल गेम्स में 183 गोल्ड, 238 सिल्वर और 357 ब्रॉन्ज मेडल के साथ कुल 778 मेडल जीतकर पांचवां सबसे सफल देश है। भारत जापान में होने वाले एशियन गेम्स के 20वें एडिशन में 2022 हांगझोऊ एशियन गेम्स में अपने अब तक के सबसे अच्छे प्रदर्शन के बाद जाएगा, जहां भारत ने 108 मेडल जीते थे - 28 गोल्ड, 38 सिल्वर और 40 ब्रॉन्ज। इसका मतलब है कि प्रतिभागियों पर यह साबित करने का दबाव होगा कि पिछले कुछ सालों में उन पर खर्च किया गया भारी पैसा बर्बाद नहीं हुआ।



एक अच्छा प्रदर्शन और ढेर सारे मेडल यह भी साबित करेंगे कि पिछले कुछ सालों में भारतीय खेलों में स्वाभाविक प्रगति और विकास हुआ है जैसा कि एशियन गेम्स के पिछले कुछ एडिशन में भारत द्वारा जीते गए कुल मेडलों में देखा जा सकता है।

यह 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक गेम्स और 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भी एक शानदार तैयारी होगी, जो शायद अहमदाबाद में होंगे, जिसे कॉमनवेल्थ स्पोर्ट एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने शॉर्टलिस्ट किया है।

एक और सफल एशियन गेम्स 2036 ओलंपिक गेम्स के लिए भारत की दावेदारी को भी मजबूत करेगा। 2026 में भारत के पास अच्छा प्रदर्शन करने का पूरा मौका है और आइची-नागोया में होने वाले एशियन गेम्स देश के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने का सही मौका होगा।

## मुंबई इंडियन्स ने डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले क्रिस्टन बीम्स को बनाया स्पिन गेंदबाजी कोच

नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग 2026 की तैयारियों में जुटी गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स ने अपने कोचिंग स्टाफ में अहम बदलाव करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूर्व लेग स्पिनर क्रिस्टन बीम्स को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और कोचिंग के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाली बीम्स की एंट्री से मुंबई इंडियन्स की महिला टीम को स्पिन विभाग में मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बीम्स ऑस्ट्रेलिया के कई बड़े आईसीसी टूर्नामेंट अभियानों का हिस्सा रह चुकी हैं और 2017 महिला एकदिवसीय विश्व कप में वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर रही थीं। क्रिस्टन बीम्स का अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही ज्यादा लंबा न रहा हो, लेकिन वह अपनी निरंतरता और क्रिकेट की समझ के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए एक टेस्ट मैच खेला, जिसमें 11 ओवर की गेंदबाजी करने के बावजूद उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इसके अलावा उन्होंने 30 महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 42 विकेट अपने नाम किए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 15 रन देकर चार विकेट रहा। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी बीम्स का योगदान अहम रहा, जहां उन्होंने 18 मैचों में 20 विकेट लिए और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 11 रन देकर तीन विकेट का रहा। घरेलू स्तर पर उन्होंने महिला बिग बैश लीग में 45 टी20 मुकाबले खेले और अपनी उपयोगिता साबित की। खेल से संन्यास लेने के बाद बीम्स ने कोचिंग में खुद को स्थापित किया। वह महिला बिग बैश लीग और द हंड्रेड जैसे बड़े टूर्नामेंट में कोचिंग की जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। इसके अलावा वह ऑस्ट्रेलिया की महिला अंडर-19 टीम की कोच रह चुकी हैं और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में नेशनल डेवलपमेंट लीड की भूमिका भी निभा चुकी हैं। क्रिकेट तस्मानिया में कम्युनिटी क्रिकेट मैनेजर के रूप में काम कर चुकी बीम्स अब मुंबई इंडियन्स के साथ अपने अनुभव का इस्तेमाल करेंगी। डब्ल्यूपीएल का चौथा सत्र नौ जनवरी से पांच फरवरी तक खेला जाएगा, और इससे पहले बीम्स की नियुक्ति को मुंबई इंडियन्स की खिताब बचाने की रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।



## पुलिस कांस्टेबल की कार से टक्कर होने से बाइक सवार की मौत

बेंगलुरु (एजेंसी)। मंगलुरु में कथित तौर पर एक पुलिस कांस्टेबल की कार की मोटरसाइकिल से आमने-सामने की टक्कर में दुपहिया वाहन पर सवार एक युवक की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि मृतक की पहचान इमरान मोहम्मद ताह निवासी मर्नाबिलू के रूप में हुई है। घटना के समय कार मंगलुरु में जिला अपराध रिकॉर्ड (डीसीआर-1) इकाई में तैनात कांस्टेबल प्रसन्ना चला रहा था। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार उछलकर कार के शीशे पर जा गिरा और फिर सड़क पर आ गिरा जिससे उसके सिर में चोट लगी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। आरोप है कि कांस्टेबल दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। हालांकि, घटनास्थल पर लोगों ने कार के भीतर शराब की एक बोतल और पुलिस की टोपी देखी और वीडियो बनायी, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी। इस वीडियो के संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने जांच का आदेश दिया। पुलिस ने कहा कि वीडियोग्राफर और मृतक के परिजनों की उपस्थिति में कांस्टेबल का अल्काहोल टेस्ट कराया गया। हालांकि, जांच में नकारात्मक परिणाम आए और पुलिस अधीक्षक ने रक्त की जांच का आदेश दिया। पुंजलकट्टे पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## सेंट्रल जेल से फरार हुए तीन कैदी

हजारीबाग (एजेंसी)। झारखंड के हजारीबाग में स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय जेल से 3 कैदी फरार हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन, पुलिस और जिला प्रशासन में हडकंप मच गया है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हजारीबाग सेंट्रल जेल के अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तीनों कैदी झारखंड के धनबाद जिले के रहने वाले हैं। तीनों कैदी जेल की पांच स्तरीय सुरक्षा दीवार को भेदकर फरार हुए हैं। हजारीबाग जेल में हुई इस घटना ने पूरी प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं क्योंकि इस जेल को हाई सिक्योरिटी के लिए जाना जाता है। इस जेल में कई हाई प्रोफाइल कैदी भी बंद हैं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय जेल में पांच स्तरीय सुरक्षा कवच है। कोई भी व्यक्ति जो जेल परिसर के अंदर जाता है, उसे पांच स्तर के सुरक्षा घेरे से गुजरना पड़ता है। जेल में आने वाले किसी भी शख्स को जांच के घेरे से गुजरना होता है।

## इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौत पर तीन अफसरों पर कार्रवाई

इंदौर (एजेंसी)। मध्यप्रदेश की कारोबारी नगरी इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सख्त एक्शन लेकर तीन अधिकारियों पर कार्रवाई कर दी है। दरअसल, भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने के बाद लोगों को उल्टी की शिकायत हुई, जिसमें कई लोग अस्पताल में पहुंचे। अस्पताल पहुंचे लोगों में से तीन की अभी तक मौत हो चुकी है। इस घटनाक्रम पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बीमार मरीजों के उपचार और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता भी देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि इंदौर शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई घटना बेहद दुखद है। उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इलाजरत प्रभावितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इसके साथ ही सीएम ने हादसे में क्षेत्र का दायित्व संभालने वाले अधिकारियों पर कारवाई के निर्देश दिए हैं। इस बारे में कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि भागीरथपुरा मामले में जोनल अधिकारी शालिग्राम सितोले और सहायक यंत्री योगेश जोशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है और प्रभारी उपयंत्री पीएचई शुभम श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया है। वहीं इस पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्यों की समिति गठित की गई है। समिति आईएएस नवजीवन पंवार के निर्देशन में जांच करेगी। बताया गया है कि इंदौर में पानी की आपूर्ति खरगोन जिले के जलुद स्थित नर्मदा पंपिंग स्टेशन से की जाती है और आशंका इस बात की है कि पाइपलाइन में कहीं गंदा पानी मिल गया था और इस कारण लोगों की तबीयत बिगड़ी है।

## असम में टोना-टोटका करने के शक में एक दंपती को जिंदा जलाया

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के करबी आंगलोंग जिले से अंधविश्वास और डायन प्रथा से जुड़ी बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां कुछ लोगों ने टोना-टोटका करने के शक में एक दंपती को जिंदा जलाया है यह घटना हावराघाट इलाके के नंबर 1 बेलोगुरी मुंडा गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने सबसे पहले दंपती पर उनके ही घर के अंदर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसके बाद घर में आग लगा दी गई। आग की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हुई है। मृतकों की पहचान 43 वर्षीय गार्दी और 33 वर्षीय मीरा बिरोवा के रूप में हुई है। लोगों का आरोप था कि दंपती टोना-टोटका करते थे और उनके कारण गांव और आसपास के इलाके में बुरी घटनाएं हो रही थीं। इसी अंधविश्वास के चलते गांव के कुछ लोगों ने कानून अपने हाथ में लेकर इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूरे इलाके को घेरकर आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले में भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि यह इलाका अभी भी अंधविश्वास और अफवाहों के प्रभाव में है। यहां लोग झूठी मान्यताओं पर भरोसा करते हैं, जिसका खामियाजा निर्दोष लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ता है। पुलिस ने साफ कहा है कि डायन प्रथा और चुड़ैल बताकर किसी को प्रताड़ित करना या मारना कानूनन अपराध है।

## बीएमसी चुनाव : मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने 53 उम्मीदवार किए घोषित, दो मुस्लिम भी

मुंबई (एजेंसी)। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने मुंबई नगर निगम चुनावों के लिए अपने 53 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। इस चुनाव में मनसे और शिवसेना ठाकरे गुट गठबंधन में हैं। सूची में एक उत्तर भारतीय और दो मुस्लिम उम्मीदवार भी शामिल हैं। बाकी सभी उम्मीदवार मराठी भाषी हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना द्वारा घोषित 53 उम्मीदवारों की सूची में समावेशिता पर जोर दिया गया है। इस सूची में महिला उम्मीदवारों का दबदबा साफ नजर आ रहा है। कुल 53 उम्मीदवारों में से 29 महिलाएं हैं, जबकि 24 पुरुष हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राज ठाकरे ने आधी से ज्यादा सीटों पर महिलाओं को अवसर देकर एक बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। सामान्य वर्ग से 36 उम्मीदवारों की घोषणा की गई है, जिनमें 20 महिलाएं और 16 पुरुष हैं। मनसे ने सूची में अन्य पिछड़ा वर्ग को भी अहम स्थान दिया है। कुल 13 ओबीसी उम्मीदवारों को टिकट दिए गए हैं, जिनमें 7 महिलाएं और 6 पुरुष शामिल हैं। विधानसभा चुनावों में मिली हार के बाद मनसे के लिए यह चुनाव बहुत अहम माना जा रहा है।

# ऑनलाइन डिलीवरी कंपनियों के कर्मचारी हड़ताल पर, 10-मिनट डिलीवरी ऑप्शन हटाने की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुराने साल की विदाई और नए साल के स्वागत पर ऑनलाइन ऑर्डर सबसे ज्यादा बुक होते हैं, ऐसे में ऑनलाइन डिलीवरी कंपनियों के कर्मचारी हड़ताल पर बैठ गए हैं। ऐसे विरोध प्रदर्शन कई शहरों में फूड डिलीवरी, क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स सेवाओं को प्रभावित कर सकता है। ज़ोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट, ज़ेप्टो, अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफ़ॉर्म से जुड़े वर्कर्स के हड़ताल में हिस्सा लेने की उम्मीद है। यूनियनों का कहना है कि इससे उन रिटेलर्स और प्लेटफ़ॉर्म को नुकसान हो सकता है जो साल के आखिर में टारगेट को पूरा करने लास्ट-माइल डिलीवरी पर बहुत ज़्यादा निर्भर हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गिग वर्कर्स यूनियन ने बुधवार को होने वाली देशव्यापी हड़ताल से पहले 10-मिनट डिलीवरी ऑप्शन को हटाने और पहले के पेमेंट स्ट्रक्चर को बहाल करने की अपनी मांग को दोहराया है। यूनियन नेताओं ने कहा कि मौजूदा डिलीवरी मॉडल वर्कर्स पर असुरक्षित दबाव डाल रहा है और उनकी कमाई में काफी कमी आई है। तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष शेख सलाउद्दीन ने कहा कि फास्ट डिलीवरी मॉडल वर्कर्स को सड़क पर जोखिम लेने के लिए मजबूर कर रहा है, जबकि पेमेंट सिस्टम में बार-बार बदलाव से इनकम में गिरावट आई है।

उन्होंने कहा कि देश भर में हजारों वर्कर्स विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे पीक आवर्स के दौरान डिलीवरी सेवाओं में रुकावट आ सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक सलाउद्दीन ने बताया कि प्लेटफ़ॉर्म कंपनियों से हमारी मांग है कि पुराने पेमेंट स्ट्रक्चर को फिर से लागू किया जाए और सभी प्लेटफ़ॉर्म से 10 मिनट की डिलीवरी का ऑप्शन हटा दिया जाए। हम इस पर चर्चा और बात करने के लिए तैयार हैं। हम राज्य और केंद्र सरकार से इसमें हस्तक्षेप करने का अनुरोध करते हैं। यह हड़ताल तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स ने बुलाई है, जिसे महाराष्ट्र, कर्नाटक, दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में क्षेत्रीय वर्कर समूहों का समर्थन मिला है।

यूनियन के मुताबिक यह विरोध असुरक्षित डिलीवरी मॉडल, घटती इनकम, मनमाने ढंग से आईटी ब्लॉक करने और सोशल सिक्योरिटी की कमी की ओर ध्यान दिलाने के लिए था। फेडरेशन ने यह भी दावा किया कि 25 दिसंबर के विरोध के बाद प्लेटफॉर्म कंपनियों ने वर्कर्स से बात नहीं की। इसके बजाय, उसने आरोप लगाया कि कंपनियों ने धमकियों, अकाउंट डीएक्टिवेशन और एल्गोरिदम-बेस्ड पेनल्टी के साथ जवाब दिया। लेटर में आगे प्लेटफॉर्म पर हड़ताल को कमजोर करने के लिए थर्ड-पार्टी एजेंसियों का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया गया। 31 दिसंबर की हड़ताल से, कस्टमर्स को देरी और कैंसलेशन का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि डिलीवरी एग्जीक्यूटिव ऐप से लॉग ऑफ कर देंगे या अपना काम बहुत कम कर देंगे। पुणे, बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद और कोलकाता जैसे बड़े शहरों के साथ-साथ कई टियर-2 बाजारों में फूड ऑर्डर, ग्रोसरी डिलीवरी और आखिरी मिनट की शॉपिंग पर असर पड़ने की उम्मीद है।

फेडरेशन ने तत्काल सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है और सरकार, प्लेटफॉर्म कंपनियों और



वर्कर यूनियनों को शामिल करते हुए त्रिपक्षीय बातचीत के लिए कहा है। इस लेटर पर आईएफएटी के को-फाउंडर और नेशनल जनरल सेक्रेटरी शेख सलाउद्दीन और कर्नाटक ऐप-बेस्ड वर्कर्स यूनियन के फाउंडर और फेडरेशन के नेशनल वाइस-प्रेसिडेंट इनायत अली के साइन हैं। इसकी कॉपी श्रम और रोजगार मंत्रालय के सीनियर अधिकारियों को भी भेजी गई है।

## प्रेमानंद महाराज ने लोगों से नए साल में बुरे कर्म छोड़ने और अच्छे कर्म अपनाने को कहा


मथुरा। नए साल के पहले दिन लोगों की धार्मिक आस्था के साथ-साथ नए संकल्पों पर भी ध्यान जाता है। इस मौके पर वृंदावन के प्रसिद्ध धर्मगुरु प्रेमानंद महाराज जी ने नव वर्ष के मौके पर कुछ महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि नया साल केवल जश्न मनाने या पार्टियों का समय नहीं है, बल्कि यह अपने जीवन को सुधारने, बुरे कर्म छोड़ने और अच्छे कर्म अपनाने का मौका है। प्रेमानंद महाराज ने कहा कि शराब पीना, मांस खाना, हिंसा करना और व्यभिचार करने से जीवन में दुख और पाप बढ़ते हैं। कुछ लोग नए साल के उत्साह में इन चीजों का आनंद लेते हैं, लेकिन यह असली खुशी नहीं है। असली प्रसन्नता भगवान की भक्ति और



अच्छे कर्मों से मिलती है। उन्होंने नए साल पर अपनाने योग्य कुछ महत्वपूर्ण नियम बताए। इसमें शराब और मांस का त्याग करना, क्रोध, चोरी और हिंसा से दूर रहना, नाम जप और भगवान की भक्ति करना, परोपकार और दान करना शामिल है। यदि कोई व्यक्ति इन नियमों का पालन करता है, तब उसका जीवन सुख-शांति और खुशहाली से भरा होगा। प्रेमानंद महाराज ने बताया कि केवल व्यक्तिगत सुधार ही नहीं, बल्कि समाज और बच्चों के लिए भी बुराइयों से दूर रहना आवश्यक है। जो लोग पाप और बुरे कर्मों में लिप्त रहते हैं, उन्हें जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, मनुष्य जीवन मिला है, राक्षस नहीं। राक्षसी कर्म मत करो और परमात्मा की कृपा पाओ। अंत में प्रेमानंद की महाराज ने सभी से आग्रह किया कि नव वर्ष पर अच्छे संकल्प लें, बुराइयों का त्याग करें और धर्म, भक्ति व परोपकार को अपनाएं। इस प्रकार नव वर्ष मंगलमय होगा और सभी पर भगवान की कृपा बनी रहेगी।

## यूपी के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत अन्य पर मामला दर्ज

**-पॉश कालोनी के रास्ते में दीवार खड़ी करने पर हुआ था विवाद**



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर मंगलवार की शाम लखनऊ में मामला दर्ज कर लिया गया। इसके साथ ही जौनपुर की ब्लॉक प्रमुख मांडवी सिंह के पति विनय सिंह और उनके गनर के खिलाफ भी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दरअसल लखनऊ में रास्ते के विवाद को लेकर जौनपुर के महराजगंज ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनय सिंह ने दो नामजद और 15 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इसके बाद क्रास मुकदमे में मंगलवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह, विनय सिंह और उनके गनर सहित 10 अज्ञात के खिलाफ लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी में मामला दर्ज करवाया गया है।

जानकारी अनुसार उत्तर प्रदेश के बाहुबली नेता पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर मंगलवार की शाम लखनऊ में मामला दर्ज किया गया है। साथ ही जौनपुर की ब्लॉक प्रमुख मांडवी सिंह के पति विनय सिंह और उनके गनर के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया गया। बताया जा रहा है कि मांडवी सिंह जौनपुर में महाराजगंज ब्लॉक की प्रमुख हैं, उनके पति विनय सिंह लखनऊ की पॉश कॉलोनी के मार्ग स्थल पर दीवार उठा रहे थे। इसका कॉलोनी के लोगों ने विरोध किया तो विनय सिंह ने धनंजय सिंह को फोन लगा कर, मौजूद लोगों से उनसे बात करने को कहा, लेकिन लोगों ने धनंजय सिंह से बात करने से मना कर दिया। लोगों ने आरोप लगाया राइफल दिखाकर धमकाया जा रहा है। इस पर विनय सिंह भड़क गए और उन्होंने ईंट उठा लोगों की तरफ दौड़े। बताया जा रहा है कि विनय अपने साथ 8 से 10 सरकारी और निजी गनर लेकर पहुंचा था। यहां खासा विवाद हुआ और एक समय कॉलोनी में भगदड़ जैसे हालात बन गए। यह मामला सोमवार, 29 दिसंबर की शाम सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में स्वास्तिका सिटी कॉलोनी का बताया गया है। इसके बाद मंगलवार को कॉलोनी के लोगों ने पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर से मुलाकात कर घटना के वीडियो फुटेज सौंपे। इस पर कमिश्नर ने आदेश दिए जिस पर पूर्व सांसद धनंजय सिंह, विनय सिंह और 8-10 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## बांग्लादेश में हिंदूओं पर हमले पर केंद्र की चुप्पी पर विपक्ष ने खड़े किए सवाल

**पटना (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा को लेकर भारत में राजनीतिक और सामाजिक हलकों में गंभीर चिंता जाहिर की जा रही है। इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की कथित चुप्पी को लेकर विपक्षी दलों ने सवाल खड़े कर कड़ा कूटनीतिक संदेश देने की मांग की है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा केवल एक आंतरिक मामला नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध क्षेत्रीय स्थिरता और मानवाधिकारों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाकर कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और भारत ने ही बांग्लादेश के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। इसके बाद भारत की



जिम्मेदारी बनती है कि वे इस तरह की घटनाओं पर स्पष्ट और मजबूत संदेश दे। राजद सांसद झा ने कहा कि यह समझना जरूरी है कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ ऐसी घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं। इसके पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वी. हनुमंत राव ने बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में एक हिंदू कपड़ा कारखाने के सुरक्षा गार्ड की हत्या की कड़ी निंदा की। 42 वर्षीय बाजेंद्र बिस्वास की ड्यूटी के दौरान गोली मार दी गई थी। आरोप है कि उसी कारखाने में कार्यरत अंसार सदस्य नोमान मिया ने सरकारी बंदूक से वारदात की। राव ने कहा कि पिछले दो हफ्तों में अल्पसंख्यकों की यह तीसरी हत्या है, जो वहां बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को दिखाती है। उन्होंने इन घटनाओं को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए भी चिंता का विषय बताया। इतना ही नहीं भारत सरकार ने भी बांग्लादेश में हिंदू, ईसाई और बौद्ध अल्पसंख्यकों के खिलाफ बार-बार हो रही हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ जारी शत्रुता से चिंतित है।

## सपा नेता का विवादित बयान, 2019 में पुलवामा आतंकी हमला भाजपा की साजिश

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के नेता सनातन पांडे ने विवादास्पद बयान देकर दावा किया है कि 2019 में पुलवामा आतंकी हमला भाजपा की साजिश थी, क्योंकि पार्टी अपने चुनावी वादे पूरे करने में नाकाम रही थी। सपा नेता पांडे ने कहा कि पुलवामा हमला, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हुए थे, किसी विदेशी साजिश का नतीजा नहीं था। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनावों से पहले हुआ पुलवामा हमला बीजेपी की साजिश थी। 2014 में भाजपा ने दो करोड़ नौकरियां, किसानों की आय दोगुनी करने, महंगाई कम करने और काला धन वापस लाने का वादा किया था। पांच साल में उन्होंने अपने किसी भी चुनावी वादे को पूरा नहीं किया।

पांडे ने कहा कि उन्हें लगा कि उन्होंने झूठ बोला है, इसलिए पुलवामा (आतंकवादी हमला) उनकी साजिश का हिस्सा था। यह कोई विदेशी साजिश नहीं थी। आज तक भाजपा यह बताने में असमर्थ है कि आरडीएक्स कहाँ से आया। उनके पास विकास के एजेंडे नहीं हैं और वे संसद में गरीबी पर चर्चा नहीं कर सकते। वे नागरिकों की भावनाओं को भड़काकर सत्ता हासिल करना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल चुनावों से पहले जो हो रहा है, उस आप देख सकते है। क्या राष्ट्रीय चैनल राष्ट्र के हित में कुछ दिखा रहे हैं? वे एक विशेष समुदाय को निशाना बना रहे हैं।

बात दें कि 14 फरवरी, 2019 को आत्मघाती आतंकी हमले में 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए। भारत सरकार का कहना है कि हमला पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) द्वारा किया गया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत ने 26 फरवरी, 2019 की सुबह खुफिया जानकारी के



आधार पर चलाए गए एक अभियान में बालाकोट स्थित जैश-ए-मोहम्मद के सबसे बड़े प्रशिक्षण शिविर पर हमला किया।

## एचएएल के ध्रुव एनजी की पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी होने के साथ ही भारत की ताकत बढ़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक बड़ा और गर्व का पल हो रहा है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के उन्नत लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव-न्यू जनरेशन (एनजी) ने अपनी पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इससे भारत की हवाई ताकत और बढ़ गई है। यह उड़ान ध्रुव प्लेटफॉर्म को सिविल और निर्यात बाजारों में नई ताकत देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एचएएल की ओर से डिजाइन और निर्मित ध्रुव एनजी एक 5.5 टन वजनी, हल्का, ट्विन-इंजन वाला बहु-उद्देशीय हेलीकॉप्टर है। यह मौजूदा ध्रुव प्लेटफॉर्म पर आधारित है, लेकिन इसमें सुरक्षा, प्रदर्शन, उड़ान की सुगमता और यात्रियों के आराम पर खास ध्यान रखा गया है। इसके साथ ही, भारतीय परिस्थितियों के लिए जरूरी ऊंचाई और गर्म मौसम में उड़ान की क्षमता बरकरार रखी गई है।

ध्रुव एनजी के केंद्र में दो शक्ति 1एच1सी इंजन लगे हैं। ये पूरी तरह स्वदेशी हैं। ये इंजन ज्यादा पावर देते हैं और देश में ही मेंटेनेंस और सपोर्ट की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। एचएएल का कहना है कि शक्ति इंजनों के इस्तेमाल से आत्मनिर्भरता मजबूत होती है और सिविल ऑपरेटरों के लिए लंबे समय तक चलने वाले खर्च कम हो जाते हैं। इस हेलीकॉप्टर में सिविल



सर्टिफाइड ग्लास कॉकपिट है, जो एएस4 मानकों पर खरा उतरता है। इसमें आधुनिक एवियोनिक्स और नेविगेशन सिस्टम लगे हैं, जो पायलट को बेहतर स्थिति जागरूकता देते हैं और उनका काम आसान बनाते हैं।

ध्रुव एनजी में आम नागरिक भी सफर कर सकते हैं। इसमें सुरक्षा के लिए कई नए फीचर हैं। इसमें क्रैशवर्थी सीटें, सेल्फ-सीलिंग फ्यूल टैंक और ट्विन-इंजन सेटअप शामिल है। ध्रुव एनजी में उड़ान की सुगमता पर विशेष ध्यान दिया गया है। एडवांस्ड वाइब्रेशन कंट्रोल सिस्टम लगाए गए हैं। यह खास तौर पर वीआईपी ट्रांसपोर्ट और इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज जैसे कामों के लिए फायदेमंद है। ध्रुव एनजी का अधिकतम टेकऑफ वजन 5,500 किलोग्राम है। इसकी टॉप स्पीड करीब 285 किलोमीटर प्रति घंटा है और रेंज लगभग 630 किलोमीटर (20 मिनट रिजर्व के साथ)। यह तीन घंटे 40 मिनट तक उड़ सकता है और 6,000 मीटर की ऊंचाई तक जा सकता है। अंदरूनी पेलोड क्षमता करीब 1,000 किलोग्राम है। कैबिन का वॉल्यूम 7.33 क्यूबिक मीटर है और इसे कई सिविल भूमिकाओं के लिए आसानी से बदला जा सकता है। वीआईपी या वीवीआईपी ट्रांसपोर्ट के लिए 4 से 6 यात्रियों की सीटिंग, कम्यूटर लेआउट में 14 यात्रियों तक की जगह या एयर एम्बुलेंस के लिए चार स्ट्रेचर, एक डॉक्टर और अटेंडेंट की व्यवस्था की जा सकती है।

## एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया अपना अंदाज कैसे करेंगे नए साल 2026 का आगाज!

एजेंसी

**मुंबई :** नया साल नई शुरूआत, नई उम्मीदों और नए संकल्पों का प्रतीक होता है। साल 2026 का स्वागत सकारात्मक सोच और उद्देश्य के साथ करते हुए एण्डटीवी के लोकप्रिय कलाकारों ने साझा किया कि नए साल में वे सबसे पहले क्या करना चाहते हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं- पारस अरोड़ा (घरवाली पेड़वाली का जीतू), हिमानी शिवपुरी (हप्पू की उलटन पलटन की कटोरी अम्मा) और रोहिताश्व गौड़ (भाबीजी घर पर हैं के मनमोहन तिवारी)।

घरवाली पेड़वाली में जीतू का किरदार निभा रहे पारस अरोड़ा कहते हैं, 2026 में मैं सबसे पहले कोई नया म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट सीखना चाहता हूं, खासतौर पर गिटार। मुझे संगीत से हमेशा लगाव रहा है। यह मुझे सुकून देता है और अभिनय से अलग अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का



मौका देता है। नए साल में मैं खुद को एक नई चुनौती देना चाहता हूं, कुछ नया सीखना चाहता हूं और अपने वर्क कमिटमेंट्स के साथ ही अपने व्यक्तिगत विकास पर भी ध्यान देना चाहता हूं।

हप्पू की उलटन पलटन में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रहीं हिमानी शिवपुरी कहती हैं, नए साल 2026 में सबसे पहले मैं एक पेड़ लगाना चाहती हूं। मेरा मानना है कि छोटे-छोटे कदम भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं। नए साल की शुरूआत प्रकृति के लिए कुछ करके करना मेरे लिए खास है। मैं इसे हर साल की परंपरा बनाना चाहती हूं। इसके बाद मैं अपने लक्ष्यों और कृतज्ञता पर कुछ लिखने में समय बिताऊंगी और फिर एक लंबी मॉर्निंग वॉक पर जाऊंगी, ताकि साल की शुरूआत सही ऊर्जा के साथ हो सके।

वहीं भाबीजी घर पर हैं 2.0 में मनमोहन तिवारी के लोकप्रिय किरदार में नजर आने वाले रोहिताश्व गौड़ कहते हैं, 2026 की शुरूआत मैं खुद को बेहतर बनाने और नई चीजें सीखने के इरादे से करना चाहता हूं। एक अभिनेता के तौर पर अपनी कला को और निखारना मेरी प्राथमिकता है। इसके साथ ही मैं अपने परिवार के साथ भारत के नॉर्थ-ईस्ट हिस्सों की यात्रा करना चाहता हूं। वहां की प्राकृतिक सुंदरता और संस्कृति मुझे बहुत आकर्षित करती है। यात्रा मुझे खुद से जुड़ने का मौका देती है और मेरे अभिनय में भी गहराई लाती है।

## भारतीय सेना ने गोला-बारूद की आपूर्ति में 90 प्रतिशत से अधिक आत्मनिर्भरता हासिल की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ने गोला-बारूद की आपूर्ति में 90 प्रतिशत से अधिक आत्मनिर्भरता हासिल कर महत्वपूर्ण रणनीतिक उपलब्धि दर्ज की है। यह कदम देश की सैन्य तैयारियों को दीर्घकालिक और सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य, क्षेत्रीय तनाव और अनिश्चितताओं के दौर में किसी भी देश की युद्ध क्षमता केवल आधुनिक हथियारों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि लंबे समय तक निरंतर सैन्य संचालन बनाए रखने की क्षमता पर निर्भर रहती है। इसमें गोला-बारूद, स्पेयर पार्ट्स और लॉजिस्टिक्स की निरंतर उपलब्धता अहम भूमिका निभाती है। लंबे समय तक सेना गोला-बारूद की जरूरतों के लिए पारंपरिक उत्पादन प्रणालियों और विदेशी आयात पर निर्भर रही। इससे वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखलाओं में किसी भी तरह के व्यवधान की स्थिति में जोखिम बढ़ जाता था। हाल के अंतरराष्ट्रीय संघर्षों ने बताया है कि वे देश जो घरेलू स्तर पर गोला-बारूद का सतत उत्पादन कर सकते हैं, वही लंबे समय तक अपनी सैन्य गति और प्रभावशीलता बनाए रख पाते हैं। इस अनुभव से सीख लेकर भारतीय सेना ने गोला-बारूद उत्पादन में आत्मनिर्भरता को अपनी तैयारी की केंद्रीय रणनीति बनाया है।

आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल के अनुरूप सेना ने स्वदेशीकरण की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। सेना के अनुसार, वह वर्तमान में करीब 200 प्रकार के गोला-बारूद और प्रिसीजन म्यूनिशन का उपयोग करती है। नीतिगत सुधारों, सरल खरीद प्रक्रियाओं और रक्षा उद्योग के साथ मजबूत सहयोग के द्वारा इसमें से 90 प्रतिशत से अधिक का सफलतापूर्वक स्वदेशीकरण हो चुका है। इसका सीधा लाभ है कि अब इन गोला-बारूद की आपूर्ति देश के भीतर से ही सुनिश्चित हो रही है।

बीते चार-पांच वर्षों में खरीद प्रक्रियाओं का पुनर्गठन किया है, ताकि प्रतिस्पर्धा बढ़े और आपूर्ति के कई विकल्प उपलब्ध हों। 'मेक इन इंडिया' के तहत करीब 16,000 करोड़ रुपये का आदेश-पैकेज तैयार किया गया है, जबकि पिछले तीन वर्षों में करीब 26,000 करोड़ रुपये के गोला-बारूद के ऑर्डर स्वदेशी निर्माताओं को दिए गए हैं। अनेक श्रेणियों में बहु-स्रोत उपलब्ध होने से आपूर्ति-श्रृंखला और अधिक मजबूत हुई है।

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, अगला चरण इस उपलब्धि को और सुदृढ़ करने का है। विशेष रूप से प्रोपेलेंट, फ्यूज और अन्य कच्चे माल की घरेलू आपूर्ति-श्रृंखला को मजबूत करने, निर्माण अवसंरचना के आधुनिकीकरण, तकनीक हस्तांतरण में तेजी और कठोर गुणवत्ता मानकों के पालन पर जोर दिया जा रहा है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**